आर.एन.आई.नं. RAJHIN/2004/14675

जोधपुर, जयपुर एवं अजमेर से प्रकाशित राज्य स्तरीय दैनिक

# हुक्मनामा समाचार

वर्ष 22 : अंक 118 : मूल्य 2 रु. : पृष्ठ संख्या 8

www.hukmnamasamachar.com

जोधपुर, सोमवार, 19 जनवरी, 2026

www.Lokvarta.net

# प्रयागराज माघ मेले में मौनी अमावस्या पर भारी बवाल

## पुलिस ने रोकी शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद की पालकी

## प्रशासन और संतों के बीच तीखी नोक-झोंक

**प्रयागराज।** मौनी अमावस्या के पावन पर्व पर जहाँ संगम तट करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था से सराबोर था, वहीं प्रयागराज माघ मेले में पुलिस और ज्योतिष्पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के शिष्यों के बीच हुए भारी विवाद ने माहौल को तनावपूर्ण बना दिया।

विवाद इतना बढ़ा कि पुलिस ने शंकराचार्य की पालकी को जबरन रोक दिया, शिष्यों को हिरासत में लिया और धक्का-मुक्की के दौरान पालकी का छत्र भी टूट गया। इसके चलते शंकराचार्य बिना स्नान किए ही वापस लौट गए।

**पैदल जाने की जिद और विवाद की शुरुआत** विवाद उस समय शुरू हुआ जब शंकराचार्य अपनी पालकी और शिष्यों के साथ संगम की ओर बढ़ रहे थे। पुलिस ने अत्यधिक भीड़ का हवाला देते हुए शंकराचार्य को रथ/पालकी से उतरकर पैदल जाने को कहा। शंकराचार्य के शिष्यों ने इसे परंपरा और मान-मर्यादा के खिलाफ बताते हुए पालकी आगे बढ़ाने की कोशिश की। देखते ही देखते बहस धक्का-मुक्की में बदल गई।



**साधु की पिटाई और समर्थकों को हिरासत में लिया** चश्मदीदों के अनुसार, पुलिस ने कई शिष्यों को बलपूर्वक हिरासत में ले लिया। आरोप है कि पुलिस ने एक साधु को चौकी के भीतर ले जाकर पीटा। इस घटना से शंकराचार्य अत्यंत नाराज हो गए और अपने शिष्यों को छुड़वाने की मांग पर अड़ गए। प्रशासनिक अधिकारियों ने हाथ जोड़कर उन्हें समझाने का प्रयास किया, लेकिन करीब 2 घंटे तक गहमा-गहमी बनी रही। अंततः पुलिस पालकी को खींचते हुए संगम से करीब 1 किमी दूर ले गई, जिससे पालकी का क्षत्रप भी क्षतिग्रस्त हो गया।

**शंकराचार्य का तीखा हमला: 'सरकार के इशारे पर हो रही कार्रवाई'** मीडिया से बात करते हुए शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद ने प्रशासन और सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा: 'बड़े-बड़े अधिकारी हमारे संतों को मार रहे थे। यह सब सरकार के इशारे पर हो रहा है क्योंकि वे हमसे नाराज हैं। महाकुंभ की भगदड़ के लिए मैंने उन्हें जिम्मेदार ठहराया था, अब वे अधिकारियों के जरिए बदला निकाल रहे हैं। उन्हें ऊपर से आदेश है कि हमें परेशान किया जाए।'

**3 करोड़ से अधिक ने लगाई डुबकी, सुरक्षा के कड़े इंतजाम** इस हंगामे के बीच मौनी अमावस्या का मुख्य स्नान जारी रहा। प्रशासन के अनुसार अब तक करीब 3 करोड़ लोग संगम में डुबकी लगा चुके हैं, और यह आंकड़ा 4 करोड़ तक पहुँचने की उम्मीद है। पूरे मेला क्षेत्र की निगरानी ड्रोन,.द्ब (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) और सीसीटीवी कैमरों से की जा रही है। 800 हेक्टेयर में बसे इस मेले को 7 सेक्टरों में बांटकर सुरक्षा व्यवस्था संभाली जा रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### ईरानी प्रदर्शनकारी बोले- ट्रम्प ने हमें धोखा दिया

**तेहरान/वॉशिंगटन।** ईरान में प्रदर्शनकारियों ने कहा कि उन्हें अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से उम्मीद थी कि वे उनके लिए मददगार साबित होंगे। लेकिन अब ट्रम्प के रुख में बदलाव आ गया है, इससे वह अपने को ठगा महसूस कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि ट्रम्प ने जो कहा और बाद में जो किया, उनके बीच बहुत बड़ा फर्क था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, देश छोड़ गए एक ईरानी ने कहा- ट्रम्प ने हमें धोखा दिया और बेवकूफ बनाया। जब ट्रम्प ने कहा कि एक ईरानी अधिकारी ने उन्हें और हत्याएं न करने का भरोसा दिलाया है, तो यह सुनकर हम हैरान रह गए।

### महाराष्ट्र में महिला बोली- वोट डालने दूसरे जिले भेजा गया

**मुंबई।** महाराष्ट्र के बीड जिले की एक महिला ने दावा किया है कि उसे नगर निगम चुनाव में वोट डालने के लिए दूसरे जिले में ले जाया गया था। महिला के मुताबिक, वह अकेली नहीं है, जिसके साथ ऐसा हुआ। 15 जनवरी को चुनाव के दिन बीड जिले से करीब 4 बसों में भरकर महिलाएं पिंपरी-चिंचवड़ में वोट डालने गई थीं। महिला ने बताया कि वह बीड के गेवराई तालुका की रहने वाली है। उसे मतदान की जानकारी नहीं थी। उससे कहा गया था कि पुणे जिले के जेजुरी स्थित खंडोबा मंदिर में स्वयं सहायता समूह की एक बैठक होने वाली है। इसलिए महिलाएं बस में सवार होकर चली गईं।

महिला ने 17 जनवरी को बीड के पुलिस अधीक्षक से मामले की शिकायत की और बताया कि इन सब के पीछे एक अन्य महिला थी।

### डीजीसीए ने इंडिगो पर 22.20 करोड़ का फाइन लगाया

**नई दिल्ली।** डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन ने इंडिगो पर ?22.20 करोड़ का जुर्माना लगाया। यह एक्शन 3 से 5 दिसंबर, 2025 के बीच इंडिगो की 2507 फ्लाइट के कैंसिल होने और 1852 फ्लाइट में देरी होने पर लिया गया। इस कारण 3 लाख से ज्यादा यात्रियों को परेशानी हुई थी। जुर्माना एयरक्राफ्ट रूल्स, 1937 के रूल 133 के तहत लगाया गया है। इसके तहत कुल जुर्माना ?1.80 करोड़ है, लेकिन एफडीटीएल नियमों का 68 दिन तक पालन नहीं करने पर प्रतिदिन ?30 लाख का जुर्माना लगाया गया। जिसकी राशि 20.40 करोड़ है। इस तरह कुल जुर्माना 22.20 करोड़ हुआ।

### न्यूजीलैंड ने भारत में पहली बार वनडे सीरीज जीती

**इंदौर।** न्यूजीलैंड ने भारत में पहली बार वनडे सीरीज जीत ली है। टीम ने रविवार को इंदौर में खेले गए तीसरे वनडे मैच में मेजबानों को 41 रन से हराया। इतना ही नहीं, भारतीय टीम होलकर स्टेडियम में पहला मैच हारी है। 338 रन का टारगेट चेज कर रही भारतीय टीम 46 ओवर में 296 रन पर ऑलआउट हो गई। विराट कोहली ने 108 बॉल पर 124 रन की शतकीय पारी खेली, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। न्यूजीलैंड की ओर से क्रिस्टियन क्लार्क और जैक फॉल्क्स 3-3 विकेट झटके। डेरिल मिचेल ने 137 और ग्लेन फिलिप्स ने 106 रनों की शतकीय पारियां खेलीं।


## एमपी के जबलपुर में कार ने 13 मजदूरों को रौंदा

### 2 की मौत, 7 की हालत गंभीर



**जबलपुर।** मध्य प्रदेश के जबलपुर में रविवार को तेज रफ्तार कार ने 13 मजदूरों को कुचल दिया। हादसे में 2 मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 11 मजदूर घायल हो गए। घायलों में से 7 की हालत नाजुक है। सभी घायलों को मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर किया गया है। हादसा बरेला थाना क्षेत्र के एकता चौक पर दोपहर करीब 2 बजे हुआ। मृतकों की पहचान चैनवती बाई (40 वर्ष) और लच्छो बाई (40 वर्ष) के रूप में हुई है। मृतक और सभी घायल मंडला जिले के बीजाडांडी थाना क्षेत्र के बिहारिया गांव के रहने वाले हैं। डेढ़ माह से यहां मजदूरी कर रहे थे। जानकारी के अनुसार, मजदूर सड़क के डिवाइडर में लगी लोहे की जालियों की सफाई करने के बाद बैठकर खाना खा रहे थे। इसी दौरान बरेला से जबलपुर की ओर आ रही सफेद कार उन्हें रौंदते हुए भाग गई।स्थानीय लोगों ने तुरंत बरेला थाना पुलिस और डायल 108 को सूचना दी।

सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अनिल पटेल पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घायलों को अस्पताल भिजवाया। कलेक्टर राघवेंद्र सिंह और पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय भी घायलों का हाल जानने अस्पताल पहुंचे। घायल बोला- कार अचानक सामने आ गई घायल मजदूर महंत उइके ने बताया कि कार अचानक सामने आ गई और देखते ही देखते साथियों को कुचलते हुए भाग गई।



## पूर्व उपराष्ट्रपति धनखड़ की एस्कॉर्ट गाड़ी का एक्सीडेंट

**नूंह।** हरियाणा के नूंह में पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के काफिले की एक गाड़ी दुर्घटना का शिकार हो गई। कार का आगे का हिस्सा पूरी तरह से डैमेज हो गया। वहीं काफिले का पास से गुजर रही एक अन्य गाड़ी भी इसकी चपेट में आ गई। टक्कर इतनी तेज थी कि दूसरा गाड़ी आगे से पूरी तरह से टूट गई। उसका इंजन का हिस्सा भी बाहर निकल गया। पुलिस का कहना है कि हादसे में किसी को कोई गंभीर चोट नहीं आई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दिल्ली-जयपुर रोड पर जा रहे एक ट्रक ने अचानक ब्रेक लगा दिए। जिससे पीछे चल रही एक गाड़ी पीछे से उसमें जा घुसी।

## ग्रीनलैंड- ट्रम्प के विरोध में हजारों लोग सड़कों पर

### अमेरिका के साथ ट्रेड एग्रीमेंट रोकने की तैयारी में यूरोपीय संघ

**नुउक।** ग्रीनलैंड में ट्रम्प के विरोध में शनिवार को हजारों लोग सड़कों पर उतर आए। लोगों ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के ग्रीनलैंड पर कब्जे को लेकर दिए बयानों पर नाराजगी जताई। प्रदर्शनकारियों ने 'ग्रीनलैंड बिक्री के लिए नहीं है' के नारे लगाए। बर्फीली सड़कों के बीच प्रदर्शनकारी ग्रीनलैंड की राजधानी नुउक के डाउनटाउन से अमेरिकी वाणिज्य दूतावास तक पहुंचे। इस दौरान उन्होंने राष्ट्रीय झंडे लहराए और विरोधी पोस्टर थामे रहे।


पुलिस के मुताबिक यह अब तक का सबसे बड़ा प्रदर्शन माना जा रहा है, जिसमें नुउक की लगभग एक-चौथाई आबादी शामिल हुई। इसी दौरान अमेरिका ने यूरोप के 8 देशों पर 10% टैरिफ लगाने का ऐलान कर दिया। ये देश ग्रीनलैंड पर अमेरिका के कब्जे की धमकी का विरोध कर रहे थे। इससे ग्रीनलैंड के लोगों में ट्रम्प को लेकर गुस्सा और बढ़ गया। दूसरी ओर यूरोपीय संघ के सांसद अमेरिका के साथ हुए ट्रेड एग्रीमेंट की मंजूरी रोकने की तैयारी में हैं।




यूरोपियन पीपुल्स पार्टी के अध्यक्ष मैनफ्रेड वेबर ने शनिवार को सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर कहा कि ट्रम्प की ग्रीनलैंड धमकियों के कारण अमेरिका से समझौते को मंजूरी देना संभव नहीं है। मैनफ्रेड वेबर ने सोशल मीडिया पर कहा कि ईपीपी व्यापार समझौते के पक्ष में था, लेकिन ट्रम्प की ग्रीनलैंड धमकियों के कारण अब मंजूरी संभव नहीं। उन्होंने अमेरिकी उत्पादों पर 0% टैरिफ को होल्ड करने की बात कही। यूरोपीय संसद के अन्य समूह भी समझौते को फ्रीज करने की मांग कर रहे हैं। अगर फैसले को लेकर सहमति बनती है, तो समझौता रुक सकता है।

ईयू-यूएस ट्रेड एग्रीमेंट को यूरोपीय कमीशन की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने पिछले साल तय किया था। यह समझौता आंशिक रूप से लागू हो चुका है, लेकिन इसे अंतिम मंजूरी यूरोपीय संसद से मिलना अभी बाकी है। अगर ईपीपी के सांसद वामपंथी दलों के साथ इसके विरोध में खड़े होते हैं, तो उनके पास इतनी संख्या हो सकती है कि वे इस समझौते की मंजूरी को टाल दें या पूरी तरह रोक दें।

## धर्म ही पूरी सृष्टि का संचालक, कोई भी चीज इसके बिना नहीं रह सकती: भागवत




**मुंबई।** आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने ने रविवार को कहा कि धर्म ही पूरी सृष्टि का संचालक है। जब सृष्टि बनी, तब उसे चलाने के लिए जो नियम बने, वही धर्म है। पूरी दुनिया उन्हीं नियमों पर चलती है। इसलिए कोई भी पूरी तरह अधर्मी नहीं हो सकता। राज्य भले ही सेकुलर हो सकता है, लेकिन मनुष्य, प्रकृति या सृष्टि की कोई भी चीज धर्म के बिना नहीं रह सकती। संघ प्रमुख ने ये बात मुंबई में आयोजित 'विहार सेवक ऊर्जा मिलन' कार्यक्रम में कही। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि पानी का धर्म बहना है और आग का धर्म जलाना है। इसी तरह हर व्यक्ति का भी अपना-अपना धर्म और कर्तव्य होता है, जैसे पुत्र धर्म, राजधर्म और समाज धर्म। ये नियम और अनुशासन हमारे पूर्वजों ने गहरे आध्यात्मिक चिंतन और कठिन साधना से समझे। उन्होंने पैदल-पैदल देशभर में घूमकर, बिना भाषण दिए भी, आम लोगों के जीवन में धर्म को उतार दिया। इसलिए भारतवर्ष की रग-रग में धर्म बसता है। उन्होंने कहा कि उनके पास कोई ड्राइवर नहीं है, लेकिन उन्हें, पीएम नरेंद्र मोदी और हम जैसे अनेक लोगों को चलाने वाली एक ही शक्ति है। वही शक्ति आपको भी चला रही है।

## पेनल्टी कॉर्नर




## पटेला री पोल

प्री प्राइमरी से लागू आरटीआई, कोर्ट का फरमान जारी<br>
स्कूल इससे बच रहे थे, क्योंकि उन्हें पड रहा था भारी<br>
सरकार की सही थी सोच, इसलिए कोर्ट ने माना सही<br>
शिक्षा का बनेगा नया माहौल, सुधर जाएगी देश की बही

..मुखिया जी

## बिहार में दोबारा जंगलराज रोका, अब बंगाल से विदा करेंगे- पीएम मोदी

### घुसपैठ रोकने के लिए फेंसिंग जरूरी

**सिंगूर।** पीएम नरेंद्र मोदी ने रविवार को पश्चिम बंगाल में कहा कि यहां की जनता अब असली परिवर्तन चाहती है। हर कोई 15 साल के महाजंगल राज को बदलना चाहता है। अभी तो बीजेपी-एनडीए ने बिहार में जंगलराज को रोका है। अब टीएमसी के महाजंगलराज को विदा करने के लिए तैयार है। पीएम ने सिंगूर में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा- घुसपैठिए बचाने के लिए टीएमसी किसी भी हद तक जा सकती है। केंद्र सरकार ने कई बार चिट्ठी लिखी कि बॉर्डर पर फेंसिंग के लिए जमीन चाहिए, लेकिन बंगाल सरकार को कोई फर्क नहीं पड़ता क्योंकि घुसपैठिए इनके पक्के वोटर हैं।



पीएम ने सिंगूर में 837 करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट्स का शिलान्यास और इनॉगरेशन किया। इससे पहले सुबह पीएम असम में थे। वहां मोदी ने कलियाबोर में ?6,957 करोड़ के काजीरंगा एलिवेटेड कॉरिडोर की आधारशिला रखी। पीएम ने दो अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों- डिब्रूगढ़-गोमती नगर (लखनऊ) और कामाख्या-रोहतक को वर्चुअली हरी झंडी दिखाई।


टीएमसी के राज में बेटियां सुरक्षित नहीं हैं। यहां की शिक्षा व्यवस्था माफिया, भ्रष्टाचारियों के कब्जे में है। भाजपा को आपका एक वोट पक्का करेगा कि कॉलेज में रेप-हिंसा की घटनाओं पर लगाम लगे। एक वोट तय करेगा कि बंगाल में संदेशखाली जैसी घटना ना हो।

टीएमसी का छोटे से छोटा नेता खुद को बंगाल का माईबाप समझने लगा है। हुगली को इन्होंने शिक्षक भर्ती घोटाले के लिए बदनाम किया है। बीजेपी इन्हें सजा दिलाएगी। आपको एक बात याद रखनी है बंगाल में निवेश तभी आएगा।

जब यहां माफिया, दंगाइयों को हटाया जाएगा। बंगाल के नौजवानों, किसानों, माताओं-बहनों की हर संभव सेवा करूं, ये मेरा प्रयास रहता है। यहां की टीएमसी सरकार केंद्र की योजनाओं को आप तक पहुंचने नहीं देती। इनको मोदी से दिक्कत है, ये मुझे समझ आता है, लेकिन टीएमसी बंगाल के लोगों से अपनी दुश्मनी निकाल रही है।

## यूपी में कोहरे में 70 वाहन टकराए, 12 की मौत

### हिमाचल में तापमान माइनस 2.6 डिग्री



**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के 50 जिलों में रविवार को घना कोहरा छाया। जीरो विजिबिलिटी के कारण अलग-अलग शहरों में 70 वाहन टकराए। कुल 22 हादसों में 12 की मौत हुई, 75 लोग घायल हैं। अकेले अमरोहा में 15 वाहन टकराए। शनिवार को भी 16 जिलों में सड़क हादसों में 7 लोगों की मौत हुई थी। हिमाचल प्रदेश में ताबो का तापमान राज्य में सबसे कम -2.6 डिग्री रहा। उत्तराखंड के चमोली और पिथौरागढ़ के ऊंचे इलाकों में शनिवार को बर्फबारी हुई। बिहार के 18 जिलों में कोहरे को लेकर यलो अलर्ट जारी किया गया है। यहां के 15 जिलों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से नीचे रहा। भागलपुर के साबौर में सबसे कम तापमान 5.4 डिग्री रहा। दिल्ली में रविवार सुबह घना कोहरा छाया रहा, न्यूनतम तापमान 5.3 डिग्री रहा, जो मौसम के औसत से 2.3 डिग्री कम है।

CMYK

## दो दिवसीय हिंदू सम्मेलन का शुभारंभ

# विराट हिंदू सम्मेलन की शौभायात्रा में उमड़ा जनसैलाब



**सायला ( हुक्मनामा समाचार )।** शहर में शनिवार को विराट हिंदू सम्मेलन के प्रथम दिन भव्य कलश यात्रा व शौभायात्रा का आयोजन किया गया।जिसमे जनसैलाब उमड़ पड़ा।शौभायात्रा को लेकर नवीन बस स्टेंड के पास स्थित लेहर भारती कुटिया प्रांगण में पारम्परिक वेशभूषा में सजधज कर नगरवासियों के आने का सिलसिला शुरू हो गया था।इसके बाद साधु संतो के सानिध्य में भगवा ध्वज दिखाकर रवाना की। शौभायात्रा में सबसे आगे कलशधारी बालिकाएं चल रही थी।जिनके पीछे डीजे के भक्ति गीतों पर श्रद्धालु भगवान श्रीराम के जयघोष करते हुए झूमते चल रहे थे।साथ ही सुसज्जित रथों पर संत महात्मा विराजमान थे।ट्रैक्टर ट्रॉलियों पर विभिन्न स्कूलों की झांकियां सजी हुई थी।नगरवासी भगवा ध्वज लहराते हुए चल रहे थे।विद्यार्थी नासिक ढोल पर पूर्ण अनुशासन के साथ शास्त्रीय नृत्य करते हुए चल रहे थे।कलश यात्रा जिन मार्गों से गुजरा वो पूर्ण भक्तिमय हो गया।कलश यात्रा लहर भारती कुटिया से रवाना होकर नवीन बस स्टेंड,तहसील,पुलिस थाना,पुराना बस स्टेंड होती हुई ओटवाला रोड स्थित श्रीबालाजी मंदिर पहुंचकर विसर्जित हुई।शोभायात्रा का जगह जगह व्यापारियों द्वारा पुष्प वर्षा का स्वागत किया।इस दौरान थानाधिकारी सुरेंद्रसिंह चौधरी के निर्देशन में पुलिस जाब्ता यातायात व्यवस्था सुचारू करता नजर आया। शिव तांडव नृत्य ने मनमोहाशोभायात्रा में मनोज रिया एंड पार्टी की विभिन्न देवी देवताओं की झांकियां आकर्षण का केंद्र रही। पार्टी द्वारा शिव तांडव नृत्य,अग्नि नृत्य आदि की भस्म के साथ कर सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया।जिन्हें देखने के लिए शहर के प्रमुख मार्गो पर जनसमूह देखने उमड़ पड़ा। हिंदू सम्मेलन आज विराट हिंदू सम्मेलन का रविवार को ओटवाला रोड स्थित बालाजी मंदिर के सामने आयोजन किया जाएगा।सम्मेलन में सिरे मंदिर गादीपति गंगानाथ महाराज, मलकेश्वर मठ जालोर महंत सेवाभारती महाराज,मंडवारिया महंत तीर्थगिरी महाराज, लालवाड़ा महंत रविशरणानंदगिरि महाराज, गणेश आश्रम बाण महंत राजगिरी महाराज उपस्थित रहेंगे। जिसमे धर्म जागरण में साधु संतो द्वारा संबोधित किया जाएगा।जबकि मुख्यवक्ता प्रांत प्रचारक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विजयानंद रहेंगे।साथ ही प्रकाश माली बालोतरा द्वारा राष्ट्रभक्ति भजनों की प्रस्तुतियां दी जाएगी।तथा नारी शक्ति पुरस्कार सम्मानित रूमादेवी भी शिरकत करेगी।जिसकी सम्पूर्ण तैयारियां कमेटी द्वारा पूर्ण कर समीक्षा की गई।वही रविवाद को सायला शहर का संपूर्ण व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रहेगा।

## एक ही छत के नीचे सभी आवश्यक सुविधा मिलने से किसान प्रसन्नचित

**जैसलमेर ( हुक्मनामा समाचार )।** खरीफ विपणन सत्र 2025-26 के अंतर्गत न्यूनतम समर्थन मूल्य दरू्स्क) पर जिंसों की खरीद प्रक्रिया को अधिक सुगम, पारदर्शी एवं किसान-हितैषी बनाने के लिए नाचना क्रय-विक्रय सहकारी समिति द्वारा अभिनव पहल की गई है। समिति परिसर में 'किसान मित्र सेवा केंद्र' के माध्यम से किसानों को 'एक ही छत के नीचे' सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं प्रमुख सुविधाएं एवं तकनीकी प्रबंधन समिति ने वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाते हुए खरीद प्रक्रिया के दौरान होने वाली तकनीकी बाधाओं को दूर करने हेतु एक समर्पित हेल्पडेस्क स्थापित की है। किसानों के सहयोगार्थ नि:शुल्क फोटोकॉपी, त्वरित बायोमेट्रिक सत्यापन, शीतल पेयजल एवं बैठने के लिए माकूल व्यवस्थित छाया की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। अध्यक्ष एवं जनप्रतिनिधियों का संबोधन समिति अध्यक्ष ने अवगत कराया कि 'हमारा प्राथमिक लक्ष्य किसानों को सेवा-केंद्रित माहौल प्रदान करना है। भारेवाला और मदासर जैसे उप-केंद्रों के किसानों के लिए भी तकनीकी संसाधनों को सुदृढ़ किया गया है ताकि किसी भी कृषक को विक्रय पर्ची या पंजीकरण में असुविधा न हो।' स्थानीय सरपंच प्रतिनिधि ने इन व्यवस्थाओं को ग्रामीण अर्थव्यवस्था के सशक्तीकरण हेतु एक महत्वपूर्ण कदम बताया। लाभार्थी किसानों की प्रतिक्रिया समिति में उपस्थित किसानों ने प्रशासन के प्रति संतोष व्यक्त किया। किसानों का कहना है कि पूर्व में दस्तावेजों एवं बायोमेट्रिक के लिए बाजार के चक्कर लगाने पड़ते थे, किंतु अब समिति के भीतर ही समाधान मिलने से समय और श्रम की बड़ी बचत हो रही है।

## नाबालिग की अश्लील वीडियो वायरल करने वाला आरोपी गिरफ्तार, महिला व बाल सुरक्षा को लेकर फलोदी पुलिस की सख्त कार्रवाई




**फलोदी ( हुक्मनामा समाचार )।** महिला एवं बालकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए फलोदी पुलिस ने नाबालिग बालिका से जुड़े गंभीर अपराध के एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक जिला फलोदी कुंदन कंवरिया आईपीएस ने बताया कि जिले में महिलाओं व बच्चों के विरुद्ध अपराधों पर जीरो टॉलरेंस नीति के तहत त्वरित एवं सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।इन्हीं निर्देशों की पालना में ब्रजराजसिंह चारण आरपीएस, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक फलोदी एवं नगेन्द्र कुमार, वृताधिकारी लोहावट के सुपरविजन में थानाधिकारी देचू ओमप्रकाश के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने नाबालिग की अश्लील वीडियो बनाकर वायरल करने के मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया।घटना का विवरणदिनांक 02 अगस्त 2025 को प्रार्थी द्वारा पुलिस थाना देचू में रिपोर्ट पेश की गई, जिसमें आरोप लगाया गया कि आरोपी मगाराम उसकी नाबालिग पुत्री की अश्लील वीडियो बनाकर उसे वायरल करने की धमकी देता था तथा अवैध संबंध बनाने का दबाव डालता था। बच्ची द्वारा मना करने पर आरोपी ने कथित तौर पर वीडियो वायरल कर दी। रिपोर्ट के आधार पर प्रकरण दर्ज कर गहन अनुसंधान प्रारंभ किया गया।पुलिस कार्रवाईपुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए 17 जनवरी 2026 को प्राप्त आसूचना के आधार पर आरोपी मगाराम उर्फ मगराज पुत्र चैनाराम, जाति जाट, निवासी गोरछिया की ढाणी, शिवपुरा, थाना देचू, जिला फलोदी को गिरफ्तार किया गया।

इस प्रकरण में एक अन्य आरोपी सवाईराम पुत्र मोतीराम को पूर्व में ही गिरफ्तार किया जा चुका है। मामले में आगे की जांच जारी है। पुलिस की अपील फलोदी पुलिस ने आमजन से अपील की है कि वे बच्चों को गुड टच और बैड टच के बारे में जागरूक करें तथा किसी भी प्रकार के दुर्व्यवहार या अपराध की सूचना तुरंत नजदीकी पुलिस थाना या पुलिस नियंत्रण कक्ष को दें। पुलिस ने भरोसा दिलाया कि ऐसी शिकायतों पर त्वरित और गोपनीय कार्रवाई की जाएगी।

# वेद भवन में अमृतवाणी सत्संग, भजनों और रामनाम से भक्तिमय हुआ माहौल



**फलोदी ( हुक्मनामा समाचार )।** सत्संग मंडल परिवार (वेद भवन) फलोदी की ओर से नियमित रविवार सत्संग का आयोजन वेद भवन में सुबह 10 बजे किया गया। सत्संग का शुभारंभ गणेश व गुरु वंदना से हुआ। इसके पश्चात भेरूलाल जीनगर, कल्पना थानवी, लालजी व्यास, अशोक जोशी एवं जयप्रकाश गुचिया द्वारा प्रस्तुत मधुर भजनों से पूरा वेद भवन भक्तिरस में सराबोर हो गया। कार्यक्रम के दौरान 'आपणी धोती आपणी वेश समिति' के धनसुख पुरोहित, बृजमोहन बोहरा एवं दिलीप व्यास ने उपस्थित श्रद्धालुओं को 25 जनवरी 2026 को पारंपरिक वेशभूषा में निकलने वाली शोभायात्रा में शामिल होने का आमंत्रण दिया। यह शोभायात्रा फला देवी मंदिर से प्रारंभ होकर दुर्ग तक जाएगी। मंडल की ओर से देवीप्रसाद पुरोहित, जगदीश व्यास एवं सूरज डॉयल ने अतिथियों का अपर्णा ओढ़ाकर स्वागत किया।सत्संग में पुणे से अमृतवाणी मंडल लोनावाला के भक्त राधेश्याम थानवी सपत्नीक कल्पना थानवी के साथ शामिल हुए, जिनका अभिनंदन हस्तीमल सुथार एवं किशन प्यारी कल्ला ने किया। अमृतवाणी पाठ चंपालाल गुचिया के साथ अशोक जोशी, मुकेश थानवी, भेरूलाल जीनगर एवं सभी भक्तों ने सामूहिक रूप से किया, जिससे वातावरण राममय हो गया।भंवरलाल सोलंकी ने 'राम जपो सुख पाओ' का संदेश दिया। प्रार्थना रीतिका शर्मा एवं फुसाराम जीनगर के साथ सभी भक्तों ने की। रामनाम की धुन पर तालियों के साथ सामूहिक जप हुआ। ध्यान, भोग एवं आरती के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। आयोजन में देवकिशन पंचारिया, राजा बोहरा, गोपाल थानवी, सूरज डॉयल एवं मोहनलाल राठौड़ का सराहनीय सहयोग रहा।

## हिन्दू सम्मेलन को लेकर मोहल्ला बैठकों का आयोजन 30 जनवरी को होगा विशाल सम्मेलन



**फलोदी ( हुक्मनामा समाचार )।** शहर की प्रमुख मां लटियाल बस्ती में प्रस्तावित विशाल हिन्दू सम्मेलन को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में हिन्दू सम्मेलन आयोजन समिति, मां लटियाल बस्ती की ओर से रविवार को नथावतों का चौक एवं नृसिंह द्वारा मोहल्ले में बैठकें आयोजित की गईं। बैठकों में आगामी 30 जनवरी 2026 को फलों बेरी, लटियालपुरा स्कूल के पास आयोजित होने वाले हिन्दू सम्मेलन की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम संयोजक ब्रजमोहन बोहरा ने बताया कि सम्मेलन की सफलता के लिए मां लटियाल बस्ती को 7 मोहल्लों में विभाजित किया गया है। प्रत्येक मोहल्ले में अलग-अलग टोलियां गठित की गई हैं, जो घर-घर संपर्क कर बस्ती के सभी हिन्दू परिवारों को सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का निमंत्रण देंगी।बैठक को संबोधित करते हुए जयराम गज्जा ने कहा कि यदि हिन्दू समाज संगठित रहेगा तो उसे कोई तोड़ नहीं सकता। हिन्दू सम्मेलन हिन्दू जागरण का महापर्व है, जिसमें सभी समाजजनों की सहभागिता आवश्यक है। उन्होंने कहा कि आज सनातन धर्म के प्रति जागरूकता लाने के लिए ऐसे आयोजनों की आवश्यकता पड़ रही है, जो समाज के लिए आत्ममंथन का विषय है। इतिहास साक्षी है कि जब समाज उदासीन हुआ, तब आक्रमणों का मार्ग प्रशस्त हुआ। उन्होंने वर्तमान समय में मोबाइल और सोशल मीडिया को सामाजिक समरसता के लिए चुनौती बताते हुए परिवारों से सप्ताह में कम से कम एक दिन सामूहिक भोजन करने, सायंकाल आरती करने तथा मोहल्ले के मंदिरों में सामूहिक आरती का आह्वान किया।

# राजकार्य में बाधा व विद्युत कर्मियों से मारपीट के मामले में फलोदी पुलिस की बड़ी कार्रवाई दो फरार आरोपी गिरफ्तार



**फलोदी ( हुक्मनामा समाचार )।** जिले में बदमाशों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस थाना बाप क्षेत्र में राजकार्य में बाधा पहुंचाने तथा विद्युत विभाग के कर्मचारियों के साथ मारपीट के मामले में फरार चल रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।पुलिस अधीक्षक कुंदन कंवरिया आईपीएस ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक फलोदी ब्रजराजसिंह चारण आरपीएस के सुपरविजन में वृताधिकारी फलोदी अचलसिंह देवड़ा के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने यह कार्रवाई की। घटना दिनांक 19 दिसंबर 2025 की है, जब विद्युत विभाग की टीम ग्राम पंचायत मोडकिया में बकाया वसूली एवं विजिलेंस कार्य हेतु अवैध ट्यूबवेल को लेकर पूछताछ कर रही थी। इसी दौरान मोटरसाइकिल पर सवार तीन युवक मौके पर पहुंचे और गाली-गलौच करते हुए विद्युत कर्मचारियों के साथ मारपीट की। आरोपियों ने घटना का वीडियो बना रहे कर्मचारी का मोबाइल फोन भी छीनकर फरार हो गए थे।

पुलिस द्वारा लगातार प्रयासों के बाद दिनांक 17 जनवरी 2026 को वांछित आरोपी नेपालसिंह उर्फ नेहपालसिंह पुत्र उत्तमसिंह एवं चन्द्रसिंह पुत्र गायडसिंह, दोनों निवासी खाखूरी थाना बाप, जिला फलोदी को गिरफ्तार किया गया।

प्रारंभिक जांच में सामने आया कि अवैध रूप से बिजली का उपयोग कर ट्यूबवेल चलाने को लेकर हुए विवाद के चलते यह वारदात की गई।गिरफ्तार आरोपियों के विरुद्ध पूर्व में भी कई आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं।

पुलिस ने बताया कि आरोपियों से आगे की पूछताछ एवं अनुसंधान जारी है।पुलिस ने आमजन से अपील की है कि कानून का पालन करें तथा किसी भी संदिग्ध या आपराधिक गतिविधि की सूचना पुलिस को दें। सूचना देने वाले की पहचान पूर्णत: गोपनीय रखी जाएगी।

## एक नजर

### ओसियां में एबीवीपी का प्रेरक सेवा अभियान, नेत्र जांच शिविर व कम्बल वितरण



**ओसियां ( हुक्मनामा समाचार )।** राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई ओसियां, जिला फलोदी ने समाज सेवा की एक प्रेरक मिसाल प्रस्तुत की। नगर अध्यक्ष योगेन्द्र सिंह तंवर ने बताया कि के अंतर्गत ओसियां की सेवा बस्ती में आयोजित निशुल्क नेत्र जांच एवं चिकित्सा परामर्श शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टर हरीश बिश्नोई एवं डॉक्टर पवन सुथार ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं।इस सेवा शिविर में 217 जरूरतमंद नागरिकों की नेत्र जांच कर उन्हें उचित चिकित्सक परामर्श दिया गया। साथ ही सर्दी के मौसम को ध्यान में रखते हुए कम्बल वितरण भी किया गया।विभाग संयोजक रावल जोशी ने कहा कि एबीवीपी का यह प्रयास समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुँचाने तथा विद्यार्थियों में सेवा, समर्पण और राष्ट्रभाव के संस्कार विकसित करने की दिशा में सतत रूप से कार्य कर रहा है।इस अवसर पर जिला संयोजक समंदर सिंह राजपुरोहित ने कहा कि 'एबीवीपी केवल छात्र संगठन नहीं, बल्कि सेवा और संस्कारों के माध्यम से समाज को दिशा देने वाला राष्ट्रवादी आंदोलन है। विद्यार्थी जब सेवा को जीवन का उद्देश्य बनाते हैं, तब सामाजिक परिवर्तन संभव होता है।' वहीं समाजसेवी डॉ. रवि प्रकाश ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि 'युवाओं की ऊर्जा यदि समाज सेवा में लगे, तो वही ऊर्जा राष्ट्र निर्माण की सबसे मजबूत नींव बनती है।

### दो दिवसीय हिंदू सम्मेलन का शुभारंभ,हिंदू सम्मेलन आज


**सायला ( हुक्मनामा समाचार )।** शहर में शनिवार को विराट हिंदू सम्मेलन के प्रथम दिन भव्य कलश यात्रा व शौभायात्रा का आयोजन किया गया।जिसमे जनसैलाब उमड़ पड़ा।शौभायात्रा को लेकर नवीन बस स्टेंड के पास स्थित लेहर भारती कुटिया प्रांगण में पारम्परिक वेशभूषा में सजधज कर नगरवासियों के आने का सिलसिला शुरू हो गया था।इसके बाद साधु संतो के सानिध्य में भगवा ध्वज दिखाकर रवाना की।शौभायात्रा में सबसे आगे कलशधारी बालिकाएं चल रही थी।जिनके पीछे डीजे के भक्ति गीतों पर श्रद्धालु भगवान श्रीराम के जयघोष करते हुए झूमते चल रहे थे।साथ ही सुसज्जित रथों पर संत महात्मा विराजमान थे।ट्रैक्टर ट्रॉलियों पर विभिन्न स्कूलों की झांकियां सजी हुई थी।नगरवासी भगवा ध्वज लहराते हुए चल रहे थे।


### प्राथमिक विद्यालय अध्यापक सीधी भर्ती परीक्षा में दूसरे दिन 95 फीसदी अभ्यर्थी शामिल

**बाड़मेर ( हुक्मनामा समाचार )।** राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की ओर से बाड़मेर जिला मुख्यालय पर रविवार को आयोजित प्राथमिक विद्यालय अध्यापक लेवल द्वितीय सीधी भर्ती परीक्षा के दौरान 95 फीसदी अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए। सोमवार को दो पारियों में परीक्षा का आयोजन होगा।परीक्षा समन्वयक एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर राजेंद्र सिंह चांदावत ने बताया कि बाड़मेर जिला मुख्यालय पर रविवार को दो पारियों में 12 परीक्षा केंद्रों पर प्राथमिक विद्यालय अध्यापक लेवल द्वितीय सीधी भर्ती परीक्षा आयोजित हुई। इस दौरान प्रथम पारी के दौरान विज्ञान विषय की परीक्षा में 95.16 फीसदी 3264 में से 3106 परीक्षार्थी उपस्थित हुए। जबकि 158 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि द्वितीय पारी में गणित विषय की परीक्षा के दौरान 95.53 फीसदी 3264 में से 3118 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए। जबकि 146 अभ्यर्थी परीक्षा में अनुपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि परीक्षा के दौरान जिला एवं पुलिस प्रशासन की ओर से माकूल इंतजाम किए गए।सोमवार को दो पारियों में परीक्षा आयोजित होगीराजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर की ओर से आयोजित होने वाली प्राथमिक विद्यालय अध्यापक लेवल द्वितीय सीधी भर्ती परीक्षा के दौरान बाड़मेर जिले में सोमवार को प्रथम पारी में अंग्रेजी, द्वितीय पारी में हिन्दी, 20 जनवरी को प्रथम पारी एवं द्वितीय पारी में संस्कृत विषय की परीक्षा आयोजित होगी।

### सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा हर्षोल्लास से सम्पन्न



**सोजत ( हुक्मनामा समाचार )।** पूर्णेश्वर धाम में आयोजित श्रीमद्भागवत गीता कथा महोत्सव का आज सातवां एवं अंतिम दिन अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। अंतिम दिन कथा श्रवण के लिए हजारों श्रद्धालु प्रात:काल से ही पंडाल में उमड़ पड़े। श्रद्धालुओं की अपार भीड़ से संपूर्ण धाम भक्तिमय वातावरण में डूबा नजर आया। कथा वाचन के दौरान संत गोविंद गिरी महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य लीलाओं, विशेषकर सुदामा चरित्र का अत्यंत भावपूर्ण वर्णन किया। कृष्ण-सुदामा की मित्रता, त्याग और करुणा से परिपूर्ण प्रसंग सुनकर पंडाल में उपस्थित अनेक श्रद्धालुओं, विशेषकर महिलाओं की आंखें नम हो गईं। महाराज ने गीता के उपदेशों के माध्यम से मानव जीवन में भक्ति, कर्म और सदाचार का महत्व विस्तार से बताया। इस पावन अवसर पर एक महत्वपूर्ण आध्यात्मिक प्रसंग भी देखने को मिला। संत गोविंद गिरी जी महाराज द्वारा वचनाराम राठौड़ को संत उपाधि प्रदान कर उन्हें 'संत वचानाराम जी राठौड़' की उपाधि से विभूषित किया गया तथा गुरु मंत्र का उपदेश दिया गया। वहीं संत गुरु शरणानंद जी ने गुरु-मित्रों के साथ संत उपाधि प्रदान कर आयोजन की गरिमा को और बढ़ाया।इसके साथ ही उपासनाधारी संत वचनाराम राठौड़ ने आज वानप्रस्थ आश्रम की दीक्षा ग्रहण कर आध्यात्मिक जीवन की नई दिशा की ओर कदम बढ़ाया। सात दिनों तक चले इस भव्य श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की सहभागिता रही। कथा के माध्यम से कर्म, भक्ति, वैराग्य और मोक्ष का संदेश दिया गया, जिससे श्रोताओ को जीवन में सत्य और सदाचार के मार्ग पर चलने की प्रेरणा मिली।

# सरकारी बैंक के मैनेजर्स ने किया एक हजार 621 करोड़ का घोटाला

## मिलीभगत से खोले 17 फर्जी अकाउंट, सीबीआई ने की 30 जनों के खिलाफ दर्ज की एफआईआर

हुक्मनामा समाचार

**जोधपुर।** राजस्थान के श्रीगंगानगर में पंजाब एंड सिंध बैंक की दो शाखाओं में बैंक अधिकारियों की मिलीभगत से 1621 करोड़ रुपए का घोटाला उजागर हुआ है। सीबीआई (जोधपुर) ने इस मामले में बैंक के दो तत्कालीन ब्रांच मैनेजरों समेत 30 से ज्यादा लोगों और फर्मों के खिलाफ दो अलग-अलग एफआईआर दर्ज की हैं।

घोटालेबाजों ने साइबर फ्रॉड और मनी लॉन्ड्रिंग की काली कमाई को सफेद करने के लिए म्यूल अकाउंट्स का इस्तेमाल किया। सीबीआई ने 21 जुलाई 2025 को जांच शुरू की थी। केस में 13 जनवरी को एफआईआर दर्ज की गई। एजेंसी के अनुसार फर्जी कंपनियों के जरिए ये फर्जीवाड़ा किया गया। आरोपियों ने कुछ महीनों में 17 खातों के जरिए




हजारों करोड़ रुपए इधर-उधर कर दिए। सीबीआई एफआईआर के अनुसार, इस साजिश के मुख्य आरोपी पंजाब एंड सिंध बैंक के दो तत्कालीन ब्रांच मैनेजर विकास वाधवा (सीनियर मैनेजर, गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल ब्रांच) और अमन आनंद (चीफ मैनेजर, मुख्य शाखा, श्रीगंगानगर) थे। इन्होंने आदित्य गुप्ता उर्फ विशाल गुप्ता (जीरकपुर, चंडीगढ़), प्रवीण अरोड़ा, प्रेम कुमार सैन और आतिल खान के साथ मिलकर फ्रॉड किया।

**फर्जी फर्मे और जाली दस्तावेजों का इस्तेमाल :** इस गैंग ने कुल 17 फर्जी फर्मों और कंपनियों के नाम पर 'म्यूल' करंट अकाउंट्स खोले थे। आरोपियों ने जाली केवाईसी दस्तावेज, फर्जी रेंट एग्रीमेंट और अन्य बनावटी सहायक दस्तावेज तैयार करके बैंक में जमा कराए। आरोपी मैनेजर्स ने मौके पर गए बिना ही फर्जी साइट विजिट रिपोर्ट और बिजनेस वेरिफिकेशन तैयार कर दीं, ताकि खाते आसानी से खुल सकें। मुख्य ब्रांच में 20 दिन (19 जून से 9 जुलाई 2024) के भीतर 4 खाते खोले गए, जिनमें लगभग 537 करोड़ रुपए का लेनदेन हुआ। वहीं, गर्ल्स स्कूल ब्रांच में अगस्त 2024 से मार्च 2025 की अवधि में कुल 13 खाते खोले गए, जिनमें लगभग 1084 करोड़ रुपए का लेनदेन हुआ था।

**फंड की लेयरिंग और नुकसान :** खाते एक्टिव होने के बाद, इनका उपयोग साइबर क्राइम और अन्य अवैध गतिविधियों से प्राप्त काली कमाई को बैंकिंग चैनलों के माध्यम से रूट और लेयरिंग (उस रास्ते को इतना उलझा देना कि कोई उसका सिरा न पकड़ सके) और ट्रांसफर करने के लिए किया गया। इसका उद्देश्य पैसे के असली स्रोत को छुपाना था। यह पूरा स्कैम बैंक अधिकारियों की सक्रिय मिलीभगत के बिना संभव नहीं था, जिन्होंने अपनी आधिकारिक स्थिति का दुरुपयोग कर फर्जी रिपोर्ट तैयार कीं।

**सीबीआई का एक्शन-छापेमारी और धाराएं :** मामला दर्ज होने के बाद सीबीआई ने छापेमारी भी शुरू कर दी। सूत्रों के अनुसार, हनुमानगढ़ रोड पर निकुंज विहार स्थित एलकेजी इन्फो सॉल्यूशंस के डायरेक्टर अजय गर्ग के ठिकानों पर दबिश दी गई। सीबीआई ने आरोपियों के खिलाफ आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी, जालसाजी और जाली दस्तावेज का उपयोग करने की धाराओं के साथ-साथ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामले दर्ज किए हैं।

# समाचार-सार

## साबरमती एक्सप्रेस से गिरकर यात्री की मौत

**जोधपुर(हुक्मनामा समाचार)।** जिले के धुंधाड़ा कस्बे में रविवार दोपहर साबरमती एक्सप्रेस से गिरने से एक अधेड़ यात्री की मौके पर मौत हो गई। यह घटना धुंधाड़ा रेलवे स्टेशन के पास हुई। जानकारी के अनुसार हादसा धुंधाड़ा और महेश नगर रेलवे स्टेशन के बीच पिलर संख्या 685/18 के पास हुआ। यात्री साबरमती से जोधपुर आ रही एक्सप्रेस ट्रेन से गिरा था। ट्रेन के चालक और गार्ड ने धुंधाड़ा रेलवे स्टेशन पर घटना की सूचना दी। इसके बाद स्टेशन से एम्बुलेंस 108 को सूचित किया गया। एम्बुलेंस के ईएमटी जितेंद्र सिंह राजपुरोहित और पायलट राजेंद्र सिंह तुरंत मौके पर पहुंचे। मौके पर पहुंची टीम ने शव की शिनाख्त का प्रयास किया। मृतक के पास मिले आधार कार्ड के अनुसार उसकी पहचान नागौर जिले के पृथ्वीपुरा निवासी संजय सिंह के रूप में हुई है। उसके पास जालोर से जोधपुर का रेल टिकट और 1150 रुपए नकद भी मिले।

## शाबान का चांद देखने की अपील

**जोधपुर (हुक्मनामा समाचार)।** शहर खतीब व चांद कमेटी जोधपुर के अध्यक्ष क़ाज़ी मोहम्मद तय्यब अंसारी ने आम लोगों से सोमवार को शाबान का चांद देखने और इसकी सूचना दफ्तर रूयते हिलाल कमेटी, दारुल उलूम इस्हाकिया जोधपुर के फ़ोन नंबर 0291-2627786 या 0291-2438786 पर देने का अनुरोध किया है। चांद नज़र आने पर शबे बरा' अत का ऐलान किया जाएगा।

## प्लास्टिक के कट्टे में मिला जीवित नवजात शिशु

**जोधपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जोधपुर जिले के बोरुंदा थाना क्षेत्र के खवासपुरा गांव में रविवार को एक जीवित नवजात शिशु मिला। नवजात को प्लास्टिक के कट्टे में कहीं छोड़ा गया था। सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर जमा हो गए। इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई।



घटना की सूचना मिलते ही बोरुंदा पुलिस टीम मौके पर पहुंची। एएसआई जगदीश सिंह ने नवजात को सुरक्षित निकाला और प्राथमिक उपचार के लिए खवासपुरा के राजकीय चिकित्सालय पहुंचाया। डॉक्टरों ने बच्चे की जांच के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए निजी एम्बुलेंस से जोधपुर रेफर कर दिया। फिलहाल नवजात की हालत स्थिर बताई जा रही है और वह डॉक्टरों की निगरानी में है। पुलिस ने मामले की गहन जांच शुरू कर दी है। यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि नवजात को किसने, कब और किन परिस्थितियों में छोड़ा। पुलिस आसपास के गांवों, घरों और संदिग्ध स्थानों पर पूछताछ कर रही है। सीसीटीवी फुटेज की भी जांच की जा रही है।

# तेज आवाज निकालने वाली 40 बुलेट सीज

## साइलेंसर को बदलकर तोड़ रहे नियम, रुकवाकर चैक की जा रही मोटरसाइकिल

**जोधपुर (हुक्मनामा समाचार)।** शहर में बुलेट को मोडिफाई करवाकर नियम तोड़ने वाले लोगों के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। कमिश्नर ओमप्रकाश के निर्देशन में एडीसीपी यातायात शालिनी राज की टीम ने 40 मोडिफाई बुलेट साइलेंसर जब्त किए। कार्रवाई में एएसआई शिवलाल की भी भूमिका रही।



दरअसल, शहर में नियम तोड़कर बुलेट चलाने वाले लोग साइलेंसर को मोडिफाई करवाकर तेज आवाज निकालते हैं। इसके चलते आम वाहन चालकों को असुविधा होती है। ऐसे में पुलिस की ओर से इन बुलेट चालकों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। मौके पर बुलेट वाहन चालकों को रुकवाकर उनके वाहनों को चैक करवाया जा रहा है।

इसके मोडिफाई पाए जाने पर पुलिस की ओर से कार्रवाई की जा रही है। बीती रात से लेकर आज शाम तक पुलिस ने 40 मोडिफाई बुलेट को जब्त किया। एडीसीपी शालिनी राज ने वाहन चालकों से अपील करते हुए कहा-वो यातायात नियमों की पालना करें। नियमों की पालना नहीं करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई करेगी।

# पांच लाख रुपए से भरा बैग लेकर भागे बदमाश

## सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई घटना

हुक्मनामा समाचार

**जोधपुर।** शहर में दो बदमाश व्यापारी का स्कूटी पर रखा पैसों से भरा बैग लेकर फरार हो गए। उस समय पशु आहार व्यापारी महज कुछ दूरी पर ही खड़ा था। वह अपनी दुकानें बंद करवा रहा था। घटना बोरनाडा थाना इलाके के पाल गांव की शनिवार रात करीब 9.45 बजे की है। पूरी घटना दुकान पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। वीडियो में नकाब पहना बदमाश स्कूटी से बैग उठाकर भागता नजर आ रहा है।

व्यापारी ललित प्रकाश ने बताया कि मैं रात को पाल गांव स्थित अपनी दुकानें बंद करवा रहा था। इस दौरान



मेरी स्कूटी पर पैसों से भरा बैग रखा हुआ था। तभी बाइक सवार 2 बदमाश मौके पर पहुंचे और पलक झपकते ही सिर्फ 8 सेकेंड के अंदर स्कूटी से बैग उठाकर फरार हो गए। बैग में लगभग 5 लाख रुपए थे। ललित प्रकाश ने बताया कि दोनों बदमाश जिस बाइक पर आए थे, उस पर नंबर प्लेट नहीं थी। एक बदमाश हेलमेट लगाकर बाइक पर ही बैठा रहा। चेहरे पर कपड़ा बांधा हुआ बदमाश बाइक से उतरा और स्कूटी से बैग उठाकर भाग लिया। दोनों बाइक से फरार हो गए। उनका पीछा किया, लेकिन कुछ दूरी पर ही नजरों से दूर हो गए। घटना के तुरंत बाद बोरानाडा थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई। थानाधिकारी शकील अहमद ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान और उनकी तलाश शुरू कर दी गई है।

# अवैध जल कनेक्शन के खिलाफ अभियान कल से

**जोधपुर (हुक्मनामा समाचार)।** पीएचईडी पानी चोरों के खिलाफ 19 जनवरी से 20 फरवरी तक अभियान चलाएगा। इस दौरान पचास से अधिक गांव-ढाणियों में पुलिस व पीएचईडी की टीम लाइनों से अवैध जल कनेक्शन हटाने के साथ राजस्व वसूली व पानी चोरी करने वालों के खिलाफ मामले दर्ज करेगी। पीएचईडी की टीम लूणी, विवेक विहार व कुड़ी भगतासनी थाना क्षेत्र के कुड़ी से कांकाणी, निंबला, धांधिया, मोगड़ा खुर्द से लूणी, सालावास से नंदवान भाकरी, खेजड़ली, पीसावास, भटिंडा, तनावड़ा, सालावास रेलवे स्टेशन तक पानी चोरों के खिलाफ अभियान चलाएगी। लूणी, झंवर, बोरानाडा थाना क्षेत्र के लूणावास भाकर से सिणली, शुभदंड से कागनाडा, उत्तेसर तक, जबकि राजीव गांधी नगर, बोरानाडा व झंवर थाना क्षेत्र में उम्मेद सागर से झुझावड़, डोली व लूणावास भाकर तक अवैध जल कनेक्शन काटने की कार्रवाई की जाएगी।

# विधायक जोशी की अनुशंषा पर 36 लाख की लागत से करवाए विकास कार्य

हुक्मनामा समाचार

**जोधपुर।** सूरसागर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत वार्ड संख्या 2, 3, 9, 14 एवं 37 में क्षेत्रीय विधायक देवेंद्र जोशी की अनुशंसा पर लगभग 36 लाख रुपए की अनुमानित लागत से विभिन्न विकास कार्य कराए गए हैं। इन कार्यों से क्षेत्रवासियों को मूलभूत सुविधाओं, यातायात व्यवस्था एवं सुरक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय राहत मिली है।

विधायक देवेंद्र जोशी की पहल पर गुरों का तालाब, बालाजी पार्क, अशोक नगर (चांदणा भाखर व सुंथला के मध्य), चुंगी नाका डी.आई.जी. फिरोज खान कॉलोनी की ओर मेन चौपासनी रोड, बद्री पैलेस के सामने, चौपासनी स्कूल गेट के सामने चौराहा, भट्टी की बावड़ी चौराहा, पी.एफ. ऑफिस से आगे राम नगर हरि नगर मुख्य सड़क



तथा श्रमिक कॉलोनी चौराहा पर हाईमास्ट लाइट जैसे प्रमुख स्थलों पर आवश्यक विकास कार्य संपादित किए गए हैं।

इन कार्यों के अंतर्गत चौराहों का सुधार, सड़क एवं प्रकाश व्यवस्था का सुदृढ़ीकरण तथा हाईमास्ट लाइट की स्थापना शामिल है, जिससे रात्रिकालीन आवागमन सुरक्षित हुआ है और यातायात व्यवस्था बेहतर हुई है। कार्यक्रम में साथ जोधपुर शहर जिला अध्यक्ष भाजपा राजेन्द्र पालीवाल, घनश्याम वैष्णव, पूर्व मंडी अध्यक्ष महेन्द्र मेघवाल, मण्डल अध्यक्ष हेमन्त जानयानी, सुरेश मेघवाल, पूर्व पार्षद सुमेर सिंह भाटी, अजय सिंह मेड़तिया, अरविन्द सांखला, फतेहराज मांखड़, ललित परवानी, पदम सिंह कच्छावाह, हुक्म सिंह इंदा आदि कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# महामंदिर में सीवरेज समस्या से गुस्साए लोगों ने लगाया जाम

## शिकायतों के बाद भी नहीं जागा प्रशासन

हुक्मनामा समाचार

**जोधपुर।** शहर के महामंदिर तीसरी पोल क्षेत्र में सीवरेज की विकराल समस्या से परेशान स्थानीय निवासियों के सब्र का बांध आज टूट गया। क्षेत्र में लंबे समय से बह रहे सीवरेज के गंदे पानी और उससे फैल रही बदबू से आक्रोशित होकर लोगों ने रास्ता जाम कर दिया और नगर निगम व जिला प्रशासन के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया।

प्रदर्शनकारियों ने सड़क के बीचों-बीच खड़े होकर आवागमन पूरी तरह बाधित कर दिया। स्थानीय निवासियों का कहना है कि सीवरेज लाइनों के चोक होने के कारण गंदा पानी सड़कों पर जमा हो रहा है, जिससे न केवल पैदल चलना मुश्किल हो गया है, बल्कि गंभीर बीमारियों का खतरा भी मंडरा रहा है। प्रदर्शन कर रहे लोगों ने आरोप लगाया कि इस समस्या के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को कई बार



लिखित शिकायतें दी जा चुकी हैं। अधिकारियों ने बार-बार आश्वासन तो दिए, लेकिन धरातल पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब तक सीवरेज लाइन को पूरी तरह ठीक नहीं किया जाता, वे अपना विरोध प्रदर्शन जारी रखेंगे। महामंदिर तीसरी पोल जैसे व्यस्त इलाके में रास्ता जाम होने के कारण वाहनों की लंबी कतारें लग गईं, जिससे राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और लोगों को समझाने का प्रयास किया जा रहा है।

# ज्वैलर ने हड़पा 85 ग्राम सोना, सात लाख रुपए लेकर फरार

**जोधपुर (हुक्मनामा समाचार)।** बेटी की शादी के लिए माता-पिता ने जिस ज्वेलर को गहने बनाने के लिए दिए। उसने गहने बनाकर देने के बजाय हड़प लिए और अब वह फरार है। पूरा मामला जोधपुर के एयरफोर्स थाना क्षेत्र का है। खाराड़ा रणधीर निवासी एक परिवार ने शादी के बहाने 85.425 ग्राम सोना और 7 लाख रुपए ठगने के आरोप में तीन लोगों के खिलाफ अपर मुख्य महानगर मजिस्ट्रेट-7 में परिवाद दाखिल किया है। परिवाद के आधार पर अब थाने में मामला दर्ज किया गया है। परिवादी सुमन व्यास ने बताया कि आरोपी शांतनु सोनी, उसके पिता राजेश सोनी और उसकी बुआ मंजू सोनी ने उनकी बेटी अपूर्वा की शादी के लिए गहने बनाने का लालच देकर धोखा दिया। परिवाद के मुताबिक, 4 दिसंबर 2025 को अपूर्वा की शादी तय थी। इसी बीच परिवार का संपर्क गोल्फ कोर्स रोड स्थित आरोपियों से हुआ। उन्होंने आकर्षक डिजाइन दिखाए, जो पसंद आ गए। 13 नवंबर को सुमन के पति गजेंद्र व्यास ने सेल्फ चेक के जरिए उन्हें गहने बनाने के लिए 7 लाख रुपए दिए। इसके साथ ही 85.425 ग्राम शुद्ध सोना सौंपा। शांतनु ने 1 दिसंबर तक गहने डिलीवर करने का लिखित वादा किया था, लेकिन आरोपियों ने गहने नहीं दिए। इधर शादी की तारीख तक गहने नहीं मिलने पर उन्होंने आरोपियों से संपर्क किया तो वो टालमटोल करने लगे। आरोपियों ने 1 दिसंबर तक गहने नहीं मिलने पर कहा कि कारीगर लेकर आ रहे हैं, कल पहुंचा देंगे। लेकिन 2 और 3 दिसंबर को उन्होंने फोन बंद कर दिया।

**घर पहुंचे तो बनाए बहाने :** पीड़ित के वकील ने बताया कि गोल्फ कोर्स इलाके में स्थित जब वो उसके घर में ही बनी दुकान पर पहुंचे तो यहां राजेश-मंजू मिले। उन्होंने कहा कि शांतनु का कुछ पता नहीं चल रहा है और उन्हें गहनों के बारे में जानकारी नहीं है। इधर उन्होंने बेटी की शादी कर दी। इसके बाद 8 दिसंबर को जब पैसा-सोना मांगा तो राजेश-मंजू ने साफ इंकार कर दिया। कहा कि शांतनु फरार हो गया है। जब उन्होंने पता की तो सामने आया कि उसके खिलाफ पहले भी कई केस दर्ज हैं। परिवादी का आरोप है कि तीनों ने मिलीभगत से सोना-पैसे लेकर शांतनु को भगा दिया। इसके बाद उन्होंने एयरपोर्ट थाने पहुंचकर रिपोर्ट दी, लेकिन पुलिस ने मामला दर्ज नहीं किया। बाद में कोर्ट के जरिए परिवाद पेश कर मामला दर्ज करवाया गया।

# शिक्षक भर्ती परीक्षा में एंट्री को लेकर बहस

## कैंडिडेट ने हाथ के धागे को काटने से किया इनकार

हुक्मनामा समाचार

**जोधपुर।** कर्मचारी चयन बोर्ड की ओर से आयोजित की जा रही तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती (रीट मेंस) परीक्षा का आज दूसरा दिन था। जोधपुर में कड़ी जांच पड़ताल के साथ प्रवेश दिया गया। पाल रोड स्थित महाराज श्रीराजाराम शिक्षण संस्थान में सुबह एंट्री के दौरान हाथ में बंधे लाल धागे (कलावा) को खोलने के कारण कैंडिडेट और कर्मचारियों में बहसबाजी हो गई। इसके बाद कैंडिडेट को प्रवेश दे दिया गया।

सुबह 10 से दोपहर 12.30 बजे तक हुई परीक्षा के लिए एंट्री 9 बजे बंद हुई। अभ्यर्थियों को सुबह 8 बजे से परीक्षा केंद्रों पर प्रवेश दिया गया।



परीक्षा के एक घंटे पहले 9 बजे प्रवेश बंद कर दिया गया। बता दे कि शिक्षक भर्ती परीक्षा में आज से लेवल-2 की एग्जाम शुरू हुए है। बीस जनवरी तक सात पारियों में लेवल 2 की परीक्षा में जोधपुर में 69,988 अभ्यर्थी भाग लेंगे। परीक्षा के शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष आयोजन को सुनिश्चित करने के लिए पुलिस कमिश्नर ओमप्रकाश के निर्देशन में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं, वहीं जिला कलेक्टर गौरव अग्रवाल स्वयं परीक्षा व्यवस्था की लगातार मॉनिटरिंग कर रहे हैं। चयन बोर्ड ने अभ्यर्थियों के लिए गर्म कपड़े पहनने की सुविधा दी है। मगर गर्म इनमें कोई मेटल बटन या चेन नहीं होनी चाहिए। केंद्रों पर सघन जांच हो रही है। जोधपुर डिपो के मुख्य प्रबंधक उम्मेद सिंह ने बताया कि प्रतिभागियों के लिए रोडवेज ने निशुल्क बसें शुरू कर रखी हैं।

# क्रिकेट खेलने की बात पर बवाल

## एमबीएम कॉलेज में छात्रों के दो गुट भिड़े, छह घायल

**जोधपुर (हुक्मनामा समाचार)।** एमबीएम इंजीनियरिंग कॉलेज के क्रिकेट ग्राउंड में शनिवार को क्रिकेट खेलने की बात को लेकर छात्रों के बीच हुआ विवाद हिंसक झड़प में बदल गया। प्रथम वर्ष और तृतीय वर्ष के छात्रों के दो गुट आपस में भिड़ गए। देखते ही देखते खेल का मैदान युद्ध का मैदान बन गया, जहां दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर बल्ले और विकेट से जमकर हमला किया।

इस मारपीट में कुल 6 छात्र घायल हुए हैं, जिनमें से एक छात्र को गंभीर चोटें आने की जानकारी सामने आई है। घटना का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें झगड़े की पूरी तस्वीर साफ नजर आ रही है। सूचना मिलने पर रातानाडा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभालते हुए जांच शुरू की। थाना अधिकारी दिनेश लखावत ने बताया कि दोनों पक्षों की ओर से परस्पर मुकदमे दर्ज करवाए गए हैं। परिवादी ओम मीणा और रोहित कुमार की ओर से मामले दर्ज किए गए हैं। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

# जोधपुर शहर में आज बंद रहेगी जलापूर्ति

**जोधपुर (हुक्मनामा समाचार)।** शहर के फिल्टर प्लांट, पम्प हाउस एवं पाइप लाइनों के अति आवश्यक रखरखाव एवं सफाई कार्य के कारण 19 जनवरी को समस्त फिल्टर हाउस से जुड़े सभी क्षेत्रों में जलापूर्ति बंद रहेगी। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग नगर वृत्त के अधीक्षण अभियंता राजेन्द्र मेहता ने बताया कि कायलाना, चौपासनी एवं सुरपुरा फिल्टर हाउस से संबंधित सभी क्षेत्रों में 19 जनवरी को होने वाली जलापूर्ति बीस को तथा बीस जनवरी को होने वाली जलापूर्ति 21 जनवरी को की जाएगी। उन्होंने बताया कि झालामण्ड एवं तख्त सागर फिल्टर हाउस से जुड़े क्षेत्रसरस्वती नगर, कुड़ी भगतासनी हाउसिंग बोर्ड के विभिन्न सेक्टरों तथा पाल बाईपास एवं शिल्पग्राम के आसपास के क्षेत्रों में 19 जनवरी को सुबह दस बजे तक जलापूर्ति सामान्य रूप से की जाएगी। इन क्षेत्रों में बीस जनवरी को होने वाली जलापूर्ति 21 जनवरी को तथा 21 जनवरी को होने वाली जलापूर्ति 22 जनवरी को की जाएगी।

स्वामी एवं प्रकाशक प्रदीप लोढ़ा के लिए 902, तीसरी ई-रोड, सरदारपुरा, जोधपुर से प्रकाशित तथा मुद्रक मनीष कुमार, माणक ऑफसेट प्रिन्टर्स, एमजीएच रोड, जोधपुर द्वारा मुद्रित। सम्पादक प्रदीप लोढ़ा, फोन : 2540244, 2622321, फैक्स : 2541066,
**सिटी कार्यालय :** मालियों की गली, उदयमंदिर थाने के पास, जोधपुर। **-जयपुर कार्यालय :** जी-1, एफ ब्लॉक, गणपति एनक्लेव, अजमेर रोड जयपुर। फोन नं.-01412220403-05, समाचार सम्पादक (मानद): सैयद मुनव्वर अली, मो. 9929454286

## सम्पादकीय...

### बढ़ता वीआईपी कल्चर



देश के लगभग सभी स्थान पर वीआईपी कल्चर बढ़ता जा रहा है विदेश में जहां वीआईपी कल्चर लगभग नहीं के बराबर है वही हमारे देश में रोज नए-नए वी आई पी पैदा हो रहे हैं। हम आसपास की दुनिया में देखें तो राजनेताओं के परिजन और बेटे बेटी ज्यादा वी आई पी हो रहे हैं। पहले तो मंत्रियों के बेटे वी आई पी हुआ करते थे लेकिन अब तो विधायकों और पार्टी पदाधिकारी के बेटे बेटी भी वीआईपी कल्चर में रहने लगे हैं। लोकल सर्कल्स नामक एक संस्था द्वारा किए गए ऑनलाइन सर्वे में कई चौंकाने वाली बात सामने आई है 77% लोगों ने कहे कि उन्होंने पिछले 12 महीने में वीआईपी कल्चर अनुभव किया है 1924 मे यह आंकड़ा 64% पर था,जो अब 77 पर आ गया है सर्वे में 10 में से आठ लोगों ने बताया कि उन्होंने मंदिर मस्जिद जैसे पूजा स्थलो सड़कों टोल प्लाजा और सार्व जनिक व निजी आयोजनों में वीआईपी कल्चर महसूस की है सर्वे में 333 जिलों के 54000 लोगों ने जवाब दिया। सर्वे में शहरों को पांच श्रेणी में बांटा गया था जो टियर 1 ,2,3,4और5 मैं विभक्त थे, सर्वे में जिस तरह से जवाब है उसमें 44% टियर 1, 29% टियर 2, 27% टियर 3,4 और 5ओर ग्रामीण इलाके के थे।सभी से एक सवाल पूछा गया था की यात्रा के दौरान पिछले एक साल में किन-किन स्थानों पर वीआईपी कल्चर महसूस किया इसके जवाब में 81% लोगों ने सड़क और टोल टैक्स बताया 70% में एयरपोर्ट फ्लाइट में बताया 52% में ट्रेन रेलवे स्टेशन पर वीआईपी कलर होना बताया जबकि 22% ने अन्य स्थानों पर इसे माना। वीआईपी कल्चर देश में इसलिए बढ़ रही है क्योंकि वीआईपी कल्चर का फायदा हर वहैआदमी उठाना चाहता है जिसको अपने आप को वीआईपी साबित करने से लाभ होता हो।

*वैभव लोढ़ा...*

## इतिहास में आज

1597: मेवाड़ के महान शासक और योद्धा महाराणा प्रताप का निधन हुआ।
1966: लाल बहादुर शास्त्री के निधन के बाद इंदिरा गांधी भारत की चौथी और पहली महिला प्रधानमंत्री बनीं।
1977: कुंभ मेले में 15 मिलियन लोगों की रिकॉर्ड भीड़ जुटी।
1990: कश्मीर घाटी से कश्मीरी पंडितों का बड़े पैमाने पर पलायन हुआ, जो एक दुखद त्रासदी थी।

*-धर्म चंद मेहता*

## क्रॉस फायर

❑सुप्रीम कोर्ट बोला विदेशी सरकारों के दबाव में नहीं, राष्ट्र हित में हो कोई भी संधि।
◆पर उस पागल ट्रंप को कौन समझाए।
❑एक्शन में नागर विमानन महानिदेशालय, इंडिगो पर ठोका 22 करोड़ का जुर्माना।
◆हड़ताल के समय तो वह सरकार का बाप बना हुआ था।
❑गणतंत्र दिवस पर आतंकी हमले का अलर्ट, दिल्ली में सुरक्षा सख्त।
◆हर 15 अगस्त 26 जनवरी को ऐसा ही माहौल बनता है।
❑ममता बनर्जी ने सीजे आई से अपील की, संविधान की रक्षा करें।
◆क्योंकि यह कोर्ट के बस की बात है।
❑राहुल गांधी बोले पानी पीकर लोग मर रहे हैं यही है हमारा अर्बन मॉडल।
◆यह सारी सरकारों के खिलाफ टिप्पणी है पर मिर्ची भाजपा को लगेगी।
❑राहुल गांधी ने मध्य प्रदेश में दूषित पानी से पीड़ित मरीज और परिजनों से मुलाकात की।
◆चलो कोई तो उनका दुख देखने पहुंचा।
❑मध्य प्रदेश में कांग्रेस विधायक के बिगड़े बोल खूबसूरत लड़की दिखने पर हो सकता है रेप।
◆ऐसी मानसिकता वाले की तो घूमने पर प्रतिबंध लगना चाहिए।
❑असम के मुख्यमंत्री बोले कांग्रेस ने कभी असम के विकास के बारे में नहीं सोचा।
◆क्योंकि कांग्रेस में पहले ऐसे ही लोग थे।


*..............अंजू लोढ़ा*

## आज का राशिफल

### सोमवार 19 जनवरी, 2026




**मेष राशि**:आज आप पर तनाव व चिंता हावी रहेगी। आप अपने प्रोफेशन में परिवर्तन की कामना करेंगे। पढ़ाई में रुचि की कमी रहेगी। पैरों में दर्द की वजह से अस्त-व्यस्त रहेंगे।




**वृषभ राशि**:अपने व्यवसाय को लेकर यात्रा होगी। प्रोजेक्ट के लिए नए साझेदार मिलेंगे। घर के किसी सदस्य की चिंता रहेगी। अस्वस्थता रहेगी। बकाया वसूली होगी।




**मिथुन राशि**: क्रोध रोज़ नई योजना बनती है पर चालू एक नहीं होती। परिवार में पूछ परख कम होगी। पिता के साथ आजकल अ'छी घुल-मिल रही है। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। भय, चिंता तथा तनाव का माहौल खत्म होगा।




**कर्क राशि**:आज का दिन महत्वपूर्ण है। नए लोगों से जरा संभल कर मित्रता करें। किसी देव स्थान का भ्रमण संभव है। धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। निवेश शुभ रहेगा। राजकीय सहयोग मिलेगा। किसी भी विवाद से बचें।




**सिंह राशि**:दिन की शुरुआत में आलस हावी रहेगा। संतों का सान्निध्य मिलेगा। वाहन, मशीनरी व अग्नि के प्रयोग में सावधानी रखें। विवाद से बचें। अतिविश्वास हानिकर सिद्ध होगा।



**कन्या राशि**: किसी भी कीमत पर झुकना आप को पसंद नहीं है। वैवाहिक यात्रा सफल रहेगी। गृहस्थ सुख मिलेगा। वाणी पर नियंत्रण रखें। कार्य में बाधा संभव है।



**तुला राशि**:अपने कॅरियर को लेकर आप ईमानदार नहीं हैं। संभल जाएं। संपत्ति के बड़े सौदे हो सकते हैं जो लाभ देंगे। कार्यस्थल में उन्नति होगी। निवेश आदि लाभदायक रहेंगे।



**वृश्चिक राशि**: समय के परिवर्तन से राहत महसूस करेंगे। विद्यार्थी वर्ग सफल रहेगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा। अनाज में निवेश शुभ रहेगा। सोच-विचार कर व्यापार करें अन्यथा अचानक हानि संभावित है।




**धनु राशि**:आप के हौसले से ही आप उन्नति करेंगे। नए वस्त्र की प्राप्ति संभव है। माता-पिता को अस्वस्थता रहेगी। आपसी विवाद न करें। शुभ समाचार मिल सकता है।



**मकर राशि**:कार्यस्थल पर अधिकारियों से विवाद होंगे। आपकी गलती के कारण बने बनाय काम बिगड़ सकते हैं। बातचीत से काम बन जाएंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी।



**कुम्भ राशि**:बड़ों की बात भी मान लेनी चाहिए। पुराने मित्र-संबंधी से मुलाकात आज संभव है। मित्रों से शुभ समाचार मिलेंगे। आत्मसम्मान बढ़ेगा। आज कहीं से पुराना फंसा हुआ पैसा मिलने के चांस बनेंगे।



**मीन राशि**:आज किसी से भी विवाद न करें। अपने अधिकारों का गलत प्रयोग न करें। यात्रा लाभकारी रहेगी। आपकी मेहनत से उन्नति का मार्ग प्रशस्त होगा। निवेश आदि कार्य में सफल होंगे।



**राजेन्द्र गुप्ता**
ज्योतिषी और हस्तरेखाविद, मो. 9611312076

**नोट**- अगर आप अपना भविष्य जानना चाहते हैं तो दिए गए मोबाइल नंबर पर कॉल करके या इसी व्हाट्स एप नम्बर पर मैसेज भेजकर पहले शर्तें जान लेवें, इसी के बाद अपनी बर्थ डिटेल और हैंडप्रिंट्स भेजें।

# समुद्री जीवन के रक्षक: राष्ट्रीय पेंगुइन दिवस का महत्व



सुनील कुमार महला

**हर साल 20 जनवरी को राष्ट्रीय पेंगुइन दिवस मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य पेंगुइन प्रजातियों और उनके प्राकृतिक आवासों के संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। यह दिन विशेष रूप से अंटार्कटिका में पेंगुइनों के वार्षिक प्रवास से जुड़ा है, जब वे सर्दियों के बाद अपने प्रजनन और भोजन क्षेत्रों की ओर लौटते हैं।**

यद्यपि इस दिवस की कोई आधिकारिक वार्षिक थीम नहीं घोषित होती, लेकिन इसका मूल संदेश हमेशा एक ही रहता है- 'पेंगुइनों और उनके आवास की रक्षा करें।' पेंगुइन केवल आकर्षक और प्यारे दिखने वाले जीव नहीं हैं, बल्कि छोटे कान, छोटी गर्दन और कॉम्पैक्ट शरीर वाले ये पक्षी पृथ्वी के नाजुक पर्यावरण संतुलन के महत्वपूर्ण प्रहरी माने जाते हैं। समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र के स्वास्थ्य के संकेतक जीव होने के कारण पेंगुइनों का संरक्षण समुद्री जीवन के लिए अनिवार्य है। दुनिया भर में पेंगुइन की लगभग 18 प्रजातियाँ पाई जाती हैं, जिनमें से अधिकांश दक्षिणी गोलार्ध और अंटार्कटिका क्षेत्र में रहती हैं, जबकि कुछ प्रजातियाँ गैलापागोस द्वीप, दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के अपेक्षाकृत गर्म क्षेत्रों में भी देखी जाती हैं। पेंगुइन उड़ नहीं सकते, लेकिन वे उत्कृष्ट तैराक होते हैं और पानी में तेज़ी से गोता लगाकर मछलियाँ पकड़ने में सक्षम हैं। वे जीवनभर एक ही साथी के प्रति वफादार रहते हैं और सामूहिक जीवन शैली अपनाते हैं। हालांकि, जलवायु परिवर्तन के कारण बर्फ के तेजी से पिघलने और समुद्र के तापमान में वृद्धि से उन्हें भोजन ढूंढने, अंडे देने और बच्चों को पालने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। दुनिया भर में पेंगुइनों की संख्या अनुमानित रूप से 2 करोड़ से 5 करोड़ के बीच है, लेकिन गैलापागोस और अफ्रीकी पेंगुइन जैसी कई प्रजातियाँ संकट में हैं और उनकी संख्या घटकर केवल हजारों में रह गई है। भारत में पेंगुइन प्राकृतिक रूप से नहीं पाए जाते, क्योंकि भारतीय जलवायु उनके प्राकृतिक जीवन के अनुकूल नहीं है। हालांकि, संरक्षण और शिक्षा के उद्देश्य से मुंबई के वीरमाता जीजाबाई भोसले उद्यान और ओडिशा के नंदनकानन प्राणी उद्यान में मुख्यत: हम्बोल्ट पेंगुइन रखे गए हैं। पेंगुइन का काला-सफेद 'टक्सीडो' रंग शिकारियों से बचाव के लिए प्राकृतिक सुरक्षा प्रणाली (काउंटर-शेडिंग) है। इनके पास सुप्राऑर्बिटल ग्रंथि होती है, जो समुद्री पानी का अतिरिक्त नमक शरीर से निकाल देती है। कुछ प्रजातियाँ साथी को आकर्षित करने के लिए चिकना पत्थर भेंट करती हैं, जबकि इनके मुँह में दाँत नहीं होते, लेकिन जीभ और ऊपरी हिस्से में पीछे की ओर मुड़े कँटीले उभार मछली पकड़ने में मदद करते हैं।जेंटू पेंगुइन लगभग 36 किमी प्रति घंटे की गति से तैर सकते हैं, जबकि एम्परर पेंगुइन लगभग 1,850 फीट गहराई तक गोता लगाकर 20 मिनट तक साँस रोक सकते हैं। पेंगुइन साल में एक बार 'कैटास्ट्रॉफिक मोल्ट' से गुजरते हैं, जब उनके सभी पंख झड़ जाते हैं और वे कई सप्ताह तक भोजन नहीं कर पाते। अत्यधिक ठंड के बावजूद, माइनस 40 डिग्री सेल्सियस तापमान में भी ये जीवित रहते हैं, इसके पीछे उनके घने पंख, प्राकृतिक इंसुलेशन, विशेष ब्लड सर्कुलेशन सिस्टम और सामूहिक हडलिंग बिहेवियर का योगदान है। यहां यदि हम हडलिंग बिहेवियर की बात करें तो पेंगुइन का हडलिंग व्यवहार प्रकृति में टीमवर्क और उत्तरजीविता (सर्वाइवल) का एक बेजोड़ उदाहरण है। जब अंटार्कटिका में तापमान शून्य से काफी नीचे गिर जाता है और बर्फीली हवाएं चलती हैं, तो हजारों एम्परर पेंगुइन एक-दूसरे से सटकर एक विशाल घेरा बना लेते हैं। इस झुंड के केंद्र में तापमान इतना अधिक बढ़ जाता है कि बाहर की कड़ाके की ठंड के बावजूद अंदर मौजूद पेंगुइन खुद को पसीने जैसी गर्मी में महसूस करते हैं। सबसे दिलचस्प बात यह है कि यह समूह स्थिर नहीं रहता; पेंगुइन बहुत ही धीमी गति से एक 'लहर' की तरह चलते रहते हैं, जिससे बाहर की कतार में खड़े पेंगुइन धीरे-धीरे अंदर की ओर आते हैं और अंदर वाले बाहर की ओर जाते हैं। यह निष्पक्ष प्रक्रिया सुनिश्चित करती है कि समूह के हर सदस्य को ठंड से बचने के लिए गर्मी मिल सके। इस सामाजिक तालमेल के बिना, अकेले रहने पर एक पेंगुइन अपनी ऊर्जा बहुत जल्दी खो देता और उसके जीवित रहने की संभावना न के बराबर होती।बहरहाल, पाठकों को बताता चलूं कि अंटार्कटिका में केवल एम्परर और एडेली पेंगुइन पाए जाते हैं, जबकि चिनस्ट्रैप, जेंटू और मैकरोनी पेंगुइन अंटार्कटिक प्रायद्वीपीय क्षेत्रों में प्रजनन करते हैं। किंग पेंगुइन उप-अंटार्कटिक द्वीपों में पाए जाते हैं और गैलापागोस पेंगुइन भूमध्य रेखा के पास रहने वाली एकमात्र प्रजाति है।

**निष्कर्षत:**, राष्ट्रीय पेंगुइन दिवस हमें यह याद दिलाता है कि पेंगुइन जैसे संवेदनशील और अद्भुत पक्षियों का संरक्षण केवल एक प्रजाति की रक्षा नहीं है, बल्कि समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र, जैव-विविधता और पृथ्वी के प्राकृतिक संतुलन को बचाने की वैश्विक जिम्मेदारी भी है।

# रासायनिक उर्वरकों का बढ़ता जाल: क्या अब बड़े सुधारों का समय आ गया है?

पद्मश्री राम सरन वर्मा

भारत एक कृषि प्रधान देश है, जहाँ की एक बड़ी आबादी अपनी आजीविका के लिए सीधे तौर पर खेती पर निर्भर है।देश की बढ़ती खाद्य माँग को पूरा करने के उद्देश्य से पिछले कई दशकों से रासायनिक उर्वरकों का उपयोग निरंतर बढ़ाया गया है।शुरुआती दौर में इन उर्वरकों ने उत्पादन बढ़ाने में निश्चित रूप से मदद की, लेकिन आज इनके अंधाधुंध और अनियंत्रित उपयोग के कारण कृषि, पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य पर गंभीर संकट मंडराने लगा है।

**उर्वरकों की खपत के भयावह आंकड़े**- देश में रासायनिक उर्वरकों के बढ़ते उपयोग का अंदाज़ा इस तथ्य से लगाया जा सकता है कि वर्ष 2018-2019 में जहाँ 115 करोड़ बैग की खपत हुई थी, वहीं 2024-25 के दौरान यह आंकड़ा 150 करोड़ बैग को पार कर गया है।गौर करने वाली बात यह है कि भारत की जनसंख्या लगभग 143 करोड़ है, जबकि उर्वरकों की खपत 150 करोड़ बैग से भी अधिक हो चुकी है।यह असंतुलन न केवल चिंताजनक है, बल्कि भविष्य के लिए एक बड़े खतरे का संकेत भी है।

**सेहत और मिट्टी पर दोहरी मार**-रासायनिक उर्वरकों का असर अब हमारे थाल तक पहुँच चुका है।गेहूँ, चावल, दालें, सब्जियाँ, फल और यहाँ तक कि दूध, दही और घी भी इनके रसायनों से अछूते नहीं रहे हैं।इसके परिणामस्वरूप देश में कैंसर, हृदय घात, एलर्जी और मधुमेह जैसी गंभीर बीमारियों के मामले दिन-प्रतिदिन बढ़ रहे हैं। खेतों की स्थिति भी कम सोचनीय नहीं है। नियमानुसार, उर्वरकों का उपयोग केवल पौधों की जड़ों के पास होना चाहिए, लेकिन पूरे खेत में इनके छिड़काव से खरपतवार की समस्या बढ़ जाती है।इस खरपतवार को खत्म करने के लिए फिर भारी मात्रा में खरपतवार-नाशक दवाओं का उपयोग होता है, जो मिट्टी की उर्वरता को नष्ट कर देती हैं।मिट्टी की खोई हुई शक्ति वापस पाने के लिए किसान और अधिक खाद डालता है, और यह दुष्चक्र हर साल मिट्टी को और अधिक बंजर बनाता जा रहा है।

**अर्थव्यवस्था पर बोझ और कालाबाजारी**-उर्वरक क्षेत्र में बढ़ता निवेश देश की अर्थव्यवस्था पर भी भारी पड़ रहा है।वर्तमान में देश में प्रतिवर्ष लगभग 3 लाख करोड़ रुपये (सब्सिडी सहित) के रासायनिक उर्वरकों का उपयोग हो रहा है।विडंबना यह है कि हमारा उर्वरक उद्योग 80 प्रतिशत तक विदेशी कच्चे माल या आयातित उर्वरकों पर निर्भर है।कुल 3 लाख करोड़ रुपये में से 2.5 लाख करोड़ रुपये केवल आयात में खर्च हो जाते हैं।इस प्रकार, एक ओर हमारी भूमि बंजर हो रही है, तो दूसरी ओर देश की बड़ी पूंजी विदेशों में जा रही है। सरकार किसानों के कल्याण के लिए भारी सब्सिडी दे रही है।पिछले 10 वर्षों में लगभग 13 लाख करोड़ रुपये की उर्वरक सब्सिडी प्रदान की गई है।

इसी सब्सिडी के कारण 40 रुपये प्रति किलो वाली यूरिया खाद किसानों को 6 रुपये प्रति किलो से भी कम दाम पर उपलब्ध है।स्थिति यह है कि यूरिया आज पशुओं के चारे से भी सस्ता हो गया है।सरकार 85 से 90 प्रतिशत तक सब्सिडी देती है ताकि किसानों को यूरिया एक चाय के कप से भी कम कीमत पर मिले।लेकिन इसी कम कीमत का लाभ उठाकर बिचौलिए इसकी कालाबाजारी करते हैं और कृषि के बजाय इसका उपयोग प्लाईवुड कारखानों, कैटल फीड और मिलावटी दूध बनाने में कर रहे हैं।

**सुधार की राह और समाधान**- इस संकट से उबरने के लिए अब ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है।पहले खेतों से निकलने वाले अवशेषों का उपयोग जैविक खाद के रूप में होता था, जिससे मिट्टी का 'जैविक कार्बन' बना रहता था।आज इन अवशेषों को बेचने से किसानों को कुछ लाभ तो होता है, लेकिन वह रासायनिक उर्वरकों की वास्तविक लागत के मुकाबले बहुत कम है। सरकार को चाहिए कि वह रासायनिक उर्वरकों के बैग का वजन कम कर उसकी जगह जैविक खाद के विकल्प उपलब्ध कराए।साथ ही, अत्यधिक उर्वरक उपयोग वाले क्षेत्रों को चिन्हित कर वहां विशेष निगरानी दल गठित किए जाने चाहिए।

### धरती की सेहत सुधारने के लिए जरूरी सुझाव:

**1.हरी खाद का अधिक इस्तेमाल:** जिस तरह शरीर को स्वस्थ रखने के लिए योग आवश्यक है, उसी तरह से मिट्टी के स्वास्थ्य के लिए हरी खाद अनिवार्य है।

**2.पौधों का विकास:** जैविक खाद के प्रयोग से पौधों की जड़ों को फैलने और गहराई तक जाने का पर्याप्त अवसर मिलता है।

**3.वैज्ञानिक फसल चक्र:**एक ही तरह की फसल बार-बार उगाने के बजाय फसल चक्र बदलें।जैसे दलहनी फसलें जमीन के गहरे स्तर से पोषक तत्व लेती हैं, जबकि गेहूं और धान ऊपरी सतह से।

**4.उन्नत सिंचाई तकनीक:**ड्रिप इरिगेशन (टपक सिंचाई) अपनाएं और खेती से पहले भूमि को समतल करें।इससे पानी की बचत होगी और उर्वरक सीधे पौधों पर कारगर तरीके से काम करेंगे।

**5.यूरिया का कुशल उपयोग:** यूरिया का छिड़काव शाम के समय अधिक प्रभावी होता है, जिससे कम खाद में बेहतर परिणाम मिलते हैं।

**6.पशुधन और जैविक संतुलन:** पशुपालन को बढ़ावा दें ताकि गोबर की खाद का उपयोग बढ़े।इससे उत्पादन क्षमता दीर्घकालिक बनी रहेगी और मिट्टी को भी विश्राम मिलेगा।

यदि हमने आज मिट्टी नहीं बचाई, तो हमारा भविष्य भी सुरक्षित नहीं रहेगा। समय आ गया है कि हम रसायनों के इस मोह को छोड़कर प्रकृति की ओर लौटें।

# दुनिया में हर 8वां शख्स मोटापे से जूझ रहा है



बाल मुकुन्द ओझा


विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट के मुताबिक, हर साल 28 लाख मौतें मोटापे से होती हैं। रिपोर्ट कहती है कि दुनिया में हर 8वां शख्स मोटापे से जूझ रहा है। यह बीमारी इतनी तेजी से बढ़ रही है कि ङ्ख॥ह्र इसे एपिडेमिक मान रहा है। मोटापा कार्डियोवस्कुलर डिजीज और कैंसर जैसी कई गंभीर बीमारियों के लिए रास्ता तैयार करता है। मेडिकल जर्नल द लांसेट में प्रकाशित एक स्टडी में यह सामने आया है कि भारत में 2022 में लगभग 1.25 करोड़ बच्चे और किशोर मोटापे का शिकार बने। इन बच्चों और किशोरों की उम्र 5 साल से ज्यादा और 20 साल से कम है। यूनिसेफ की एक ताज़ा रिपोर्ट के मुताबिक बच्चों और युवाओं को अब कुपोषण के स्थान पर मोटापा ने जकड़ लिया है, जिसके दुष्परिणामों से पूरी दुनिया चिंतित है। यूनिसेफ ने अपनी एक रिपोर्ट जारी करते हुए बताया कि मोटापा ने कुपोषण को पीछे छोड़ दिया है। कम वज़न का स्थान मोटापा ने ले लिया है। मोटापा के कारण डायबिटीज, हृदय रोग और कैंसर जैसी असाध्य बीमारियों का खतरा लगातार बढ़ता ही जा रहा है।

रिपोर्ट में 2035 तक मोटापे को बड़ी चुनौती बताई गई है। आज दुनियाभर में दस में से एक बच्चा या किशोर मोटापे का शिकार है। विश्व मोटापा एटलस2024 के अनुमानों के मुताबिक 2035 तक लगभग 330 करोड़ व्यस्क मोटापे से ग्रस्त होंगे। साथ ही 5 से 19 साल की आयु सीमा के 77 करोड़ से अधिक किशोर और युवाओं को मोटापा घेर लेगा। भारत की बात करें तो विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक 2022 तक सवा सात प्रतिशत से अधिक व्यस्क मोटापे की चपेट में थे। नेशनल फैमिली हेल्थ और मेडिकल पत्रिका लेसेन्ट आदि के अनेक प्रमाणिक सर्वेक्षणों में भी कहा गया है कि हमारे देश में पेट के मोटापे की समस्या सर्वाधिक है। यह समस्या महिलाओं में 40 और पुरुषों में 12 प्रतिशत पाई गई है। स्वास्थ्य के प्रति इस गंभीर खतरें को हमने समय रहते सख्ती से नहीं रोका तो यह देश में नशे से भी अधिक भयावह स्थिति उत्पन्न कर देगा और इसके जिम्मेदार केवल केवल हम ही होंगे। आयातित और प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों के अत्यधिक सेवन ने देश के नौनिहालों से लेकर किशोर, युवा और बुजुर्ग तक को अपने आगोश में ले लिया है। इसके फलस्वरूप देश और दुनियाभर में मोटापे की समस्या गंभीर रूप से उत्पन्न हो गई है। विशेषकर वयस्क आबादी इसकी चपेट में आ गई है। प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों को हानिकारक इसलिए माना जाता है क्योंकि इनमें स्वाद और स्वाद को बेहतर बनाने के लिए बहुत सारे कृत्रिम योजक या रसायन होते हैं। आप प्रत्येक पैकेज के पीछे लगे लेबल को पढ़कर किसी विशेष खाद्य उत्पाद को बनाने में प्रयुक्त सामग्री की पहचान कर सकते हैं। भारत की बात करे तो हमारते यहां मोटापा बड़ी समस्या बन गया है। शरीर में जब एक्स्ट्रा फैट जमा हो जाता है, तब यह मोटापे का रूप ले लेता है।

यही मोटापा लोगों को कम उम्र में ही बीमारियों का मरीज बना देता है। मोटापे की बीमारी फिजिकल हेल्थ के साथ-साथ मेंटल हेल्थ पर भी असर डालती है। हमारे देश में मोटापे की समस्या हर उम्र के लोगों में फैल रही है और मोटापे के कारण ही अन्य लाइफस्टाइल से जुड़ी बीमारियों का खतरा भी बढ़ रहा है। स्वास्थ्य संगठनों और चिकित्सकों का मानना है पिछले कुछ वर्षों से आयातित और प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों के अत्यधिक सेवन ने देश के नौनिहालों से लेकर किशोर, युवा और बुजुर्ग तक को अपने आगोश में ले लिया है। इसके फलस्वरूप देश और दुनियाभर में मोटापे की समस्या गंभीर रूप से उत्पन्न हो गई है। विशेषकर वयस्क आबादी इसकी चपेट में आ गई है। प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों को हानिकारक इसलिए माना जाता है क्योंकि इनमें स्वाद और स्वाद को बेहतर बनाने के लिए बहुत सारे कृत्रिम योजक या रसायन होते हैं। आप प्रत्येक पैकेज के पीछे लगे लेबल को पढ़कर किसी विशेष खाद्य उत्पाद को बनाने में प्रयुक्त सामग्री की पहचान कर सकते हैं।

एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार, भारत एक स्वास्थ्य संकट का सामना कर रहा है, जिसमें कुल रोगों का 56.4 प्रतिशत हिस्सा असंतुलित आहार के कारण है। अनहेल्दी खाने की आदतें, जिनमें नमक, चीनी और वसा से भरपूर प्रोसेस्ड फूड का सेवन शामिल है, फास्ट-फूड चेन और पैकेज्डस्नैक्स की आसान उपलब्धता के कारण यह आदतें तेजी से बढ़ रही हैं। देश में मोटापे की समस्या तेजी से बढ़ रही है। मोटापे की वजह से डायबिटीज और हृदय रोग जैसी बीमारियों का रिस्क बढ़ रहा है। हालांकि उन्होंने ये भी कहा कि इस समस्या के बीच मुझे इस बात का भी संतोष है कि आज देश फिट इंडिया मुवमेंट के माध्यम से फिटनेस और हेल्दी लाइफस्टाइल के लिए जागरूक हो रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि मोटापा दूर करने के लिए अपने खाने में अनहेल्दी फैट और तेल को थोड़ा कम करें।

# मेडिकल पीजी में 0 पर्सेंटाइल पर प्रवेश से अध्ययन गुणवत्ता पर उठते सवाल



डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

इससे अधिक दुर्भाग्य की बात क्या होगी कि जिस संस्था की जिम्मेदारी ही मेडिकल शिक्षा में गुणवत्ता कायम रखने की हो वही शिक्षा की गुणवत्ता के साथ समझौता करने लग जाएं। जी हां, बात भारतीय चिकित्सा आयोग और मेडिकल स्नातकोत्तर अध्ययन की है। भारतीय चिकित्सा आयोग की सिफारिश पर केन्द्र सरकार ने मेडिकल के स्नातकोत्तर अध्ययन में प्रवेश के लिए अनिवार्य अहर्ता सामान्य के लिए 50 पर्सेंटाइल और आरक्षित वर्ग के लिए 40 पर्सेंटाइल को कम कर 50 से 7 पर्सेंटाइल और 40 से शून्य पर्सेंटाइल पर उच्च अध्ययन के लिए प्रवेश का निर्णय कर लिया है। सवाल सीधा सा यह है कि 18 हजार सीटें खाली रहना महत्वपूर्ण है या लोगों के जीवन के साथ खिलवाड़ का लाइसेंस देना महत्वपूर्ण। मेडिकल शिक्षा कोई सामान्य शिक्षा नहीं है और यह सीधे सीधे लोगों के स्वास्थ्य और जीवन से जुड़ा विषय है।

मेडिकल में उच्च अध्ययन के लिए पर्सेंटाइल की जो योग्यता निर्धारित की गई वह निश्चित रुप से उच्च अध्ययन के स्तर को बनाए रखने के लिए ही तय की गई होगी। अब केवल और केवल 18 हजार सीटे खाली रह जाने के कारण सात या शून्य पर्सेंटाइल वाले को भी प्रवेश देने का निर्णय किया जा रहा है तो फिर मेडिकल शिक्षा के माध्यम से हम किस तरह के नए विशेषज्ञ तैयार करने जा रहे हैं यह अपने आप में चिंता का कारण तो हो ही जाता है। इसके साथ ही उच्च स्तर पर मेडिकल शिक्षा के प्रति कितनी गंभीरता है यह साफ हो जाती है और तो और जब शून्य पर्सेंटाइल वालों को जो कि इसके लिए निर्धारित योग्यता से कोसों दूर हों उन्हें जीवन से खिलवाड़ करने का लाइसेंस देने का निर्णय किसी भी तरह से उचित नहीं ठहराया जा सकता। यह अवश्य संतोष की बात है कि फैडरेशन ऑफ ऑल इंडिया मेडिकल एसोसिएशन ने सरकार के इस निर्णय की खिलाफत करने की हिम्मत दिखाई है। इसमें कोई दो राय नहीं कि देश में मेडिकल सुविधाओं के विस्तार के लिए सरकार ने योजनावद्ध तरीके से काम किया है। देश में एम्स सहित सरकारी व निजी क्षेत्रों में मेडिकल शिक्षा संस्थानों और चिकित्सा संस्थानों का विस्तार किया गया है। देश में यदि मेडिकल क्षेत्र में पीजी की ही बात की जाए तो 80 हजार से अधिक सीटें हो गई है। अब इसे शिक्षा का गिरता स्तर माना जाएं या अन्य कारण कि पीजी की 80 हजार के लगभग में से 18 हजार के करीब सीटें खाली रह जाती है। इसका कारण अन्य कुछ नही होकर पीजी अध्ययन के इच्छुक युवा चिकित्सकों में से बड़ी संख्या में चिकित्सक सामान्य अहर्ता 50 व 40 पर्सेंटाइल की योग्यता ही पूरी नहीं कर पाते। मजे की बात यह है कि हालात यहां तक बिगड गए हैं या स्तर की गिरावट को इसी से समझा जा सकता है कि पीजी में प्रवेश के लिए जीरो पर्सेंटाइल तक पर एडमिशन का निर्णय करना पड रहा है। सरकार या संस्थानों ने इसके लिए शिक्षा के स्तर में सुधार की आवश्यकता के स्थान पर न्यूनतम योग्यता में कमी करने की बात करने लगे है। हद तो यह हो गई कि एक दो प्रतिशत की कमी होती तो फिर भी समझ में आता पर यहां तो 50 से सीधे 7 पर्सेंटाइल और 40 से सीधे शून्य पर्सेंटाइल पर प्रवेष का निर्णय किया गया है। कल्पनीय बात यह है कि यदि कोई आरक्षित वर्ग का है और उसने प्रवेश परीक्षा के समय केवल अपना नाम पता ही लिख कर आ गया होगा तो उसे प्रवेश मिल जाएगा। इसी तरह से सामान्य वर्ग का है और गलती से एक आध प्रश्न करके सात प्रतिशत पर्सेंटाइल ले आया होगा तो उसका प्रवेश हो जाएगा।

अब इससे समझा जा सकता है कि मेडिकल जैसे अध्ययन में किस तरह से गुणवत्ता और योग्य विशेषज्ञ तैयार करने के लिए सारी गुणवत्ता को ताक पर रखा जा रहा है। भारतीय चिकित्सा आयोग की सिफारिश के पीछे प्रमुख कारण 80 हजार में से 18 हजार सीटें खाली रह जाना है। अब सवाल यह है कि जिस आयोग की जिम्मेदारी ही गुणवत्तापूर्ण मेडिकल चिकित्सा सुनिश्चित करना हो वह गुणवत्ता से समझौता करने के लिए केवल इसलिए तैयार हो रहा है कि सरकार निजी मेडिकल कालेजों में 18 हजार सीटें खाली रहने से इन संस्थानों को आर्थिक हानि से गुजरना होगा। सवाल यह भी है कि 50 से सीधे 7 और 40 से सीधे 0 पर आने का मतलब साफ है कि सात और शून्य पर्सेंटाइल करने से ही यह सीटें भर सकेगी। सौ टके का सवाल यह है कि आयोग को चिकित्सा की गुणवत्ता की चिंता है या कालेजों की खाली रही सीटों को भरने की है। फिर तो प्रवेश परीक्षा आयोजित करने का भी कोई मायना नहीं रह जाता।

# एमडीएम हॉस्पिटल में मिलेगी टेस्ट ट्यूब बेबी की सुविधा

## सरकार को भेजा प्रस्ताव, प्राइवेट अस्पतालों में नहीं होंगे लाखों खर्च

**हुक्मनामा समाचार**

**जोधपुर।** मथुरादास माथुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में टेस्ट ट्यूब बेबी (आईवीएफ) सुविधा शुरू होने की उम्मीद जगी है। इसके लिए हॉस्पिटल प्रशासन की ओर से प्रस्ताव प्रदेश सरकार को भेजा गया है। अब निसंतान दंपतियों के चेहरे पर खुशी देखने को मिलेगी। अगर प्रस्ताव को मंजूरी मिलती है और इलाज शुरू होता है तो निसंतान दंपतियों को प्राइवेट हॉस्पिटलों में लाखों रुपए खर्च नहीं करने पड़ेंगे। टेस्ट ट्यूब बेबी की सुविधा के लिए सरकारी अस्पतालों में नाममात्र के पैसे देने होंगे। इससे गरीब-अमीर सभी दंपतियों को सस्ता और विश्वसनीय ट्रीटमेंट मिलेगा।



एमडीएम हॉस्पिटल के अधीक्षक डॉ. विकास राजपुरोहित ने बताया कि परिवार हमारी संस्कृति और समाज की सबसे मजबूत कड़ी है। स्वास्थ्य व्यवस्था इसमें अपनी अहम जिम्मेदारी निभाती है। जोधपुर जैसे शहर में निःसंतानता की समस्या से कई लोग परेशान है। प्राइवेट जगहों में ऊंचे दामों के कारण हजारों दंपती इलाज से वंचित रह जाते हैं। ऐसे में टेस्ट ट्यूब बेबी(आईवीएफ) के लिए आधुनिक उपकरण, लैब और विशेषज्ञ डॉक्टरों की व्यवस्था का पूरा प्रोजेक्ट राज्य सरकार को भेज दिया गया है। यहां आईवीएफ शुरू होने से न केवल खर्च कम होगा, बल्कि ऐसे लोगों को राहत भी मिलेगी। बता दें, कि जिले में सैकड़ों दंपती निःसंतानता से जूझते रहे हैं। ग्रामीण इलाकों से आने वाले गरीब परिवार प्राइवेट हॉस्पिटलों के महंगे पैकेज अफोर्ड नहीं कर पाते। ऐसे में अब इन मरीजों में भी उम्मीद की किरण जागी है। हालांकि, रूष्ठरू हॉस्पिटल पहले ही कैंसर, हृदय रोग और अन्य विशेष सुविधाओं के लिए जाना जाता है। आईवीएफ सुविधा शुरू होने से यह जोधपुर का सबसे बड़ा फर्टिलिटी सेंटर बन सकता है।

**क्या है टेस्ट ट्यूब बेबी :** इसे इन विट्रो फर्टिलाइजेशन कहा जाता है। जिसमें टेस्ट ट्यूब में शुक्राणु और अंडे को मिलाकर भ्रूण तैयार किया जाता है, जो बाद में गर्भाशय में प्रत्यारोपित होता है। भारत में सफलता दर 40-50 फीसदी है, लेकिन सरकारी सेटअप में यह और बेहतर हो सकती है।

# कटारिया की पुण्यतिथि पर शिविर में 122 यूनिट रक्तदान



**हुक्मनामा समाचार**

**जोधपुर।** रक्तदान सेवा समिति जोधपुर द्वारा सौ से अधिक बार रक्तदान कर चुके रक्तदाता तरुण कटारिया की प्रथम पुण्यतिथि पर रविवार को सरदारपुरा स्थित कोठारी भवन में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया जिसमें 122 यूनिट रक्तदान हुआ।

शिविर संयोजक डॉ. प्रतीक कटारिया ने बताया कि स्मृतिशेष रक्तदाता तरूण कटारिया की प्रथम पुण्य तिथि पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का विधिवत उद्घाटन सुबह अतिथि के रूप में सहायक पुलिस आयुक्त प्रतापनगर रविन्द्र कुमार बोथरा, समाजसेवी विनोद सिंघवी, मधु कटारिया, राजेन्द्र व राकेश कटारिया ने किया। मितेश जैन ने बताया कि स्वर्गीय तरूण की पुत्री वंशिका ने रक्तदान कर अपने पिता को श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर सपत्नीक रक्तदान अर्चना संदीप मेहरा, डॉ कल्पित रंजना मेहता, प्रतीक सुरभी जैन, पिता पुत्री में रवि मुस्कान बोहरा, पिता पुत्र राजेन्द्र राहुल कटारिया, राकेश जैनम कटारिया ने व 70वीं बार पृथ्वीराज कटारिया, 64वीं बार नरेश चैहान, 54वीं बार अमित जैन, 53वीं बार प्रभात मेहरा व 11वीं बार कुशाग्र सुराणा ने रक्तदान किया तथा अंशु, राहुल करानी, मोहित सोलंकी, राहुल सोनी, विक्रमसिंह, महिपाल सिंह, हितेश आंचलिया, मैना कटारिया, वैभव व्यास, पंकज, मानव, तुषार, अभिषेक ने प्रथम बार सहित 122 युवक युवतियों रक्तदान कर भावांजलि अर्पित की। संचालन मीना कटारिया ने किया। शिविर में महात्मा गांधी चिकित्सालय व उम्मेद महिला एवं शिशु चिकित्सालय के रक्तकोष के तकनिशियनों ने रक्त संग्रहण किया।

## विराट हिंदू सम्मेलन 25 को, कार्यकारिणी का गठन

**हुक्मनामा समाचार**

**जोधपुर।** महामंदिर मानसागर पार्क में 25 जनवरी को विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन होगा। इस संबंध में कार्यकारिणी का गठन किया गया है।

सर्व सम्मति से भंवर सिंह चौहान को कार्यक्रम संयोजक बनाया गया है। वहीं मिठू लाल महाराज, दाऊलाल महाराज, जयराज, महेंद्र सामरिया, गोविंद नागौरा, नरेंद्र खींची, इंदर सिंह भाटी, सुरेंद्र गहलोत, अशोक खींची राजेंद्र परिहार, मदन लाल प्रजापत, जुगल झंवर, वंदना भाटी, उषा जोशी, सुशीला प्रजापत को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है। सम्मेलन में अपना सवेरा सेवा संस्थान का सहयोग रहेगा। बैठक में आगामी गतिविधियों की चर्चा की गई। इसके तहत 21 जनवरी को वाहन रैली और 25 जनवरी को सुबह 11 बजे कलश यात्रा निकाली जाएगी। ये शिव मंदिर, मंडोरिया गेट के बाहर महामंदिर से शुरू होकर मानसागर पार्क पर पूर्ण होगी।

# लॉयन्स क्लब के शिविर में 185 मरीजों को मिला चिकित्सा परामर्श




**हुक्मनामा समाचार**

**जोधपुर।** लायंस क्लब जोधपुर मरुधरा, लायंस क्लब जोधपुर आगाज, स्टर्लिंग मल्टीस्पेलटी हॉस्पिटल अहमदाबाद एवं हनुमान मंदिर सेवार्थ ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में नरपत सांखला के सहयोग द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य परामर्श शिविर का आयोजन हनुमान मंदिर लालसागर में किया गया।

शिविर में 153 मरीज़ हड्डी रोग एवं स्पाइन इंजरी से ग्रसित पाए गए, जिनका स्टर्लिंग अस्पताल के विशेषज्ञ डॉ. हिमांशु माथुर एवं डॉ अंकित प्रजापति द्वारा जांच एवं परामर्श दिया गया। कैंसर के डॉ नितीन सिंघल द्वारा 32 मरीजों को निशुल्क परामर्श प्रदान किया गया। इस कैंप में लॉयंस क्लब जोधपुर मरुधरा के अध्यक्ष लायन डॉ महेंद्र सिंह सांखला, सचिव लायन प्रवीण सिंह परिहार, कोषाध्यक्ष लायन नितेश दवे, पूर्व प्रांतपाल लायन डॉ संजीव जैन, लॉयन उगम सिंह गहलोत, लायन ओमप्रकाश गोलेच्छा, लायन मोहन सिंह सोलंकी, लायन कमलेश खेतानी, लायन अशोक कुमार गहलोत, लायन हस्तीमल भाटी, लायन राकेश बंसल, लायन पवन लोहिया, लायन कन्हैया लाल कंसारा, लायन विजय अग्रवाल, लायन प्रमोद पंवार, लायन सुरेश आचार्य, लायन अमित जैन, लायन अरुण धारीवाल, लायन डॉ. मंजूलता सांखला, लायन डॉ. कुलबीर सिंह चौपड़ा, लायन डॉ. नटवर सिंह पुरोहित, लायन सुमेर सिंह कच्छावा, लायन किशन सिंह देवड़ा, लायन किरण बियानी, लायन शशि त्रिवेदी, लायन मधु राठी, लायन मुकेश दवे, लायन राजेंद्र दवे एवं लायन अमित जैन उपस्थित रहे। हनुमान मंदिर सेवार्थ ट्रस्ट के अध्यक्ष मघराज पंवार, सचिव लवजीत सिंह टाक, कोषाध्यक्ष महेंद्र सिंह टाक, उपाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह देवड़ा एवं संरक्षक किशोर सिंह टाक का सक्रिय सहयोग रहा। एवं लायंस क्लब जोधपुर मरुधरा के साथ मिलकर भविष्य मे इस पुण्य सेवा कार्य हेतु हमेशा साथ देने का आश्वासन दिया।

## चार माह से बदहाल है मिर्धा सर्कल क्षेत्र

**जोधपुर (हुक्मनामा समाचार)।** डबल इंजन की सरकार में विकास की गंगा बहने के दावे भले ही किए जा रहे हों, लेकिन हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। शहर के प्रमुख मिर्धा सर्कल क्षेत्र में पिछले चार महीनों से हालात बद से बदतर बने हुए हैं। यह स्थान पावटा सर्कल से मात्र 100 मीटर की दूरी पर स्थित है और यहीं से कलेक्टर परिसर व संभागीय आयुक्त कार्यालय सेशन न्यायालय का रास्ता गुजरता है। प्रतिदिन हजारों की संख्या में आम नागरिकों के साथ-साथ प्रशासनिक अधिकारी, उच्च अधिकारी, न्यायिक अधिकारी एवं सैकड़ों अधिवक्ता इसी मार्ग से आवागमन करते हैं। इसके बावजूद क्षेत्र की दुर्दशा पर न तो संबंधित विभागों का ध्यान जा रहा है और न ही जिम्मेदारों द्वारा कोई ठोस कार्रवाई की जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बार-बार शिकायतों के बावजूद समस्या जस की तस बनी हुई है।

## पंचायती राज व माध्यमिक शिक्षक संघ की जोधपुर शहर उपशाखा के चुनाव संपन्न



**जोधपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान पंचायती राज एवं माध्यमिक शिक्षक संघ की जोधपुर शहर उपशाखा के चुनाव शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुए। चुनाव परिणामों में अध्यक्ष पद पर कैलाश सुथार, ब्लॉक सभाअध्यक्ष श्रवण सिंह राजपुरोहित महिला संयोजिका पद पर आबिदा बानो निर्वाचित हुईं। इस अवसर पर बिना बालानी, श्रीमती बेबीनंदा, भंवरा राम जाखड़, शम्भूसिंह मेड़तिया, सन्तोकसिंह सिणली, जिला अध्यक्ष जवरिलाल आर्य, जिला मंत्री विक्रम सिंह बावरला, उपस्थित रहे। चुनाव अधिकारी विक्रम सिंह बांवरला ने बताया कि चुनाव प्रक्रिया लोकतांत्रिक एवं पारदर्शी तरीके से पूर्ण की गई। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ बिना बालानी द्वारा दिलाई गई। अध्यक्षीय भाषण में नवनिर्वाचित अध्यक्ष कैलाश सुथार ने कहा कि वे संगठन को और अधिक सशक्त बनाएंगे तथा शिक्षकों की समस्याओं के समाधान के लिए राज्य स्तर पर प्रभावी प्रयास करेंगे।

# संघ के पंच परिवर्तन से होगा राष्ट्र का नवनिर्माण : हार्दिक

## शताब्दी वर्ष पर हुए सात स्थानों पर हुए संघ के हिंदू सम्मेलन



**हुक्मनामा समाचार**

**जोधपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर शहर में हर बस्ती में हिंदू सम्मेलन हो रहे हैं इसी को लेकर रविवार को 7 स्थानों पर संतों के सानिध्य में कार्यक्रम आयोजित किए गए।

महानगर कार्यवाह भरत जांगिड ने बताया कि नंदनवन नगर के द्वारिका बस्ती में हुए हिंदू सम्मेलन में मुख्य वक्ता महानगर प्रचारक हार्दिक ने एकजुटता पर जोर देते हुए कहा कि विश्व में शांति का संदेश देने वाला , विश्व कल्याण की बात करने वाला हमारा समाज आज एकजुट नहीं होने से देश में ही अपनी अस्मिता खो रहा है। आज हिन्दू समाज के जागरण का ही परिणाम है कि देश में परिवर्तन की बयार देखने को मिल रही है। आज संघ शताब्दी वर्ष मना रहा है ऐसे में हर घर में संघ के पंच परिवर्तन की बातों को प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवन में उतारे इसी से राष्ट्र का नव निर्माण होगा।

बोरानाडा बस्ती का सम्मेलन शाम को क्षेत्र के रीको पार्क में जगदीश राम महाराज, राममनोहर दास महाराज ज्ञानस्वरूपानंद सरस्वती महाराज संतोष गिरी महाराज के सानिध्य में सम्पन्न हुआ। चोखा नगर की नयापुरा बस्ती में संत अमृतराम महाराज व संत तारक महाराज के सानिध्य में हुए कार्यक्रम में मुख्य वक्ता विभाग कार्यवाह मनोहर सिंह ने उपस्थित लोगों से सनातन धर्म संस्कृति की रक्षार्थ राष्ट्र कार्य में आहुति देने के लिए आगे आने का आह्वान किया।

पाल बालाजी नगर की शोभावत ढाणी बस्ती में मुख्य वक्ता विभाग प्रचारक मंगलाराम ने संबोधित करते हुए सनातन धर्म की गौरवमयी यात्रा का वर्णन करते हुए कहा कि हम प्रभु श्री राम कृष्ण, महादेव की आराधना करने वाले लोग, राणा प्रताप छत्रपति शिवाजी वीर दुर्गादास राठौड़ जैसे महापुरुषों को अपना आदर्श बनाए रखने वाले लोग अपने शौर्य पराक्रम को स्मरण करे। कार्यक्रम में सारण नगर बस्ती संयोजक मनोहर लाल भागाराम देवासी सोहन चौधरी कर्नल धन्नाराम नयापुरा बस्ती में संयोजक नारायण गर्ग जेठाराम सोलंकी जयसिंह सांखला जीतू कुमावत द्वारिका बस्ती से संयोजक रेखा पंवार राजेश माथुर कमल सोनी योगेश दहिया विक्रम पंवार सहित कार्यकर्ता संचालन समापन तक व्यवस्थाओं में जुटे हुए हैं। समापन पर सभी एक साथ बिना किसी भेदभाव के समरसता की स्थापना के उद्देश्य से एक ही स्थान पर बैठ प्रसाद ग्रहण कर रहे है।

## घुमन्तु समुदाय सहायता शिविर आज से

**हुक्मनामा समाचार**

**जोधपुर।** राज्य सरकार द्वारा घुमन्तु समुदाय (विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्धघुमन्तु) के व्यक्तियों को केन्द्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान करने के उद्देश्य से जिले में घुमन्तु समुदाय सहायता शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के संयुक्त निदेशक अनिल व्यास ने बताया कि राज्य सरकार की मंशानुसार एवं जिला कलक्टर के निर्देशानुसार जिले के समस्त शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों की पंचायत समितियों, नगर पालिकाओं तथा नगर निगम क्षेत्रों में 19 से 23 जनवरी तक सहायता शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों के माध्यम से घुमन्तु समुदाय के व्यक्तियों के पहचान संबंधी दस्तावेज तैयार कराए जाएंगे, जिससे उन्हें विभिन्न योजनाओं का लाभ मिल सके। सहायता शिविरों में घुमन्तु समुदाय (विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्धघुमन्तु) के व्यक्तियों के ऑनलाइन घुमन्तु पहचान प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, जाति प्रमाण पत्र, जन आधार कार्ड, मूल निवास प्रमाण पत्र आदि बनवाने के लिए आवश्यक सहायता प्रदान की जाएगी।

इसमें घुमन्तु समुदाय की 9 विमुक्त जातियों, 10 घुमन्तु जातियों एवं 13 अर्द्धघुमन्तु जातियों सहित कुल 32 जातियों के व्यक्तियों को घुमन्तु पहचान प्रमाण पत्र एवं अन्य दस्तावेज तैयार होने पर केन्द्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री घुमन्तु आवास योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, पालनहार योजना आदि का लाभ मिलेगा।

# दो दिवसीय श्री श्रीयादे जयंती महोत्सव आज से

## शोभायात्रा कल, 51 से अधिक झांकियां होंगी सम्मिलित

**हुक्मनामा समाचार**

**जोधपुर।** कुम्हार (प्रजापति) समाज की आराध्य देवी भक्त शिरोमणि श्री श्रीयादे माता की जयन्ती पर शोभायात्रा बीस जनवरी को निकाली जाएगी। इसमें करीब 51 से अधिक झांकियां सम्मिलित होगी। जयंती के उपलक्ष में श्री श्रीयादे माता जयन्ती महोत्सव समिति जोधपुर के तत्वावधान में दो दिवसीय महोत्सव सोमवार से शुरू होगा।

समिति के अध्यक्ष धर्मेन्द्र गुडिया व सचिव भंवरलाल ओडिया ने बताया कि दो दिवसीय महोत्सव के तहत पहले दिन सोमवार को सायं 5 बजे श्री श्रीयादे माता मन्दिर रातानाडा पर भजन संध्या आयोजित होगी। इस भजन संध्या में कालुराम प्रजापति कमल व पन्नालाल टटवाडिया, चेतन भासा ऐणिया के नेतृत्व में समाज के जाने माने गायक अपने भजनों से भक्ति रस की सरिता बहाएंगे। दूसरे दिन बीस जनवरी को सुबह 10.30 बजे श्री श्रीयादे माता मन्दिर रातानाडा से शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा नई सडक, घण्टाघर, कन्दोई बाजार, कटला बाजार, सिटी पुलिस, सर्राफा बाजार, आडा बाजार, कुम्हारियां कुआं, जालोरी गेट, गोल बिल्डिंग, सरदारपुरा बी रोड होते हुए गांधी मैदान पहुंचकर विर्सजित होगी।

संरक्षक मण्डल के दशरथ कवाड़िया तथा कालूराम कारवाल ने बताया कि श्रीयादे माता जयन्ती महोत्सव को लेकर प्रजापति समाज के लोगों में भारी उत्साह है। 20 जनवरी को सुबह जोधपुर स्थित सभी श्रीयादे माता मन्दिरों पर लोगों द्वारा पूजा अर्चना की जाएगी। समाज के अनेक लोग अपने घरों में भी माता की पूजा अर्चना करेंगे।

**40 से अधिक प्रखण्ड विभाजित :** दो दिवसीय समारोह के सफल आयोजन हेतु जोधपुर को 40 से अधिक प्रखण्डों में विभाजित किया गया है तथा सभी क्षेत्रों में बैठकें आयोजित की गई है। इस शोभायात्रा में नौ रथों में सवार नव दुर्गा की झांकियों सहित सहित अनेक सामाजिक सरोकार से परिपूर्ण राष्ट्रभक्ति की झांकी भी दिखाई देगी। संरक्षक दशरथ कवाडिया, केशव कवाडिया, रामकिशोर सोतवाल व हुकमाराम सिंघाटिया ने बताया कि इस शोभायात्रा में झांकियों के साथ ही ऊंट, घोडे, रथ के अलावा व्यायामशाला के कार्यकर्ताओं द्वारा हैरतअंगेज व्यायाम प्रदर्शन किए जाएंगे। साथ ही इस शोभायात्रा में नौपत शहनाई व विभिन्न बैण्डों द्वारा मधुर ध्वनि से स्वर लहरियां बिखेरेंगें। आयोजन को लेकर समाज के प्रबुद्धजन, भंवरलाल पोटर, रामकिशोर सोतवाल, लालचंद संखवाया, किशोर सिनावड़िया आदि का सहयोग लिया जा रहा है।

# यज्ञ, प्रवचन व खेल प्रतियोगिताओं के विजेताओं का सम्मान

## आर्य समाज फोर्ट उम्मेद चौक गोलनाडी का 67वां वार्षिक उत्सव संपन्न

**हुक्मनामा समाचार**

**जोधपुर।** आर्य समाज फोर्ट उम्मेद चौक गोलनाडी का 67वां साप्ताहिक वार्षिक उत्सव रविवार को हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। समारोह में यज्ञ, प्रवचन एवं खेल प्रतियोगिताओं के विजेता व उप-विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया।

मंत्री उम्मेद सिंह आर्य ने बताया कि वार्षिक उत्सव के दौरान युवाओं में शारीरिक, बौद्धिक व नैतिक विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य ब्रह्मा एवं क्रांतिकारी भजनोपदेशक केशव देव ने भजनों के माध्यम से कहा कि यज्ञ विश्व का सर्वोत्तम कर्म है, जिसमें प्राणी मात्र के कल्याण की कामना निहित होती है। आर्य प्रतिनिधि सभा राजस्थान के उपप्रधान नारायण सिंह आर्य ने कहा कि देशभक्ति और समाज कल्याण का पहला माध्यम निरोगी काया है, जिसे खेलकूद के माध्यम से प्राप्त किया जा सकता है।



कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पूर्व शहर विधायक मनीषा पंवार ने कहा कि आर्य वीर दल के युवाओं ने खेल जगत में राष्ट्रीय स्तर तक पहचान बनाई है। उन्होंने युवाओं से नशे और मोबाइल की लत से दूर रहकर खेल एवं स्वाध्याय की ओर ध्यान केंद्रित करने का आह्वान किया। माताओं-बहनों से अपने बच्चों को आर्य वीर दल की शाखाओं से जोड़ने की अपील की। आर्य वीर दल राजस्थान के अध्यक्ष भंवरलाल आर्य, चांदमल आर्य, हरिसिंह आर्य, दीपक सिंह पंवार एवं जितेंद्र सिंह ने गत सप्ताह आयोजित खेल प्रतियोगिताओं के विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। संचालन व संयोजन मंत्री उम्मेद सिंह आर्य ने किया, जबकि आर्य समाज फोर्ट के प्रधान गणपत सिंह आर्य ने धन्यवाद ज्ञापित किया। समारोह में विक्रम सिंह चौहान, शिवप्रकाश सोनी, करण सिंह इंदा, भेरू सिंह डोढ़िया, हिम्मत सिंह, किशोर सिंह, राकेश कपूर, फिरोज फेम, अकतर खान, पूनम सिंह शेखावत, कुलदीप सिंह, शैलेन्द्र सिंह, देव आर्य, गौरव पंवार, देवेंद्र सिंह, राजेंद्र चावड़ा, महेश आर्य, नरेन्द्र सिंह पंवार, विष्णु प्रकाश, भंवरलाल बिनवाल, पुष्पा गोयल, निर्मला भाटी, भावना सोलंकी, कविता आर्या, लक्ष्मी शेखावत सहित आर्य समाज, आर्य वीर दल एवं गौ रक्षा दल के पदाधिकारी एवं सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# हिन्दी कहानी का सन्दर्भ रघुजी के बिना अधूरा रहेगा : डॉ. सत्यनारायण

## स्मृतिशेष कहानीकार त्रिवेदी के जन्मदिवस पर शब्दरंग की गोष्ठी आयोजित



**हुक्मनामा समाचार**

**जोधपुर।** वक़्त की तेज़ धूप ने भले ही आंखों से आंसुओं को सुखा दिया है, पर भीगे हुए शब्द कर रहे थे बयां कि ये शहर आपको आज भी नहीं भूला है रघुजी। कुछ ऐसा ही मंज़र सबकी आंखों में नज़र आ रहा था शब्दरंग द्वारा शहर के ख्यातनाम कहानीकार स्व. रघुनंदन त्रिवेदी के जन्मदिन के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में, जहां बड़ी संख्या में लोगों ने उपस्थित होकर अपने प्रिय कहानीकार को याद किया।

संस्था की अध्यक्ष डॉ. रेणुका श्रीवास्तव ने बताया कि नेहरू पार्क स्थित डॉ. मदन-सावित्री डागा साहित्य भवन में आयोजित स्व. रघुनंदन त्रिवेदी की साहित्य यात्रा के इस कार्यक्रम के प्रारम्भ में दो लघु कथाओं के वाचन के पश्चात् नवीन पंछी ने रघु जी की दो कविताओं का वाचन किया।

पत्रवाचन करते हुए माधव राठौड़ ने कहा कि उनके लेखन में उनकी संवेदनशीलता झलकती है तथा उनके अन्तर्मन की गहराइयों की अभिव्यक्ति स्पष्ट रूप से होती है। स्व. रघुजी से लेखन की प्रेरणा प्राप्त करने वाले साहित्यकार व रंगकर्मी प्रमोद वैष्णव ने अपने आपको उनका एकलव्य शिष्य होना स्वीकार किया साथ ही प्रज्ञा त्रिवेदी ने अपने चाचा के संस्मरण सदन में साझा किये।

वरिष्ठ कथाकार डॉ. सत्यनारायण ने बीज वक्तव्य के रूप में स्व. रघुजी के पत्रों के हवाले से उनकी संवेदनशीलता का ज़िक्र करते हुए बताया कि उनके शब्दों से ख़ुश्बू आती है। वे कहानी का अन्त पहले सोच लेते, बोलने में हिचकिचाने वाले रघुजी को साहित्य समाज में अन्तिम पैराग्राफ का लेखक माना जाता रहा है, उनके लेखन पर अब शोध हो रहे हैं, हिन्दी कहानी का सन्दर्भ रघुजी के बिना अधूरा रहेगा। कार्यक्रम डॉ. पद्मजा शर्मा, डॉ. मनीषा डागा, रमेश बोराणा, डॉ. सुनील माथुर, हरीश देवनानी, डॉ. सूरज माहेश्वरी, वंदना व्यास, जितेन्द्र व्यास, अरुण बोहरा, डॉ. इश्राकुल इस्लाम माहिर, राकेश मुथा, आनंदसिंह चैहान, रेणु वर्मा, डॉ. विनोद गहलोत, दीपिका मोयल, जितेन्द्र ओझा सहित साहित्यप्रेमी उपस्थित थे, कार्यक्रम का संचालन मधुर परिहार ने किया तथा रमेश भाटी नामदेव ने आभार व्यक्त किया।

**कार्यालय नगर परिषद, जैसलमेर (राज.) 345001**

क्रमांक/भूमि/2025-26/2964 दिनांक : 16.01.2026

**प्रसारित नोटिस उजरदारी**

श्रीमती लीला देवी पत्नी श्री मदनलाल जाति कुमावत निवासी गांव पोस्ट खीयां जिला जैसलमेर द्वारा एक आवेदन-पत्र पेश कर निवेदन किया है कि आवासीय भूखण्ड संख्या बी-245 साईज 30 गुणा 60 वर्गफुट कुल 1800 वर्गफीट वाके लक्ष्मीचंद सांवल आवासीय योजना जैसलमेर जो की श्री गायड़सिंह पुत्र श्री आईदानसिंह जरिये मुख्तयार आम श्री खेतसिंह पुत्र श्री भीमदान जाति चारण निवासी 486 बजरंग मार्ग, गांधी कॉलोनी जैसलमेर से जरिये रजिस्टर्ड विक्रय-पत्र से क्रय किया गया है। उक्त भूखण्ड का नामान्तरण श्रीमती लीला देवी पत्नी श्री मदनलाल जाति कुमावत निवासी गांव पोस्ट खीयां जिला जैसलमेर द्वारा अपने नाम से दर्ज करवाना चाहते हैं।

अत: इस सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/पार्टी को कोई उजर ऐतराज हो तो वह इस कार्यालय में 7 दिवस के भीतर पेश करें अन्यथा बाद म्याद कोई उजर ऐतराज मान्य नहीं होगा तथा नामान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। सूचित रहे।

**आयुक्त-नगर परिषद, जैसलमेर**

# जोधपुर में पुरुषोत्तम मास में आस्था का महाकुंभ

## 25 मई से 31 मई तक होगी भोगीशैल परिक्रमा यात्रा



**हुक्मनामा समाचार**

**जोधपुर।** सनातन संस्कृति की अक्षुण्ण परंपराओं को जीवंत बनाए रखने वाली मारवाड़ का कुंभ भोगीशैल परिक्रमा यात्रा का आयोजन इस वर्ष 25 मई से 31 मई तक किया जाएगा। इस संबंध में मारवाड़ के सात सदस्यीय विद्वत् पंडित परिषद की बैठक में गहन विचार-विमर्श के पश्चात सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। बैठक हिन्दू सेवा मण्डल, जोधपुर के कार्यालय में आयोजित हुई।

हिन्दू सेवा मण्डल जोधपुर के प्रधानमंत्री विष्णुचन्द्र प्रजापत ने बताया कि सनातन धर्म में सूर्य एवं चंद्र की गति को संतुलित करने के लिए प्रत्येक तीन वर्ष में अधिक मास का विधान है, जिसे पुरुषोत्तम मास कहा जाता है। इस मास को बारह मासों का राजा माना गया है तथा यह मास भगवान श्री विष्णु को समर्पित होता है। पुरुषोत्तम मास में तप, जप, व्रत, दान-पुण्य एवं धार्मिक अनुष्ठानों का विशेष महत्व शास्त्रों में वर्णित है। इस वर्ष विक्रम संवत् 2083 में ज्येष्ठ मास अधिक होने का दुर्लभ संयोग बन रहा है। इसी शुभ अवसर पर पुरुषोत्तम मास में आयोजित होने वाली भोगीशैल परिक्रमा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। विद्वत् पंडित परिषद द्वारा शास्त्रीय गणना एवं पंचांग विचार के पश्चात यह निर्णय लिया गया कि परिक्रमा यात्रा 25 मई से प्रारंभ होकर 31 मई को संपन्न होगी। बैठक में पं. रमेश भोजराज द्विवेदी, पं. घनश्याम द्विवेदी, पं. अभिषेक जोशी, पं. विजयदत्त पुरोहित, पं. शंकर सिंह राजपुरोहित, प्रधान महेश कुमार जाजड़ा, उपप्रधान लखमीचंद किसनानी, कोषाध्यक्ष राकेश गौड, मदन सैन उपस्थित रहे, जबकि पं. खीवराज शर्मा एवं डॉ. भेरूप्रकाश दाधीच ऑनलाइन माध्यम से बैठक में शामिल हुए। सभी विद्वानों ने एकमत से यात्रा की तिथियों को स्वीकृति प्रदान की।

# दो जोड़ी ट्रेनें रद्द, बदले मार्ग से चलेगी सालासर सुपरफास्ट

**जोधपुर(हुक्मनामा समाचार)।** सुगम रेल संचालन के उद्देश्य से बीकानेर मंडल में रेल दोहरीकरण कार्य के चलते जोधपुर से संचालित होने वाली दो जोड़ी ट्रेनों का संचालन अस्थाई रूप से रद्द किया गया है। इसके साथ ही सालासर सुपरफास्ट ट्रेन को इस दौरान परिवर्तित मार्ग से संचालित किया जाएगा।

जोधपुर मंडल रेल प्रबंधक अनुराग त्रिपाठी ने बताया कि बीकानेर मंडल के चूरू-सादुलपुर रेलखंड पर चूरू-आसलू-दूधवाखारा स्टेशनों के मध्य रेल दोहरीकरण कार्य के कारण ट्रेन संख्या 14823 जोधपुर-रेवाड़ी एक्सप्रेस 19 से 24 जनवरी तक (6 ट्रिप) तथा ट्रेन संख्या 14824 रेवाड़ी-जोधपुर एक्सप्रेस 19 से 25 जनवरी तक (7 ट्रिप) रद्द रहेगी। इसी प्रकार ट्रेन संख्या 14891 जोधपुर-हिसार एक्सप्रेस 20 से 24 जनवरी तक (5 ट्रिप) और ट्रेन संख्या 14892 हिसार-जोधपुर एक्सप्रेस 21 से 25 जनवरी तक (5 ट्रिप) रद्द की गई है। उल्लेखनीय है कि दोहरीकरण कार्य के चलते जोधपुर-हिसार एक्सप्रेस 19 जनवरी तक चूरू तक ही संचालित की जा रही है, जबकि हिसार-जोधपुर एक्सप्रेस 20 जनवरी तक चूरू से जोधपुर स्टेशनों के बीच चलाई जा रही है। डीआरएम के अनुसार ट्रेन संख्या 22421 दिल्ली सराय रोहिल्ला-जोधपुर सालासर सुपरफास्ट 21 से 24 जनवरी तक (4 ट्रिप) परिवर्तित मार्ग रेवाड़ी-रींगस-फुलेरा-डेगाना वाया संचालित होगी। इस दौरान ट्रेन का ठहराव नारनौल,नीमकाथाना,रींगस,फुलेरा और कुचामन सिटी स्टेशनों पर होगा। वहीं ट्रेन संख्या 22422 जोधपुर-दिल्ली सराय रोहिल्ला सुपरफास्ट 24 जनवरी को (1 ट्रिप) डेगाना-फुलेरा-रींगस-रेवाड़ी परिवर्तित मार्ग से चलाई जाएगी,जिसका ठहराव कुचामन सिटी,फुलेरा,रींगस,नीमकाथाना और नारनौल स्टेशनों पर रहेगा।

**भावनगर-हरिद्वार-भावनगर एक्सप्रेस की दो ट्रिप रद्द :** भावनगर टर्मिनस से हरिद्वार जाने वाली द्विसाप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन इस सप्ताह दो ट्रिप रद्द की गई हैं। उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल रेल प्रबंधक अनुराग त्रिपाठी के अनुसार बीकानेर मंडल के चूरू-सादुलपुर रेलखंड पर चूरू-आसलू-दुधवाखारा स्टेशनों के मध्य दोहरीकरण कार्य के लिए ऑटोमैटिक सिग्नलिंग ब्लॉक लिया जा रहा है, जिससे रेल संचालन प्रभावित रहेगा। उन्होंने बताया कि इस कारण ट्रेन संख्या 19271 भावनगर टर्मिनस-हरिद्वार द्विसाप्ताहिक एक्सप्रेस 19 व 22 जनवरी को भावनगर टर्मिनस से रद्द रहेगी। वहीं वापसी में ट्रेन संख्या 19272 हरिद्वार ।भावनगर टर्मिनस द्विसाप्ताहिक एक्सप्रेस 21 व 24 जनवरी को हरिद्वार से रद्द रहेगी।

# केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग की एक दिवसीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन



**हुक्मनामा समाचार**

**जोधपुर।** आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय के केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग (सी.पी.डब्ल्यू.डी.) द्वारा आज एकदिवसीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। खेल कार्यक्रमों का आयोजन एम्स जोधपुर के खेल परिसर में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एम्स जोधपुर के कार्यकारी निदेशक डॉ. गोवर्धनदत्त पुरी रहे। इस अवसर पर एम्स जोधपुर के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अभिषेक भारद्वाज, डॉ. मनोज कमल, डॉ. भरत पालीवाल, सी.जी.एस.टी विभाग के अपर आयुक्त डॉ. ज्ञानेन्द्र कुमार त्रिपाठी एवं राजस्थान ग्रामीण बैंक के मुख्य प्रबन्धक श्री मुलाराम उपस्थित रहे।

खेल प्रतियोगिता में सी.पी.डब्ल्यू.डी. जोधपुर के परिमण्डल तथा परियोजना इकाई के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान क्रिकेट, वॉलीबॉल एवं रस्साकशी जैसी खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें प्रतिभागियों ने खेल भावना, टीम भावना और अनुशासन का परिचय दिया। इस खेल आयोजन में परिमण्डल टीम क्रिकेट, वॉलीबॉल एवं रस्साकशी में विजेता रही तथा परियोजना इकाई टीम इन तीनों खेलों में उपविजेता रहीं। विजेताओं तथा उपविजेताओं को मुख्य अतिथि द्वारा मेडल एवं ट्रॉफियाँ दी गई। मुख्य अतिथि डॉ. गोवर्धनदत्त पुरी, कार्यकारी निदेशक, एम्स जोधपुर ने अपने संबोधन में कहा कि खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाते है, बल्कि टीम भावना और अनुशासन को भी विकसित करता है। नियमित रूप से खेलने से कामकाज की उत्पादकता पर भी सकारात्मक प्रभाव पडता है। ऐसे आयोजन लगातार कुछ समय के अन्तराल पर होते रहने चाहिए। डॉ. ज्ञानेन्द्र कुमार त्रिपाठी, अपर आयुक्त तथा श्री मुलाराम, राजस्थान ग्रामीण बैंक के मुख्य प्रबन्धक ने सभी खिलाडियों का अपने संबोधन से उत्साहवर्धन किया। केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग जोधपुर के अधीक्षण अभियन्ता एवं परियोजना निदेशक दशरथ सिंह पंवार ने आयोजन समिति को सफल आयोजन के लिए बधाई दी और कर्मचारियों को नियमित रूप से खेल गतिविधियों में भाग लेकर अपने आप को तन्दरुस्त रखने के लिये प्रेरित किया। सुरेन्द्र गोदारा, कार्यपालक अभियन्ता एवं वरिष्ठ प्रबन्धक ने धन्यवाद प्रस्तुत किया।

# 22वें पीपा क्षत्रिय समाज के सामूहिक विवाह का समारोहपूर्वक समापन



**हुक्मनामा समाचार**

**जोधपुर।** श्री समस्त पीपा क्षत्रिय सामूहिक विवाह आयोजन समिति द्वारा आयोजित 22वें सामूहिक विवाह समारोह का समापन आज श्री समस्त पीपा क्षत्रिय समाज न्याति ट्रस्ट सुभाष चौक रातानाडा में आयोजित किया गया।

इस दौरान मंच पर चुन्नी देवी गोयल, लता चौहान, उषा देवी, उगमा देवी चौहान, बाबू देवी दहिया, सुनीता सोलंकी, वर्षा गोयल की उपस्थिति रही। कोषाध्यक्ष इंद्रमल गोयल ने विवाह आयोजन का विवरण प्रस्तुत किया। अध्यक्ष प्रकाश चावड़ा एवं सचिव नरेश सोलंकी ने सामूहिक विवाह के भामाशाह एवं सामूहिक विवाह स्मृति के विमोचन की जानकारी प्रस्तुत की। सामूहिक विवाह को स्मरणीय के रूप में समाज के भामाशाह मूलाराम गोयल द्वारा 22 जोड़ों को भूखंड के रजिस्ट्री सभी जोड़ों को प्रदान की गई। इस दौरान कार्यकारिणी अध्यक्ष प्रकाश चावड़ा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष बाबूलाल गोयल, उपाध्यक्ष लिखमाराम परिहार, सचिव नरेश सोलंकी, कोषाध्यक्ष इंद्रमल गोयल, उपकोषाध्यक्ष प्रेम चौहान, मोहनलाल सोलंकी, दिलीप सोलंकी, नरेंद्र सोलंकी, दुर्गाराम पवार, सियाराम पवार, गजेंद्र चौहान, पृथ्वीराज चौहान, भोजराज तंवर, अशोक चावडा, तुलसाराम गोयल, मोहनलाल सोलंकी,गजेंद्र दहिया, पुनाराम गोयल, ओमप्रकाश तंवर, हरीश तंवर, विजय लक्ष्मी गोयल एवं शिल्पी सोलंकी सहित समाज के गणमान्य समाज बंधु एवं मातृशक्ति उपस्थित रहे। मंच का संचालन कार्यकारिणी सदस्य विजय लक्ष्मी गोयल एवं सचिव नरेश सोलंकी ने किया।

# राजस्थान में जेम्स स्कूल ऑफ एक्सीलेंस की पहली शुरुआत जोधपुर में

## फ्यूचर-रेडी शिक्षा पर रहेगा फोकस



**हुक्मनामा समाचार**

**जोधपुर।** राजस्थान में जेम्स स्कूल ऑफ एक्सीलेंस ने अपनी पहली शैक्षणिक इकाई की शुरुआत जोधपुर में की है।

डॉ. अमृता बोहरा ने बताया कि जेम्स स्कूल ऑफ एक्सीलेंस विश्व के आठ देशों में संचालित हो रहा है, जिससे करीब दो लाख विद्यार्थी और 20 हजार शिक्षक जुड़े हुए हैं। संस्था का मुख्य उद्देश्य भारत में शिक्षा के स्तर को वैश्विक मानकों तक ले जाना है। उन्होंने बताया कि राजस्थान में जेम्स स्कूल ऑफ एक्सीलेंस का यह पहला स्कूल जोधपुर में प्रारंभ किया गया है, जबकि जयपुर में अगले वर्ष स्कूल खोलने की योजना प्रस्तावित है। स्कूल की शिक्षा प्रणाली रटने की बजाय समझ आधारित होगी, जिससे विद्यार्थियों में जो किया है, उससे थोड़ा बेहतर करने की सोच विकसित की जा सके। संस्थान हार्वर्ड ग्लोबल पार्टनर, वर्ल्ड बैंक सहित कई अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं के साथ शोध के क्षेत्र में सक्रिय रूप से जुड़ा हुआ है। जोधपुर स्थित यह स्कूल लगभग दो एकड़ क्षेत्र में विकसित किया गया है, जिसमें करीब 50 हजार वर्ग फीट का अत्याधुनिक परिसर होगा। यहां विद्यार्थियों के लिए प्लेनेटेरियम जैसी आधुनिक सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी। सरकार की गाइडलाइन के अनुसार आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के 25 प्रतिशत विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जाएगा। स्कूल की शिक्षा प्रणाली आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और आने वाले 15 वर्षों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए तैयार की गई है। प्रत्येक बच्चे की अलग-अलग सीखने की क्षमता को समझते हुए क्रिटिकल इंटेलिजेंस के विकास पर विशेष जोर दिया जाएगा।

# धूमधाम से मनाया लुंकड भाईपा का 50वां स्थापना दिवस

**जोधपुर(हुक्मनामा समाचार)।** लुंकड भाईपा सभा की ओर से भाईपा का 50वां स्थापना दिवस समारोह हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ सभाध्यक्ष नरेंद्र लुंकड की उपस्थिति में मनाया गया। भाईपा सचिव पारस लुंकड ने बताया कि सरदारपुरा तारघर के सामने स्थित ओसवाल कम्युनिटी सेंटर में पूरे दिन चले स्वर्ण जयंती कार्यक्रमों का शुभारंभ भाईपा की कुलदेवी अंबे माता की पूजा अर्चना एवं दीप प्रज्जवल कर किया गया। साधारण सभा के बाद आयोजित कार्यक्रमों की कड़ी में 75 वर्ष एवं अधिक आयु के 21 महिला पुरुष वृद्धजनों का शाल, जैन दुपट्टा, श्रीफल, माला एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। बच्चों एवं महिलाओं के लिए विशेष मनोरंजक कार्यक्रमों में चम्मच रेस, म्यूजिकल चेयर, जैन हाउजी, एक मिनट, बोरी रेस, लूडो, कैरम सहित अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें बडी संख्या में महिलाओं और बच्चों ने भाग लिया। सभी प्रतियोगिताओं के प्रथम, द्वितीय व तृतीय विजेताओं को विशेष पुरस्कार एवं सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में गजेंद्र लुंकड, सुमेर लुंकड, शांतिलाल लुंकड, जितेंद्र लुंकड सहित समस्त कार्यकारिणी का विशेष सहयोग रहा।

# शिक्षा से ही समाज का विकास संभव : खान

## अल्पसंख्यक अधिकारी कर्मचारी महासंघ का 14वां वार्षिक अधिवेशन आयोजित



**हुक्मनामा समाचार**

**जोधपुर।** अल्पसंख्यक अधिकारी कर्मचारी महासंघ, जोधपुर द्वारा आयोजित 14वां वार्षिक अधिवेशन, स्नेह मिलन समारोह एवं शिक्षा और विकास पर आधारित एक दिवसीय कॉन्फ्रेंस रविवार, 18 जनवरी को प्रात: 9 बजे से अपराह्न 3 बजे तक ग्रीन्स डाली, बाई चौराहा, जैसलमेर बाईपास, जोधपुर में भव्य रूप से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में प्रदेशभर से आए अल्पसंख्यक अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर अपनी एकजुटता का परिचय दिया।

जिलाध्यक्ष मोहम्मद आरिफ रिजवी ने जानकारी देते हुए बताया कि कॉन्फ्रेंस के दौरान वक्ताओं ने अल्पसंख्यक अधिकारियों एवं कर्मचारियों से जुड़े शैक्षणिक, सामाजिक एवं विकासात्मक मुद्दों पर गहन विचार-विमर्श किया। साथ ही समाज के उत्थान, शिक्षा में भागीदारी बढ़ाने और संगठन को और अधिक सशक्त बनाने पर विशेष चर्चा की गई। वहीं महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष हारून खान ने एक गरीब टैक्सी चालक के होनहार बच्चा अबरार को एमबीबीएस पढ़ाकर डॉक्टर बनाया। वहीं महासंघ द्वारा जरूरतमंद बच्चों उच्च शिक्षा के क्षेत्र मार्गदर्शन व आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है।

सचिव अकमल नईम ने जानकारी देते हुए बताया कि शिक्षा और विकास विषय पर आयोजित इस सम्मेलन को लेकर प्रदेशभर के कर्मचारियों में खासा उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष हारून खान, प्रदेश प्रवक्ता मोहम्मद आरिफ तथा विशिष्ट अतिथि बरकत अली, जिला न्यायाधीश, झालावाड़, शहीन एकेडमी के प्रबन्धक जी.एम शेख, मेडीसिटी अस्पताल के डॉ. साबिर अली, मौलाना आजाद यूनिवर्सिटी सीईओ मोहम्मद अतीक गौरी, पूर्व न्यायाधीश सलीम मलिक सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने अपने संबोधन में संगठन की भूमिका की सराहना करते हुए अल्पसंख्यक समाज के सर्वांगीण विकास पर बल दिया। समारोह के दौरान आरएएस में चयन होने पर समीर बेलिम व आईआरएस अहमद अली शेख का सम्मान किया गया।

इस दौरान कर्मचारी महासंघ के अल्ताफ हुसैन, सफकत खान, मोहम्मद अनवर अब्बासी, पूर्व जिलाध्यक्ष इकबाल अली रंगरेज, रसीद अंसारी, अब्दुल रसीद खिलजी, इकबाल एच. कायमखानी, मोहम्मद शाहिद, आसिफ इकबाल, शहाबुद्दीन खान, जमील अहमद, तनवीर अहमद, उमर फारुक, मोहम्मद नईम शेख सहित कई कर्मचारी मौजूद रहे।

# प्रजापति समाज के रेल कर्मचारियों का पंचम स्नेह मिलन संपन्न



**हुक्मनामा समाचार**

**जोधपुर।** जोधपुर मंडल के प्रजापति/कुम्हार/कुमावत समाज के रेल कर्मचारियों का 'पंचम स्नेह मिलन' कार्यक्रम भूतेश्वर महादेव मंदिर, जोधपुर में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर जोधपुर मंडल के समाज के रेल कर्मचारियों ने परिवार सहित बढ़-चढ़कर भाग लिया।

कार्यक्रम में डॉ. परमेश्वर कुमावत, रामलाल प्रजापत, डॉ. रामाराम कुमावत, धर्मेन्द्र पेवा, डॉ. प्रेमराज लिम्बा, छगन मालवीय, रामकिशन, नारायण प्रजापति, लक्ष्मण प्रजापति सहित समाज के गणमान्य उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान श्रीयादें माता जयंती महोत्सव भी मनाया गया। सांस्कृतिक प्रस्तुति में गायक कलाकार श्री राधे प्रजापति ने शानदार गायन प्रस्तुत किया, जिनका समाज द्वारा सम्मान किया गया। विशेष उपलब्धि के रूप में राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता (टेबल टेनिस) में सिल्वर मेडल प्राप्त करने वाले चेतन कुमावत को सम्मानित किया गया, जिससे समाज के युवाओं एवं विद्यार्थियों को खेलों में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी। महिलाओं के लिए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें उत्साहपूर्वक भागीदारी रही तथा विजेताओं को आकर्षक उपहार प्रदान किए गए। सभी रेल कर्मचारियों ने समाज को एक सूत्र में बाँधकर रखने एवं तन-मन-धन से एक-दूसरे के सहयोग का संकल्प लिया। मंचासीन वक्ताओं ने समाज की एकता, भाईचारे एवं आने वाली पीढ़ी के नैतिक मार्गदर्शन पर विशेष बल दिया। डॉ. रामा राम जी ने भविष्य में ऐसे और सम्मेलनों के आयोजन की आवश्यकता पर जोर दिया। वर्ष 2025 में रेलवे में नव-नियुक्त कर्मचारियों का भी अतिथियों द्वारा सम्मान किया गया। जोधा राम , ओम प्रकाश , विजेन्द्र , आलोक मंगल का सहयोग रहा। और साथ ही अगले वर्ष के कार्यक्रम के लिए नई टीम का गठन किया गया तथा समाज द्वारा न्यू ईयर कैलेंडर का विमोचन भी किया गया।

# विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाकर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**जोधपुर (हुक्मनामा समाचार)।** श्री सैनिक क्षत्रिय पूंजला नाडी संरक्षण एवं पर्यावरण विकास संस्थान द्वारा पूंजला नाडी परिसर में पर्यावरण संरक्षण को लेकर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के तहत नाडी के विकास कार्यों से जुड़े समाजसेवियों ने विभिन्न प्रजातियों के फलदार व छायादार पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। संस्थान के अध्यक्ष जगदीश देवड़ा ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी संपतसिंह भाटी रहे। उनके साथ श्याम सोलंकी, रामेश परिहार, पप्पूराम कच्छवाहा, गौरव गहलोत व धनराज बगरेचा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर पूंजला नाडी प्रांगण में कदम, आम, अमरूद, शहतूत, अनार, बेलपत्र सहित कई प्रकार के फलदार पौधे लगाए गए और वृक्षों की पर्यावरण में महत्ता पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम के दौरान युधिष्ठिरसिंह गहलोत, भागीरथ परिहार, बलवीर गहलोत, ओमप्रकाश देवड़ा, जितेन्द्रसिंह गहलोत, ललित गहलोत, हजारीसिंह गहलोत, अर्जुनसिंह गहलोत, भतुराम परिहार, लुम्बाराम देवड़ा, झूमरलाल देवड़ा, रितिक आचार्य, कानाराम सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने सहयोग किया।

# झण्डे की रस्म के साथ हजरत तन्हापीर बाबा का उर्स शुरू



**हुक्मनामा समाचार**

**जोधपुर।** हजरत तन्हापीर र.अ. बाबा मण्डोर वालों का उर्स मुबारक हर साल की तरह इस साल भी रविवार को शाम झण्डे की रस्म अदायगी के साथ शुरू हुआ।

दरगाह कमेटी के अध्यक्ष छोटू उस्ताद ने जानकारी देते हुए बताया कि रविवार सुबह दरगाह शरीफ में गुस्ल की रस्म अदा की गई। वहीं शाम को पाँच बजे बाद नमाज असर हजरत तन्हापीर बाबा दरगाह परिसर में उर्स के झण्डे की रस्म की अदा की गई। दरगाह कमेटी के अध्यक्ष छोटू उस्ताद ने बताया कि इस अवसर पर मुख्य अतिथि राजेन्द्रसिंह सोलंकी पूर्व चैयरमेन, राजस्थान पशुधन विकास बोर्ड जयपुर, उप महापौर अब्दुल करीम जॉनी, मेहरदीन खान, पार्षद कुमारी जाफरान, नदीम इकबाल सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। इस अवसर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा भेजी गई चादर दरगाह में पेश की जाएगी एवं देश में अमन, चैन, भाईचारे की दुआएं मांगी जाएगी।

मीडिया प्रभारी अय्यूब खान ने बताया कि हर साल इस साल भी 803वाँ उर्स मुबारक बड़ी शानो-शौकत के साथ मनाया जा रहा है। उर्स के दौरान कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। वहीं 19 जनवरी को रात 10 बजे फैजाबाद यूपी के मशहूर कव्वाल साकिब अली साबरी एण्ड पार्टी मनमोहक कव्वालियां पेश करेंगे। वहीं उर्स के दौरान लंगर का आयोजन किया जाएगा। दरगाह कमेटी की जानिब से कौमी एकता की चादर पेश की जाएगी। 19 जनवरी को सुबह सादिक कुल की रस्म अदा की जाएगी तथा उर्स समापन की घोषणा की जाएगी। इस दौरान मुख्य अतिथि राजेन्द्रसिंह सोलंकी पूर्व चैयरमेन, राजस्थान पशुधन विकास बोर्ड जयपुर, उप महापौर अब्दुल करीम जॉनी, छोटू उस्ताद, पार्षद इरफान बेली, मेहरदीन खान, गुलाम मोहम्मद सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे।

# सरकारी स्कूल मे विद्यार्थियों को वितरित किए स्वेटर

**जोधपुर(हुक्मनामा समाचार)।** जायंट्स ग्रुप ऑफ़ रॉयल लेडीज की अध्यक्ष निरूपा पटवा के नेतृत्व में कबीर नगरभील बस्ती स्थित महात्मा गांधी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में कक्षा एक से छह के एक सौ बीस बच्चों को सर्दी से राहत देने के लिए स्वेटर वितरित किए गए। साथ ही मूंगफली, गजक, तिल के लड्डू, सूखे मेवे, मिठाई, फल, बिस्किट आदि वितरित की। पटवा ने बताया कि सदस्य पूनम गिदवानी, राखी माखीजानी, पुष्प सराओगी, लता कुमारी, मीनाक्षी जैन आदि ने सहयोग किया। विद्यालय प्रधान फ़हदिमा अंजुम सहित स्कूल स्टाफ ने संस्थान का आभार व्यक्त किया।

# हरिद्वार श्रीमाली सदन में श्री महालक्ष्मी माताजी का पाटोत्सव 28 जनवरी को

## बैठक में तीन दिवसीय कार्यक्रम की सौंपी जिम्मेवारियां



**हुक्मनामा समाचार**

**जोधपुर।** श्रीमाली ब्राह्मण समाज विकास संस्थान हरिद्वार की बैठक रविवार को मुख्यालय चांदपोल स्थित शिवबाड़ी में सम्पन्न हुई। सचिव प्रकाश शर्मा ने बताया कि संस्थान के अध्यक्ष रमेश घोष श्रीमाली की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई जिसमें हरिद्वार स्थित श्रीमाली सदन में श्री महालक्ष्मी माताजी का पाटोत्सव 28 जनवरी को धूमधाम से मनाया जाएगा जिसकी बैठक रख कर जिम्मेवारियां सौंपी। मुकेश दवे कोषाध्यक्ष ने बताया कि आयोजित तीन दिवसीय पाटोत्सव में प्रथम दिन मंदिर में ध्वजा चढ़ाई जाएगी वहीं सुबह शाम प्रसादी होगी। रात्रि 9.30 बजे महिला मंडल द्वारा रातिजोगा का आयोजन किया जाएगा। पाटोत्सव के दूसरे दिन प्रात: 9.30 बजे विद्वान पंडितों के सानिध्य में मुख्य यजमान उदयप्रकाश शर्मा आहोर श्री महालक्ष्मी माताजी का दुग्धाभिषेक कर व हवन में आहुतियां देंगे। वहीं राम परिवार एवं गंगेश्वर महादेव का अभिषेक होगा। शाम 4.30 बजे यज्ञ की पूर्णाहुति एवं आरती होगी। पाटोत्सव के दूसरे दिन प्रात: अल्पाहार मुकेश दवे एयरफोर्स द्वारा होगा। शाम 5.30 बजे महाप्रसादी होगी जिसके लाभार्थी सोहनलाल दवे पावटा बने। शाम 7.30 बजे महाआरती के बाद प्राण वल्लभ महाराज द्वारा भक्ति रस की सरिता बहाई जाएगी। दवे ने बताया कि धर्मशाला मे विकास कार्यों को लेकर भी विशेष चर्चा हुई जिसमें मुख्य रूप से शीघ्र ही भामाशाहो के सहयोग से भवन में लिफ्ट, सोलर प्लांट लगाया जाएगा। बैठक में अध्यक्ष रमेश घोष श्रीमाली, सचिव प्रकाश शर्मा, कोषाध्यक्ष मुकेश दवे एयरफोर्स, उपाध्यक्ष अश्विनी श्रीमाली, प्रबंध कार्यकारिणी सदस्य शशिकांत दवे, दुष्यंत कुमार जोशी, सदस्य मधुसूदन दवे, विक्रान्त दवे इत्यादि उपस्थित हुए।

## सायलाः विराट हिंदू सम्मेलन में गूंजा राष्ट्रवाद और सामाजिक समरसता का स्वर



**सायला ( हुक्मनामा समाचार )।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में ओटवाला रोड स्थित बालाजी मंदिर के पास एक भव्य एवं ऐतिहासिक 'विराट हिंदू सम्मेलन' संपन्न हुआ। विभिन्न मठों के संतों और प्रबुद्धजनों के सान्निध्य में आयोजित इस समागम में हजारों श्रद्धालुओं ने राष्ट्र रक्षा और सामाजिक एकता का संकल्प लिया। सम्मेलन में मुख्य वक्ता आरएसएस प्रांत प्रचारक विजयानंद ने 21वीं सदी को हिंदू सदी बनाने के लिए समाज से स्वदेशी, पर्यावरण संरक्षण, कुटुंब प्रबोधन, सामाजिक समरसता और नागरिक अनुशासन (पंच परिवर्तन) को जीवन में उतारने की अपील की। नारी शक्ति पुरस्कार विजेता रुमा देवी ने कहा कि राष्ट्र निर्माण की नींव मां की गोद में रखी जाती है। उन्होंने महिलाओं को हस्तकला के माध्यम से आत्मनिर्भर बनने और बच्चों को मातृभाषा व संस्कारों से जोड़ने पर जोर दिया।महंत रविशरणानंद गिरी ने छुआछूत और भेदभाव मिटाकर एकजुट होने का आह्वान किया। वहीं, महंत तीर्थगिरी महाराज ने युवाओं को व्यसन त्यागकर महापुरुषों के पदचिह्नों पर चलने और 'चरित्रवान' बनने की सीख दी। प्रखर वक्ता राजगिरि महाराज ने लव जिहाद जैसे विषयों पर सचेत करते हुए बेटियों को आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ रामायण-गीता के संस्कार देने की बात कही।

**सांस्कृतिक त्रिवेणी और सम्मान :** प्रसिद्ध भजन गायक प्रकाश माली ने राम भजनों और 'हल्दीघाटी में समर लड्यो' जैसे राष्ट्रवादी गीतों से जनसमूह में भारी उत्साह भर दिया। सम्मेलन में बाल कलाकारों द्वारा सामाजिक समरसता पर आधारित नाटक की प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर क्षेत्र के प्रमुख संतों और भामाशाहों का शॉल व श्रीफल भेंट कर अभिनंदन किया गया। अंत में हजारों भक्तों ने महाप्रसादी ग्रहण की।

## एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम को लेकर प्रथम ऑडिशन में बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा



**भीनमाल ( हुक्मनामा समाचार )।** शहर में आगामी 31 जनवरी को यूथ फॉर नेशन संस्था के द्वारा आयोजित एक शाम शहीदों के नाम एवं रक्तदान वीरों का सम्मान समारोह कार्यक्रम को लेकर 18 जनवरी रविवार को प्रथम ऑडिशन स्थानीय कचहरी रोड विद्यालय हॉल में हुआ , ऑडिशन के दौरान कुल 267 प्रतिभागियों के साथ कुल 48 कार्यक्रमो को लेकर प्रतिभागी पहुंचे प्रथम ऑडिशन में ऑडिशन प्रभारी सुरेश पारीक, करण बंजारा, संतोष शर्मा, प्रवीण सेन व खुशी सांखला ने प्रतिभागियों का ऑडिशन लिया । संस्था के अध्यक्ष किशोर सांखला ने बताया कि आगामी 25 जनवरी रविवार को फाइनल ऑडिशन रहेगा। अध्यक्ष सांखला ने बताया कि कार्यक्रम को लेकर पूरे शहर के लोगों में भारी उत्साह है और प्रतिभागी इसमें बढ़ चढ़कर भाग ले रहे हैं साथ ही कार्यक्रम को लेकर जगह-जगह पोस्ट होडिंग बैनर लग रहे हैं। जानकारी संस्था के ललित होंडा ने दी।

## काला-गोरा भैरूजी मेले में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

### मनोकामना करने पर संतान सुख की कामना होती है पूरी



**पीपाड़ शहर ( हुक्मनामा समाचार )।** समीपवर्ती साथीन ग्राम में चल रहे तीन दिवसीय काला-गोरा भैरूजी के मेले में दूसरे दिन रविवार को जातरूओं का सैलाब उमड़ा मेले में आसपास के गांवों और शहरों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने पहुंचे।मुख्य गेट से सीढ़ियों तक लंबी-लंबी लाइनें लगी रहीं।

जिसे देख मेले में पुलिस ने माकूल सुरक्षा इंतजाम किए वही क्षेत्र के साथीन गांव का काला-गोरा भैरुजी की धार्मिक आस्था है कि नवदंपति द्वारा मोड़ बंदी जात लगाने से संतान सुख की प्राप्ति जल्दी होती है।वहीं इच्छा और मनोकामना पूरी होने पर दंपतियों द्वारा भी मोड़ बंदी जात लगाई जाती है।पुजारी प्रकाश पूरी ने बताया की भैरू बाबा के बुजुर्ग भी मंदिर में मोड़ बंदी जात लगाकर भैरव बाबा का आशीर्वाद लेने आते है।

श्रद्धालुओं द्वारा बाबा को बाजरे की रोटी, तिल का तेल और गुड़ में बनाया गया चूरमा चढ़ाते हैं।बाबा का यही मुख्य प्रसाद है।वही बाहर से आने वाले जातरूओ की सेवा सत्कार के लिए ग्रामवासी बढ़चढ कर सेवाओं में लगे है। प्रशासक महिपाल भड़ियार के अनुसार मेले को लेकर ग्राम पंचायत द्वारा विशेष साफ सफाई के साथ लाइटिंग की व्यस्था की गई है।मेले में कृषि ओजारो की जमकर खरीदारी के साथ मेले में कृषि औजारों की सर्वाधिक बिक्री होती है ।खेतों में काम आने वाले को ओजार ग्रामीणों महिलाओं व पुरुषों द्वारा जमकर खरीदे गए।जबकि बच्चों ने भी खिलोने की जमकर खरीदारी के साथ आसमान छूते झूलो का भी आनंद लिया जा रहा है। मेले में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पीपाड़ शहर थाने से माकूल पुलिस जाप्ता तैनात किया गया है।

**एकता की मिसाल : रानीवाड़ा में क्षत्रिय कर्मचारी कल्याण समिति का निर्विरोध चुनाव**

## सहमति की राजनीतिः माधु सिंह देवड़ा बने अध्यक्ष, समाज की प्रगति और कर्मचारी हितों को प्राथमिकता देने का संकल्प



**रानीवाड़ा ( जालौर ) ( हुक्मनामा समाचार )।** राजस्थान के जालौर जिले के रानीवाड़ा में रविवार को सामाजिक एकजुटता की एक अनूठी तस्वीर देखने को मिली। राजपूत छात्रावास में आयोजित क्षत्रिय कर्मचारी कल्याण समिति के सत्र 2026-27 के चुनाव में किसी भी पद के लिए खींचतान या प्रतिस्पर्धा के बजाय सर्वसम्मति और भाईचारे को वरीयता दी गई। चुनाव प्रक्रिया में समाज के प्रबुद्ध कर्मचारियों ने 'स्व' से ऊपर 'संगठन' को रखते हुए माधु सिंह रतनपुर (देवड़ा) को निर्विरोध अध्यक्ष चुनकर एकता का संदेश दिया।

**खींचतान के बजाय विश्वास की जीत-** चुनाव अधिकारी महिपाल सिंह चौहान और पर्यवेक्षक गणपत सिंह पूर की निगरानी में संपन्न हुई इस प्रक्रिया ने लोकतांत्रिक मूल्यों के साथ-साथ सामाजिक समरसता को रेखांकित किया। समाज के जानकारों का मानना है कि निर्विरोध चयन संगठन की मजबूती और नेतृत्व के प्रति अटूट विश्वास का प्रतीक है। नवनियुक्त अध्यक्ष माधु सिंह देवड़ा ने अपनी प्राथमिकताएं स्पष्ट करते हुए कहा कि उनका कार्यकाल कर्मचारियों के कल्याण के साथ-साथ युवाओं को शिक्षा और करियर की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए समर्पित रहेगा।

**संतुलित कार्यकारिणी का गठन-** संगठन को प्रभावी बनाने के लिए अनुभवी और युवाओं के समन्वय से नई टीम तैयार की गई है। कार्यकारिणी का विवरण इस प्रकार है: वरिष्ठ उपाध्यक्ष: कालू सिंह रानीवाड़ा, उपाध्यक्ष: उम्मेद सिंह डूंगरी एवं अंजलि राठौर, सचिव: सूरजपाल सिंह सेवाड़ा, कोषाध्यक्ष: नितेंद्र पाल सिंह जाखड़ी और संरक्षक: छैल सिंह रतनपुर को निर्वाचित किया गया। इसके अतिरिक्त स्वरूप सिंह को सहसचिव, परबत सिंह को संगठन मंत्री, मानसिंह व महिपाल सिंह को सह संगठन मंत्री तथा रेवत सिंह व सुखदेव सिंह को मीडिया प्रवक्ता की जिम्मेदारी सौंपी गई है। दीप सिंह और मोहब्बत सिंह को जिला प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है।

## जेटीए एवं लेखा सहायकों के दस्तावेजों का सत्यापन आज से

**बाड़मेर ( हुक्मनामा समाचार )।** जिला मुख्यालय पर जिला परिषद में सोमवार से महात्मा गांधी नरेगा योजनान्तर्गत नवनियुक्त कनिष्ठ तकनीकी सहायकों एवं लेखा सहायकों के दस्तावेज सत्यापित किए जाएंगे। मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवि कुमार ने बताया कि ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग के आयुक्त ईजीएस के निर्देशानुसार महात्मा गांधी नरेगा योजनान्तर्गत कनिष्ठ तकनीकी सहायक एवं लेखा सहायक संविदा सीधी भर्ती 2024 के नियुक्ति शर्तो के अध्ययधीन नियुक्ति आदेश जारी किए जाने है। इसके तहत दस्तावेजों के सत्यापन के लिए परियोजना अधिकारी जीयाराम, अधिशाषी अभियंता हनुमानराम, कनिष्ठ लेखाकार चम्पालाल, कनिष्ठ सहायक अर्जुनसिंह की कमेटी गठित की गई है। उन्होंने बताया कि यह कमेटी 19 से 21 जनवरी तक जिला परिषद बाड़मेर में विभाग की ओर से जारी दिशा निर्देशों की पालना में चयनित संविदा कार्मिकों के दस्तावेजों की जांच करेगी।

## सीआरपीएफ के 44 मेडिकल ऑफिसर्स ने ली शपथ



**माउंट आबू ( हुक्मनामा समाचार )।** शनिवार को आंतरिक सुरक्षा अकादमी में सीआरपीएफ के 57वें मेडिकल ऑफिसर कॉम्बिटाइजेशन कोर्स (एमओसीसी) का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया । इस मौके पर निदेशक/महानिरीक्षक दर्शन लाल गोला ने सभी को संबोधित करते हुए बताया की 3 महीनों के कठिन प्रशिक्षण के बाद 44 मेडिकल ऑफिसर्स अब देश की सेवा के लिए पूरी तरह तैयार हैं । उन्होंने बताया कि आंतरिक सुरक्षा अकादमी द्वारा चिकित्सा अधिकारियों को 10 सप्ताह का सघन प्रशिक्षण दिया गया है। अब चिकित्सा अधिकारी एक सैनिक के रूप में देश की सुरक्षा में तैनात सैनिकों के साथ रहेंगे व उनकी चिकित्सा आवश्यकताओं को पूरा करेंगे । इस दौरान सीआरपीएफ के उपमहानिरीक्षक (प्रशासन) शिव कुमार सिंह व सुधांशु सिंह उपमहानिरीक्षक (प्रशिक्षण) ने भी मौजूद जनसमूह को प्रशिक्षण के बारे में जानकारी दी व शपथ दिलवाई। इस दौरान अवस्थी रमेश को सभी क्षेत्रों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए ऑल राउंड बेस्ट ट्रॉफी , बेस्ट इन इनडोर के लिए वसुंधरा गोस्वामी , बेस्ट इन आउटडोर के लिए जिशान फ़ुकन को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया । बता दें की ट्रेनिंग के दौरान ग्रामीण क्षेत्र में 2 मेडिकल शिविरों का भी आयोजन किया गया था जिनमें 550 के करीब जरूरतमंदों को स्वास्थ्य लाभ पहुंचाया गया।साथ ही पर्वतारोहण, जंगल कैंप, इंसास राइफल सहित हथियार व युद्ध प्रशिक्षण , अर्बन चैलेंज ट्रैक आदि आदि द्वारा अधिकारियों को टफ ट्रेनिंग दी गई है।

## विराट बजरंग दल की कार्यकारिणी गठित

**सायला ( हुक्मनामा समाचार )।** उपखंड क्षेत्र के उम्मेदाबाद मे विराट्टबजरंगट्टदल भारत* की संस्थापक सुशीला देवी , राष्ट्रीय अध्यक्ष निरंजन सिंह राजपूत, संगठन प्रमुख मुकेश शर्मा मानपुरा, गौ रक्षा प्रकोष्ठ अध्यक्ष ईश्वर लाल झाजड़ा, राष्ट्रीय अध्यक्ष युवा मोर्चा संजय जैन, राष्ट्रीय महासचिव नारायण चौधरी, राष्ट्रीय संगठन मंत्री जोगाराम मेन्सन , धर्मरक्षा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष आचार्य सीताराम शरण महाराज के निर्देशानुसार *विराट बजरंग दल भारत* तरफ से गुजरात एवं राजस्थान प्रदेश में संगठन की कार्यकारिणी गठित करते हुए गुजरात से सचिन कुमार वणकर को छोटा उदयपुर के जेतपुर तहसील अध्यक्ष,, अर्जुन भाई वणकर को कवान्ट तहसील महासचिव एवं राजस्थान के जालोर जिले से रमेश कुमार को उम्मेदाबाद ग्राम अध्यक्ष नियुक्त किया!



## अस्थायी रैन बसैरे का औचक किया निरीक्षण किया

**ओसिया ( जोधपुर ) ( हुक्मनामा समाचार )।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशानुसार दिनांक 17 जनवरी 2026 को श्री शैलेंद्र राज गोस्वामी, अध्यक्ष, तालुका विधिक सेवा समिति, ओसियां (वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ओसियां) द्वारा कबूतरों का चौक, ओसियां स्थित अस्थायी रैन बसैरे का औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान रैन बसैरे में ठहरने वाले निराश्रित एवं बेसहारा व्यक्तियों के लिए उपलब्ध कराई गई आवास, स्वच्छता, पेयजल, प्रकाश, बिस्तर, सुरक्षा एवं अन्य आवश्यक मूलभूत सुविधाओं का अवलोकन किया गया। निरीक्षण के समय रैन बसैरे की स्वच्छता व्यवस्था एवं रख-रखाव पर विशेष ध्यान दिये जाने के निर्देश प्रदान किए।

शैलेंद्र राज गोस्वामी ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि रैन बसैरे में किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो तथा ठंड के मौसम को दृष्टिगत रखते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं निरंतर प्रभावी रूप से सुनिश्चित की जाएं, जिससे कोई भी बेसहारा व्यक्ति खुले आसमान के नीचे रहने को विवश न हो। उन्होंने बताया कि भीषण शीत ऋतु के दौरान मानवाधिकारों की रक्षा एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के निर्वहन के उद्देश्य से रैन बसैरों का संचालन किया जा रहा है। साथ ही माननीय रालसा, जयपुर के निर्देशानुसार बेसहारा, असहाय एवं जरूरतमंद व्यक्तियों को रैन बसैरे में प्रवेश दिलाने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत रात्रिकालीन गश्त एवं जागरूकता के माध्यम से लोगों को सुरक्षित आश्रय उपलब्ध कराया जा रहा है।

शैलेन्द्र राज गोस्वामी ने निर्देशित किया कि रैन बसैरे की व्यवस्थाएं नियमित रूप से सुचारू रूप से संचालित हों तथा किसी भी प्रकार की शिकायत का त्वरित समाधान किया जाए।

## पांच दिवसीय स्काउट गाइड शिविर का हुआ भव्य समापन

### बालचरों को दिया देशसेवा का संदेश



**सोजत ( हुक्मनामा समाचार )।** महात्मा गांधी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय चंडावल नगर में शनिवार को पाँच दिवसीय टोली नायक, द्वितीय और तृतीय सोपान आवासीय शिविर का भव्य समापन हुआ।

स्काउटर व्याख्याता हनुवंत सिंह बारहठ ने बताया कि समापन शिविर के साथ स्थानीय संघ स्काउट गाइड का वार्षिक अधिवेशन भी सह आयोजित किया गया जिसमें सोजत ब्लॉक के संस्था प्रधानों और स्काउट यूनिट लीडर ने भागीदारी निभाई।

व्याख्याता बारहठ ने बताया कि वार्षिक अधिवेशन में मुख्य अतिथि के तौर पर पाली जिला सीओ स्काउट गोविंद प्रसाद मीणा और सीओ गाइड डिंपल दवे ने शिरकत की। विशिष्ट अतिथि के बतौर ऐसीबीईओ मोहम्मद रफीक उपस्थित रहे। इस पांच दिवसीय कैंप में बालचरों को को विभिन्न प्रकार की गतिविधियां, कौशल निर्माण, विषम परिस्थितियों में जीवन निर्वाह ,हाइकिंग, ट्रैकिंग सीमित संसाधनों से भोजन बनाना ,टेंट में सोना और अपने समस्त कार्य स्वावलंबी तरीके से करना सिखाया गया। समापन शिविर में समस्त बालचरों और उनकी यूनिट को प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर एसीबीईओ द्वितीय मोहम्मद रफीक ने सेवा तथा समर्पण को स्काउटिंग का मुख्य ध्येय बताते हुए विद्यार्थियों को देश सेवा की राह पर चलने का संदेश दिया।

कार्यक्रम के अंत में शिविर प्रभारी हेमंत कुमार परिहार द्वारा उपस्थित समस्त अतिथियों और भामाशाहों का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का सरल संचालन व्याख्याता गजेंद्र गर्ग द्वारा किया गया। इस अवसर पर स्थानीय संघ सोजत स्काउट टीम प्रशिक्षक दल सोजत एडीसी श्रवण कुमार, गाइड एडीसी श्रीमती श्यामा चारण स्थानीय संघ स्काउट सचिव अवधेश लखावत, यूनिट लीडर व्याख्याता हनुवंत सिंह बारहठ, हेमंत परिहार, यूनिट लीडर और प्रशिक्षक संपतराज, मंगलाराम, शोभा कंवर, यशपाल ,योगेश टॉक, रंजीता अरोड़ा, सूर्य प्रकाश, कानाराम,शंकरलाल आदि का मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र से अभिनंदन किया गया।

## जाटो की ढाणी अंग्रेजी स्कूल प्रवेश द्वार लोकार्पण समारोह आज



**देचू ( हुक्मनामा समाचार )।** क्षेत्र के महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय, जाटों की ढाणी, जवाहरपुरा में स्वर्गीय पदमाराम मायला की 10वीं पुण्यतिथि के अवसर पर सोमवार को नवनिर्मित प्रवेश द्वार का लोकार्पण समारोह आयोजित होगा। विद्यालय प्रबंधन समिति की ओर से आयोजित यह कार्यक्रम 19 जनवरी 2026, सोमवार को प्रातः 11 बजे विद्यालय प्रांगण में संपन्न होगा। कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, अभिभावकों एवं ग्रामीणों की उपस्थित रहेंगे। स्वर्गीय पदमाराम मायला की धर्मपत्नी गजरा देवी एवं विद्यालय प्रबंधन समिति द्वारा समारोह में सहभागिता हेतु सभी को सादर आमंत्रित किया गया है। आयोजकों ने बताया कि यह प्रवेश द्वार विद्यालय के विकास एवं शैक्षिक वातावरण को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

**फलोदी में 25 जनवरी को भव्य सांस्कृतिक शोभायात्रा एवं कार्यक्रम**

## हमारी विरासत हमारी पहचान अभियान के तहत होगा पारंपरिक परिधानों में समाजों की सहभागिता



**फलोदी ( हुक्मनामा समाचार )।** शहर में परंपरा, संस्कृति और सामाजिक एकता को मजबूत करने के लिए 'हमारी विरासत हमारी पहचान : अपोणी धोती, अपोणो वेश' अभियान के तहत 25 जनवरी को एक भव्य आयोजन किया जाएगा। इसकी जानकारी देते हुए सांस्कृतिक संध्या समिति के पदाधिकारियों ने रविवार को मां फलादेवी मंदिर परिसर में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में धनसुख टरु, महेश आचार्य, आशा पुरोहित, दिलीप कुमार व्यास, जयराम गज्जा ने विस्तार से बताया। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को उनकी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ना तथा भारतीय परंपराओं के संरक्षण और संवर्धन का संदेश देना है। 25 जनवरी को शहर के सभी समाज अपने-अपने पारंपरिक परिधान पहनकर कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। इस दौरान एक भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो प्रमुख मार्गों से गुजरेगी। यह शोभायात्रा सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक गौरव और भाईचारे का प्रतीक होगी। शोभायात्रा के बाद ऐतिहासिक फलोदी दुर्ग परिसर में विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसमें लोकनृत्य, लोकगीत एवं पारंपरिक प्रस्तुतियों के माध्यम से राजस्थान की समृद्ध विरासत को जीवंत रूप से प्रस्तुत किया जाएगा। आयोजकों ने कहा कि यह कार्यक्रम नई पीढ़ी को परंपरा, संस्कृति और स्वतंत्रता संग्राम के मूल्यों से परिचित कराने का एक सार्थक प्रयास है। उन्होंने अधिक से अधिक नागरिकों से इसमें सक्रिय सहभागिता की अपील की। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में चंद्रकला बोहरा, प्रीति जोशी, अनामिका हर्ष थानवी, बृजमोहन बोहरा, कैलाश गज्जा, शिवकिशन व्यास, सुंदरलाल बोहरा,भोणा शर्मा, ब्राउन जोशी, ओम थानवी, दल जी कल्ला सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। सभी ने इस आयोजन को ऐतिहासिक एवं सफल बनाने का संकल्प व्यक्त किया।

**फलोदी डिपो विकास कार्यों पर RSRTC की पारदर्शिता सवालों के घेरे में**

## राज्य सूचना आयोग ने जारी किया द्वितीय अपील सुनवाई नोटिस

**फलोदी ( हुक्मनामा समाचार )।** राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम (ऋस्ऋझ्ष्ट) के फलोदी डिपो में हुए विकास कार्यों एवं यात्रियों की सुविधाओं पर खर्च की गई सरकारी राशि को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। इन कार्यों से संबंधित सूचना समय पर उपलब्ध नहीं कराए जाने के कारण अब मामला राज्य सूचना आयोग तक पहुंच गया है। सामाजिक कार्यकर्ता एवं आरटीआई आवेदक हेमंत थानवी द्वारा दायर द्वितीय अपील को स्वीकार करते हुए राज्य सूचना आयोग ने RSRTC अधिकारियों को सुनवाई नोटिस जारी किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार हेमंत थानवी ने सूचना अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा 6(1) के तहत RSRTC फलोदी डिपो से संबंधित विभिन्न जानकारियां मांगी थीं। इनमें मुख्य रूप से डिपो के विकास एवं यात्रियों की सुविधाओं के लिए सरकार द्वारा आवंटित कुल राशि, स्वीकृत टेंडरों की प्रतियां, टेंडर के अनुसार कराए गए कार्यों का विवरण, संबंधित ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत बिलों की सत्यापन प्रक्रिया तथा मापन पुस्तिका (Measurement Book) की प्रमाणित प्रतियां शामिल थीं।

आरोप है कि निर्धारित समयावधि में लोक सूचना अधिकारी द्वारा यह जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई। इसके बाद प्रथम अपील के बावजूद संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर हेमंत थानवी ने राज्य सूचना आयोग में द्वितीय अपील दायर की। आयोग ने मामले की गंभीरता को देखते हुए द्वितीय अपील को स्वीकार कर लिया है।

राज्य सूचना आयोग ने RSRTC के मुख्य प्रबंधक, फलोदी डिपो एवं संबंधित लोक सूचना अधिकारी को निर्देश दिए हैं कि वे नोटिस प्राप्त होने के 21 दिनों के भीतर आयोग के समक्ष अपना लिखित पक्ष एवं समस्त संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत करें। आयोग का मानना है कि सार्वजनिक धन से किए गए विकास कार्यों की जानकारी सार्वजनिक करना विभाग की जिम्मेदारी है।

आरटीआई कार्यकर्ता हेमंत थानवी ने कहा कि सार्वजनिक धन के उपयोग में पारदर्शिता बेहद आवश्यक है। यदि विकास कार्य नियमानुसार और सही तरीके से हुए हैं, तो जानकारी साझा करने में किसी प्रकार की आपत्ति नहीं होनी चाहिए। उन्होंने उम्मीद जताई कि आयोग की सुनवाई के बाद सच्चाई सामने आएगी।

इस प्रकरण की सुनवाई 4 फरवरी 2026 को प्रातः 11 बजे राज्य सूचना आयोग, जोधपुर के कोर्ट नंबर-3 में निर्धारित की गई है। स्थानीय स्तर पर इस मामले को लेकर प्रशासनिक हलकों और आम जनता में चर्चा तेज हो गई है।

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में संवर रही नौनिहालों की किस्मत

# डबल इंजन सरकार के एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूल जनजाति अंचल में लिख रहे सुनहरे भविष्य की नई गाथा

### किसानों और मजदूरों के बच्चे पढ़-लिखकर बन रहे डॉक्टर और इंजीनियर

**उदयपुर/जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य के सुदूर जनजाति अंचलों में एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूल (ईएमआरएस) शिक्षा, समरसता और सामाजिक सुरक्षा के क्षितिज पर सूरज की तरह चमक रहे हैं। राज्य के 31 एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूलों में अनुसूचित जनजाति वर्ग के बच्चे नीट, आईआईटी, जेईई जैसी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं। वहीं, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, कंप्यूटर लैब, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी जैसे नवाचार जनजातीय बालक-बालिकाओं के सपनों में नए रंग भर रहे हैं। ईएमआरएस में पढ़ रहे 11 हजार 619 अनुसूचित जनजाति वर्ग के छात्र-छात्राओं की प्रतिभा की रोशनी से जनजाति क्षेत्रों में हजारों घर-परिवार भी उम्मीदों से रोशन हैं। इनमें 6 हजार 710 बालक और 4 हजार 909 बालिकाएं शामिल हैं। अभावों में अपने बच्चों के भविष्य को लेकर आशंकित माता-पिता की आंखों में नौनिहालों के सुनहरे भविष्य की चमक और चेहरे पर आत्मविश्वास की झलक साफ देखी जा सकती है। राज्य के ईएमआरएस में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और सुरक्षित भविष्य की गारंटी का असर है कि सत्र 2024-25 में 9 हजार 999 बच्चों के मुकाबले शैक्षणिक सत्र 2025-26 में 1 हजार 620 अधिक विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया है। प्रवेश परीक्षा में बैठने वाले बच्चों की संख्या भी साल दर साल बढ़ी है।

**ईएमआरएस से एमबीबीएस तक का सफर** सवाईमाधोपुर जिले में बामनवास तहसील के बरनाला के पास एक गांव की रहने वाली राजकुमारी मीना के किसान पिता का सपना था कि उनकी बेटी बड़ी होकर डॉक्टर बने। राजकुमारी ने बताया कि उनके गांव में बायोलॉजी नहीं थी। सरकारी स्कूल से दसवीं में 93 फीसदी से उत्तीर्ण होने के बाद ईएमआरएस प्रवेश परीक्षा दी और ईएमआरएस बरनाला में उनको प्रवेश मिल गया। आज वे गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज, भावनगर में एमबीबीएस सैकंड ईयर की छात्रा हैं। राजकुमारी ने बताया कि हर कोई प्राइवेट स्कूल में नहीं पढ़ सकता और न ही महंगी कोचिंग कर सकता। एमबीबीएस के बाद वे एमडी मेडिसिन करना चाहती हैं। राजकुमारी का छोटा भाई भी ईएमआरएस में पढ़ रहा है।

इसी तरह ईएमआरएस बिहारीपुरा, जयपुर के छात्र अनिकेश मीना पश्चिम बंगाल के चौबीस परगना जिले में डायमंड हार्बर गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस कर रहे हैं। अनिकेश ने बताया कि वे करौली के नादौती के पास एक गांव के रहने वाले हैं। पिताजी किसान हैं। ईएमआरएस में छठी कक्षा में प्रवेश लेने के बाद से उनकी जिंदगी बदल गई। ईएमआरएस की बदौलत ही उन्हें नीट परीक्षा में सफलता मिली। अनिकेश कार्डियोलॉजिस्ट बनना चाहते हैं।

**पिता गुजरात में हमाली करते हैं, बेटा पढ़ रहा डॉक्टरी** जयपुर के बस्सी के पास के किशनपुरा गांव के रहने वाले मोहनलाल मीना के पिता गुजरात के सिद्धपुर में ईसबगोल की बोरियां उठाते हैं। मोहन ने बताया कि उन्होंने छठी कक्षा में ईएमआरएस में दाखिला लिया। ईएमआरएस में शिक्षकों ने ही उन्होंने बताया कि डॉक्टर कैसे बन सकते हैं। ईएमआरएस में रहकर ही नीट की तैयारी की और आज वे पंजाब के फरीदकोट में गुरु गोबिंद सिंह मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस कर रहे हैं। मोहन एमबीबीएस के बाद जनरल फिजिशियन बनना चाहते हैं।

### शिक्षा के साथ आवास, भोजन और किताबें भी निःशुल्क

राजस्थान स्टेट एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूल सोसायटी द्वारा राज्य में संचालित सीबीएसई से संबद्ध 31 एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल विद्यालयों में से नवीनतम 31वां विद्यालय जमवारामगढ़ (जयपुर) में जून 2025 से प्रारंभ किया गया है। सभी ईएमआरएस विद्यालयों में कक्षा 6 से 12 तक कक्षाएं संचालित होती हैं। कक्षा 11 एवं 12 में विज्ञान और कला संकाय उपलब्ध हैं। विद्यार्थियों को निःशुल्क शिक्षा, पाठ्यपुस्तकें, आवास, भोजन, पौष्टिक आहार, जूते-मौजे सहित दैनिक उपयोग की सामग्री उपलब्ध करवाई जाती है। आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस एंड वर्चुअल रिएलिटी, इलेक्ट्रॉनिक हार्डवेयर, ब्यूटी एंड वेलनेस, एग्रीकल्चर तथा ऑटोमोटिव स्किल लैब्स में इन विद्यालयों में संचालित की जा रही हैं। इन विद्यालयों में शिक्षा के साथ-साथ खेल-कूद और सह-शैक्षिक गतिविधियों पर भी पूरा ध्यान दिया जाता है। शैक्षणिक सत्र 2025-26 में राज्य स्तरीय स्टेट स्पोर्ट्स मीट-2025 उदयपुर में से चयनित 154 विद्यार्थियों ने ओडिशा के राउरकेला में आयोजित नेशनल स्पोर्ट्स मीट-2025 में राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए 9 इवेंट्स में पदक अर्जित किए। वहीं, राज्य स्तरीय सांस्कृतिक एवं साहित्यिक फेस्ट-2025 उदयपुर में से चयनित 59 विद्यार्थियों ने उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में आयोजित राष्ट्रीय स्तर के सांस्कृतिक एवं साहित्यिक फेस्ट-2025 में भाग लिया।

### जेईई और नीट की तैयारी के लिए विशेष व्यवस्था

**एकलव्य विद्यालयों में बच्चों के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ करियर मार्गदर्शन देकर भविष्य के लिए सही दिशा भी दिखाई जाती है। इन विद्यालयों में कक्षा 9 से 11 तक अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए इनेबल कार्यक्रम के अंतर्गत टाटा मोटर्स के सहयोग से आईआईटी-जेईई और नीट की तैयारी के लिए प्रतिदिन ऑनलाइन कक्षाओं का संचालन किया जा रहा है। दक्षणा कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित नेशनल लेवल परीक्षा में चयनित 12 विद्यार्थियों को भोपाल (मध्यप्रदेश) में आईआईटी, जेईई और नीट की विशेष कोचिंग दी जा रही है। ईएमआरएस बिहारीपुरा, जयपुर के छात्र मोहनलाल मीना, अनिकेश मीना और ईएमआरएस बरनाला, सवाईमाधोपुर की छात्रा राजकुमारी मीना ने नेशनल एलीजिबिलिटी कम एंट्रेस टेस्ट (नीट) परीक्षा में चयनित होकर राजकीय आयुर्विज्ञान महाविद्यालयों से एमबीबीएस कर रहे हैं।**

## जयकारो के लिए नहीं विपक्ष, जनता के मुद्दों को उठाना प्राथमिकता- नेता प्रतिपक्ष जूली



**अलवर (हुक्मनामा समाचार)।** नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने रविवार को अलवर में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा की जय कारों के लिए नहीं बल्कि जनता के मुद्दों को उठाना विपक्ष की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार बजट पास कराकर फिर छूमंतर हो जाएगी लेकिन मजबूत विपक्ष के रूप में हम ऐसा नहीं होने देंगे, हम जनहित के मुद्दों पर सड़क से सदन तक की लड़ाई लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के इशारे पर चल रही राजस्थान सरकार जनता के हितों पर कुठाराघात कर रही है। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने भारतीय जनता पार्टी की सरकार पर सीधे आरोप लगाते हुए कहा कि स्ढ्ढक्र के नाम पर लोकतंत्र की हत्या की जा रही है। दिल्ली में बैठे ट्रेनर राजस्थान में मजदूर, गरीब लोगों के वोट काटने के नाम पर करंट लगाकर उनकी हत्या करने पर आमदा है। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने सीधे तौर पर कहा कि जहां कांग्रेस पार्टी का दबदबा है वहां एसआईआर के नाम पर भाजपा की नियति और नियत दोनों ही गलत साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस समर्थित वोटो को काटने के लिए भारतीय जनता पार्टी ओछे हथकंडे अपना रही है।

**अधिकारियों पर दबाव, मरने को मजबूर हैं कर्मचारी** जूली ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के नेता अधिकारियों पर दबाव बना रहे हैं जिसकी वजह से मजबूर होकर अधिकारी और कर्मचारी मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के वोट कटवाने के लिए भारतीय जनता पार्टी के नेता अधिकारियों को मरवाने से भी नहीं चूक रहे हैं।

## अमरूद बनेगा सवाई माधोपुर की नई वैश्विक पहचान : डॉ. किरोड़ी लाल मीणा

# देश में पहली बार सवाई माधोपुर में अमरूद महोत्सव का भव्य शुभारंभ

### लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के मुख्य आतिथ्य में किसानों, वैज्ञानिकों व उद्योग जगत का ऐतिहासिक संगम

▌ कृषि मंत्री ने सवाई माधोपुर में 150 करोड़ रुपये से अधिक लागत की अमरूद प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित करने की घोषणा की



**सवाई माधोपुर (हुक्मनामा समाचार)।** सवाई माधोपुर के 263वें स्थापना दिवस के अवसर पर जिले ने इतिहास रचते हुए देश का पहला अमरूद महोत्सव आयोजित कर स्वयं को राष्ट्रीय कृषि मानचित्र पर एक नई पहचान दिलाई।

पंच गौरव अभियान के अंतर्गत जिला प्रशासन एवं कृषि-उद्यानिकी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित अमरूद महोत्सव एवं उन्नत कृषि तकनीकी मेला-2026 का भव्य शुभारंभ ओम बिरला, माननीय लोकसभा अध्यक्ष के मुख्य आतिथ्य में दशहरा मैदान में संपन्न हुआ। यह आयोजन केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि किसानों की मेहनत, नवाचार, आत्मनिर्भरता और भविष्य की कृषि अर्थव्यवस्था को दिशा देने वाला ऐतिहासिक क्षण बन गया।

**फीता काटकर प्रदर्शनी का शुभारंभ, अमरूद की विविधता ने अतिथियों को किया आकर्षित** कार्यक्रम की शुरुआत में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कृषि एवं उद्यानिकी मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा के साथ फीता काटकर अमरूद प्रदर्शनी का औपचारिक उद्घाटन किया। इसके पश्चात मुख्य अतिथि, जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने प्रदर्शनी का सघन अवलोकन किया। अवलोकन के दौरान अतिथियों ने गंभीरा गांव के राष्ट्रीय स्तरीय सम्मान से सम्मानित किसान सहित अन्य किसानों के स्टॉल पर पहुँचकर अमरूद की विभिन्न उन्नत किस्मों— ललित, इलाहाबाद सफेद, श्वेता, सिस ललित सहित अन्य किस्मों की जानकारी ली। किसानों द्वारा अपनाई गई वैज्ञानिक तकनीकों, पैदावार और विपणन मॉडल को भी विस्तार से समझा गया।

**श्यामपुर के किसान की सफलता बनी प्रेरणा** प्रदर्शनी के दौरान श्यामपुर के किसान ने बताया कि वे प्रति बीघा 6 से 7 लाख रुपये से अधिक का वार्षिक उत्पादन कर रहे हैं। उन्होंने अमरूद की एक विशेष किस्म सीएन आरसी आधारित उन्नत पौध से उत्पादन कर जिले के अन्य किसानों के लिए एक प्रेरक उदाहरण प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि ने किसान की मेहनत, नवाचार और जोखिम उठाने की क्षमता की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे उदाहरण ही भारतीय कृषि का भविष्य तय करेंगे।



**ब्लैक अमरूद और औषधीय गुणों ने खींचा विशेष ध्यान** नर्सरी सेक्शन में प्रदर्शित 25 से 30 प्रजातियों के अमरूद पौधों का अवलोकन करते हुए माननीय अतिथियों ने ब्लैक अमरूद की एंटीऑक्सीडेंट क्षमता, औषधीय गुणों और बढ़ती अंतरराष्ट्रीय मांग की विशेष रूप से प्रशंसा की। विशेषज्ञों ने बताया कि ब्लैक अमरूद मधुमेह, हृदय रोग और इम्युनिटी बूस्टिंग के लिए अत्यंत लाभकारी है, जिससे इसका वैश्विक बाजार तेजी से बढ़ रहा है।

**स्थानीय उत्पादों ने बटोरी वाहवाही** प्रदर्शनी में स्थानीय उत्पादों की अलग ही चमक देखने को मिली। राम प्रसाद जी द्वारा तैयार अमरूद का हलवा, चटनी, बर्फी और अचार ने अतिथियों और आगंतुकों को खासा प्रभावित किया। इसके साथ ही सवाई माधोपुर के प्रसिद्ध पाँच प्रकार के अमरूद से बने जूस, बर्फी, जेली, कैंडी को विशेष रूप से प्रदर्शित किया गया, जिसने स्थानीय प्रसंस्करण क्षमता को राष्ट्रीय मंच पर प्रस्तुत किया।

## एक की मौत के बाद अलवर-जयपुर हाईवे पर बैठे लोग

# पुलिस की गाड़ी ने पीछे से मारी टक्कर, जुगाड़ पलटा



**अलवर (हुक्मनामा समाचार)।** अलवर के अकबरपुर थाना क्षेत्र के नटनी का बारा के पास रविवार दोपहर 12 बजे एक जुगाड़ गाड़ी पलटने से हादसा हो गया। 65 साल के बुजुर्ग लक्ष्मण की मौके पर ही मौत हो गई,करीब 15 लोग घायल हो गए। जिसके बाद लोग धरने पर बैठ गए। लोगो की मांग की थी की मृतक के परिजनों के एक सदस्य को सरकारी नौकरी व 1 करोड़ रूपये मुआवजा दिया जाए। जिसके बाद एसडीएम ज्योति कांवरिया व सीओ ग्रामीण शिवानी शर्मा मौके पर पहुंची और धरने बैठे लोगो से वार्ता कर धरना समाप्त करवाया और जाम खुलवाया। एसडीएम ने आश्वासन दिया की मृतक के परिजनों को उच्च अधिकारियों से बात करके योजनाओं का पूरा लाभ दिलवाएंगे।जिसके बाद शव को पुलिस की गाड़ी से जिला अस्पताल भिजवाया।

मौके पर मौजूद महेंद्र योगी ने बताया की जुगाड़ गाड़ी में सवार करीब 15 से 20 लोग लोग नटनी का बारा व आसपास के इलाकों से भर्तृहरि धाम में आयोजित डीएनटी समाज के महासंगम में शामिल होने जा रहे थे।

## गौ तस्करी के शक में चार युवक पकड़े

**नागौर।** नागौर के रियां बड़ी में शनिवार रात को गौ तस्करी के शक में ग्रामीणों ने चार युवकों को पकड़ लिया। मारपीट करते हुए सिर के बाल और आधी मूंछें काट दी। सूचना पर पहुंची थांवला पुलिस ने भीड़ से बचाकर युवकों को हिरासत में लिया। घटना लाडपुरा गांव की है। जानकारी के अनुसार, लाडपुरा गांव के पास छापर क्षेत्र में ग्रामीणों ने चार संदिग्ध युवकों को आवारा गायों को एक जगह इकट्ठा करते हुए देखा। इस पर ग्रामीणों को शक हुआ और उन्होंने युवकों को घेरकर पूछताछ शुरू की।

## महाराष्ट्र के पूर्व कैबिनेट मंत्री राज पुरोहित का निधन

**सिरोही।** महाराष्ट्र सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री और प्रवासी नेता राज के पुरोहित (71) का शनिवार रात मुंबई के एक अस्पताल में निधन हो गया। वे पिछले कुछ दिनों से बीमार थे। पुरोहित भाजपा मुंबई के अध्यक्ष और महाराष्ट्र विधानसभा के पांच बार विधायक रहे। वे सिरोही जिले के फूंगनी गांव के मूल निवासी थे। पुरोहित मुख्य रूप से मुंबादेवी से चार बार और कोलाबा से एक बार विधायक रहे। वे महाराष्ट्र सरकार में गृहनिर्माण मंत्री और अन्य महत्वपूर्ण विभागों में मंत्री रह चुके थे।

## उड़ता तीर

..... प्रदीप लोढ़ा

### खतरा टला।

कोई माने या ना माने लेकिन भजनलाल सरकार पर संकट था जो उन्होंने कुशलतापूर्वक मैनेज कर लिया राष्ट्रीय अध्यक्ष का मामला निपट गया है और पिछले दिनों पार्टी के चाणक्य अमित शाह भी आकर मुख्यमंत्री के कामकाज से संतुष्ट हो गए हैं उन्होंने मुख्यमंत्री से 1 घंटे तक बंद कमरे में गुफ्तगू की उन्हें राज चलाने के मंत्र भी दिए। मुख्यमंत्री निवास में बैठकर उन्होंने अन्य नेताओं से भी चर्चा की 2 साल में यह पहली बार हुआ था इसका मतलब सब इलू इलू।

### फेर बदल अब तय।

राज्य मंत्रिमंडल में अब फेर बदल लगभग तय हैं क्योंकि नए राष्ट्रीय अध्यक्ष 20 जनवरी को आ जाएंगे और उसके एक-दो दिन बाद राजस्थान का लंबित फैसला हो जाएगा। पार्टी ने सारा होमवर्क करके रख रखा है मुख्यमंत्री ने भी अपनी रिपोर्ट दे रखी है कब और कैसे होगा, इसी पर मामला अटका हुआ था। अब माना जा रहा है कि सब कुछ जल्दी बाजी में हो जाएगा शायद बजट सत्र से पहले जो की 28 जनवरी से चालू होगा।

### 6 करोड रुपए स्वाहा।

राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू पिछले दिनों राजस्थान में जयपुर आई थी उनकी कुछ घंटे की यात्रा जयपुर में एक हो रहे 1008 कुंडीय महायज्ञ में आहुति को लेकर थी, राष्ट्रपति जी के आने और जाने में किसको क्या मिला यह तो पता नहीं जनता के 6 करोड रुपए यज्ञ में स्वाह हो गए। अब चर्चा है कि राष्ट्रपति जब आई है तो उनसे चार कार्यक्रम और करवा लिए जाते अथवा निजी कार्यक्रम का खर्चा निजी खाते से जाता।

### घबराहट क्यों।

भाजपा के नेता और कांग्रेस के कई बार मंत्री रहे महेंद्रजीत सिंह मालवीय पिछले दिनों भाजपा को बाय-बाय करके कांग्रेस में चले गए जयपुर में उन्होंने मन की बात बताई तो बांसवाड़ा में उनके ठिकाने पर एसीबी की टीम पहुंच गई। मालवीय घबराएं नहीं तो कांग्रेस ने उनकी एंट्री का रास्ता खोल दिया। कम से कम एक दर्जन और नेता मालवीय के नक्शे कदम पर है। उनके वापस जाने से भाजपा में घबराहट क्यों हो रही है यह तो भगवान को पता, अब आगे क्या होगा यह पंचायत चुनाव में पता लगेगा।

### नया मॉडल।

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कई अच्छे प्रयोग विधानसभा में किए हैं पर उनके द्वारा अब किया जा रहा प्रयोग विरोध का कारण बन रहा है कारण साफ है कि अब विधायक सवाल नए तरीके से पूछेंगे, कई मामलों में नहीं पूछेंगे, उनको सारे सवालों के जवाब नहीं मिलेंगे। विधायकों के पास एक ही तो हथियार होता है सवाल पूछने वाला। वह भी अब काम का नहीं रहेगा तो विधायक बनने का किसी को क्या फायदा। 5 साल पुराने मेंटर की चर्चा नहीं होगी, इसलिए अब क्या होगा, कैसे होगा लोकतंत्र की संस्था का क्या होगा। कांग्रेसी कह रहे हैं कि यह तो संघ का विधानसभा मॉडल है।

### एस आई आर रिवर्स।

चुनाव आयोग द्वारा चलाए जा रहे एस आई आर को लेकर अब जहां बीएलओ सही तरीके से काम करने लगे हैं वहीं विपक्षी कार्यकर्ता और नेता भी इस पर ध्यान दे रहे हैं जिनके नाम काटने की कोशिश हो रही है वह तो जाग ही चुके हैं ऐसे में सत्ता रूढ़ पार्टी के कार्यकर्ताओं को नाम कटवाने और जुड़वाने में समस्या आ रही है इसलिए सारी व्यवस्था संतुलित हो गई है

### भीड़ ने बढ़ाई चिंता।

पिछले दिनों बाड़मेर में लगभग डेढ़ लाख लोग इस बात को लेकर जुड़ गए कि जिले की सीमाओं को गुपचुप में तोड़ा गया था। सारे नेता एक जाजम पर जमा थे, कांग्रेस के इतने बड़े आयोजन के बाद भाजपा के सामने परेशानी यह है कि 28 जनवरी को प्रधानमंत्री को रिफाइनरी के उद्घाटन पर बुलाती है तो इससे ज्यादा भीड़ जुटानी होगी।

प्रधानमंत्री आ गए और इतनी भीड़ नहीं आई तो पार्टी क्या करती, यह किसी को बताने की जरूरत नहीं है। इसमें एक पेच फस गया है रिफाइनरी चालू होनी है क्योंकि कच्चा माल आ गया है ऐसे में प्रधानमंत्री के दौरे पर संकट के बादल तो आ गए हैं पर रिफाइनरी को लेकर कुछ नहीं कहा जा सकता।

# राम जलसेतु लिंक परियोजना को मिली गति

▌ 2 हजार 230 करोड़ रुपये की लागत से चम्बल नदी पर 2.3 किमी लम्बाई में बन रहा एक्वाडक्ट

### जल आत्मनिर्भरता की ओर मजबूती से अग्रसर राजस्थान

### मई, 2025 में कार्य शुरू, जून 2028 में बनकर होगा पूरा



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के दूरदर्शी नेतृत्व और सतत् प्रयासों से प्रदेश की महत्वाकां राम जलसेतु लिंक परियोजना (संशोधित पार्वती-कालीसिंध-चम्बल लिंक परियोजना) मिशन मोड पर आगे बढ़ रही है। जल सुरक्षा की दिशा में मील का पत्थर साबित होने वाली परियोजना के तहत चम्बल नदी पर 2.3 किलोमीटर लम्बाई में एक्वाडक्ट का निर्माण किया जा रहा है। यह जून, 2028 तक बनकर तैयार हो जाएगा। मुख्यमंत्री शर्मा के मार्गदर्शन में परियोजना से संबंधित कार्य तीव्र गति से किए जा रहे हैं। इसके प्रथम चरण के पैकेज-2 के अंतर्गत 2 हजार 330 करोड़ रुपये की लागत से एक्वाडक्ट बनाया जा रहा है। यह चम्बल एक्वाडक्ट एक छोर में कोटा जिले की दीगोद तहसील के पीपलदा समेल गांव और दूसरे छोर में बूंदी जिले की इंद्रगढ़ तहसील के गोहाटा गांव से जुड़ेगा। इसके माध्यम से कालीसिंध पर निर्मित नवनेरा बैराज से पानी पम्प हाउस से लिफ्ट कर मेज नदी में छोड़ा जाएगा। इसके बाद मैज बैराज से पम्प हाउस व फीडर के जरिए गलवा बांध तक और वहां से बीसलपुर और ईसरदा बांध में पहुंचाया जाएगा। इस एक्वाडक्ट के बनने से आमजन को आवागमन के लिए अतिरिक्त मार्ग भी उपलब्ध होगा। 2280 मीटर लम्बे एक्वाडक्ट की आंतरिक चौड़ाई 41.25 मीटर और ऊंचाई 7.7 मीटर प्रस्तावित है। मई, 2025 में कार्य शुभारंभ के बाद से ही तेजी से कार्य किया जा रहा है।निर्माण स्थल पर कैंप एवं बैचिंग प्लांट का लगभग 90 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया गया है। एक्वाडक्ट हेतु प्रस्तावित 15 टेस्ट पाइल में से 8 टेस्ट पाइल का कार्य पूर्ण हो चुका है। कुल 5060 वर्किंग पाइल प्रस्तावित हैं, जिनमें से लगभग 860 पाइल का निर्माण पूर्ण किया जा चुका है। प्रतिदिन 15-20 पाइल का कार्य 12 रिग मशीनों की सहायता से किया जा रहा है। औसतन 500 क्यूबिक मीटर कंक्रीट कार्य प्रतिदिन किया जा रहा है। साइट पर लगातार शिफ्टों में कार्य जारी है।मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में ईआरसीपी को वृहद स्वरूप देते हुए राम जलसेतु लिंक परियोजना (संशोधित पार्वती-कालीसिंध-चम्बल लिंक परियोजना) (लगभग 90 हजार करोड़ रूपए) तैयार की गई है। परियोजना के प्रथम चरण में राज्य के 17 जिलों की लगभग 3 करोड़ 25 लाख आबादी को पेयजल सुविधा उपलब्ध होगी।